AKSHANSH
PUBLICATION

राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा आयोजित

# EO RO
# भर्ती परीक्षा

नवीनतम परीक्षा पैटर्न पर आधारित
अभिकथन-कारण, युग्म, सुमेलित, सत्य- असत्य प्रश्नों के पैटर्न पर

## MCQ PYQ
## QUESTION BANK

### भाग अ | सामान्य ज्ञान
- राजस्थान का इतिहास, कला, संस्कृति, साहित्य, परम्परा एवं विरासत
- राजस्थान का भूगोल
- भारतीय संविधान, राजनीतिक व्यवस्था एवं शासन प्रणाली
- राजस्थान की राजनीतिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था
- लोक नीति एवं विधिक अधिकार

### भाग ब
- राजस्थान नगरपालिका अधिनियम-2009
- नगरीय निकायों से संबंधित विविध नियम एवं योजनाएं

**विशेषताएँ:**
- परीक्षा की दृष्टि से अतिमहत्वपूर्ण प्रश्नों का व्याख्या सहित हल
- नवीनतम पाठ्यक्रम पर आधारित प्रश्नों का समावेशन
- विगत वर्ष के प्रश्न-पत्रों के विश्लेषण पर आधारित प्रश्न



रतन सर | नागवेन्द्र सर | SK सर

अक्षांश पब्लिकेशन
Book Now 7850960198
Plot No 1104, Shiksha Mandir, Sec 4, Circle, Main Road, Udaipur

AKSHANSH PUBLICATION

राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा आयोजित

# EO RO भर्ती परीक्षा

नवीनतम परीक्षा पैटर्न पर आधारित
अभिकथन-कारण, युग्म, सुमेलित, सत्य- असत्य प्रश्नों के पैटर्न पर

## MCQ PYQ

QUESTION BANK

"अक्षांश प्रकाशन की समस्त पुस्तकें लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर के अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अक्षांश प्रकाशन की समर्पित टीम के सहयोग से तैयार की गई हैं।"

व्याख्यात्मक हल
**लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर**
के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध

संपादक
**रतन सर, नागवेन्द्र सर, SK सर**

सह संपादक
**गंगासिंह भाटी, अनोपचंद मंडा**
**प्रकाश मेघवाल, पप्पाराम, राकेश, सुमेर, नरेन्द्र सिंह, धर्मेश**

प्रकाशन
**अक्षांश प्रकाशन, उदयपुर (राज.)**

**नोट :-** अब लक्ष्य क्लासेज़ की सभी आगामी पुस्तकें केवल 'अक्षांश प्रकाशन' के माध्यम से ही प्रकाशित की जाएंगी। ये सभी पुस्तकें बाजार में 'अक्षांश' नाम से ही उपलब्ध होंगी। विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि आगामी समय में 'लक्ष्य' नाम से कोई भी पुस्तक प्रकाशित नहीं की जाएगी। इसलिए कृपया पुस्तक खरीदते समय केवल 'अक्षांश प्रकाशन' के नाम से प्रकाशित और अधिकृत पुस्तकें ही बुक स्टोर्स से प्राप्त करें, ताकि आपको प्रमाणिक, अद्यतन एवं परीक्षा-उपयुक्त सामग्री प्राप्त हो।भविष्य में 'लक्ष्य' नाम से प्रकाशित किसी भी पुस्तक की सामग्री या गुणवत्ता की जिम्मेदारी 'अक्षांश प्रकाशन' या 'लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर' की नहीं होगी।

प्रकाशन
# अक्षांश प्रकाशन
Plot No 1104, Shiksha Mandir, Sec 4, Circle,
Main Road, Udaipur

**लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर से जुड़ने के लिए QR CODE स्कैन करे**

TELEGRAM INSTAGRAM YOUTUBE FACEBOOK WHATSAPP

बुक कोड - AP0145

©सर्वाधिकार - अक्षांश प्रकाशन
lakshyaclassesudr@gmail.com

मुख्य वितरक - लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर
**M. 7850960198**

इस पुस्तक में दी गई सभी जानकारियाँ, तथ्य और सूचनाएँ सावधानीपूर्वक सत्यापित की गई हैं। फिर भी यदि किसी जानकारी या तथ्य में कोई त्रुटि रह गई हो, तो उसके लिए प्रकाशक, संपादक या मुद्रक जिम्मेदार नहीं होंगे।

हमारा विश्वास है कि इस पुस्तक की सामग्री लेखकों द्वारा मौलिक रूप से तैयार की गई है। यदि किसी प्रकार का कॉपीराइट उल्लंघन सामने आता है, तो उसकी जिम्मेदारी प्रकाशक की नहीं होगी।

सभी विवादों के निपटारे के लिए न्यायिक क्षेत्र उदयपुर रहेगा।

अक्षांश प्रकाशन ने इस पुस्तक के तथ्यों तथा विवरणों को उचित स्त्रोतों से प्राप्त किया है। इस पुस्तक में प्रकाशित सभी प्रकार की सामग्री पूर्णतः तथ्यात्मक विश्लेषण पर आधारित है। इस पुस्तक के किसी भी भाग और सामग्री को अक्षांश प्रकाशन की अनुमति और जानकारी के बिना अन्यत्र प्रकाशित या प्रिन्ट करना अनुचित है, यदि ऐसा पाया जाता है तो व्यक्ति या संस्थान स्वयं जिम्मेदार है।

# विषय वस्तु

## भाग – अ

## 01 राजस्थान का इतिहास


| क्र. | अध्याय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | राजस्थान के इतिहास के स्त्रोत | 1 – 3 |
| 2. | प्राचीन सभ्यताएँ एवं प्रागैतिहासिक स्थल | 3 – 6 |
| 3. | प्रमुख राजवंश – राजनीतिक एवं सांस्कृतिक उपलब्धियाँ<br>• गुर्जर प्रतिहार • शाकम्भरी एवं अजमेर के चौहान<br>• गुहिल राजवंश • कच्छवाह राजवंश<br>• जोधपुर एवं बीकानेर के राठौड़ • अन्य राजवंश | 7 – 48 |
| 4. | प्रशासनिक एवं राजस्व व्यवस्था | 49 – 52 |
| 5. | 1857 की क्रांति | 53 – 58 |
| 6. | राजनीतिक जनजागरण | 59 – 63 |
| 7. | जनजाति आंदोलन | 64 – 68 |
| 8. | किसान आंदोलन | 69 – 73 |
| 9. | प्रजामंडल आंदोलन | 74 – 78 |
| 10. | राजस्थान का एकीकरण | 79 – 83 |
| 11. | राजस्थान के प्रमुख व्यक्तित्व | 84 – 90 |


## 02 राजस्थान की कला एवं संस्कृति


| क्र. | अध्याय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | राजस्थान की वास्तु परम्परा<br>• दुर्ग<br>• मंदिर<br>• महल एवं स्मारक | 1 – 17 |
| 2. | चित्रकला की विभिन्न शैलियाँ | 18 – 22 |
| 3. | लोककला एवं हस्त शिल्प | 23 – 28 |
| 4. | शास्त्रीय संगीत एवं लोक संगीत | 29 – 31 |
| 5. | वाद्य यंत्र | 32 – 34 |
| 6. | लोक नृत्य एवं नाट्य | 35 – 42 |
| 7. | बोलियाँ, भाषा एवं साहित्य<br>• राजस्थानी भाषा एवं बोलियाँ<br>• राजस्थान का साहित्य | 43 – 51 |
| 8. | संत एवं सम्प्रदाय | 52 – 57 |
| 9. | लोक देवता एवं देवियाँ | 58 – 67 |
| 10. | मेले एवं त्योहार | 68 – 75 |
| 11. | रीति-रिवाज एवं परम्पराएँ | 76 – 79 |
| 12. | वेशभूषा एवं आभूषण | 80 – 82 |
| 13. | पर्यटन स्थल | 83 – 86 |

## 03 राजस्थान का भूगोल


| क्र. | अध्याय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | स्थिति, विस्तार एवं भौतिक विशेषताएँ | 1 – 10 |
| 2. | जलवायु की विशेषताएँ | 11 – 14 |
| 3. | प्रमुख नदियाँ एवं झीलें | 15 – 19 |
| 4. | प्राकृतिक वनस्पति | 20 – 24 |
| 5. | वन्यजीव जंतु एवं जैव विविधता संरक्षण | 25 – 28 |
| 6. | मृदा | 29 – 31 |
| 7. | प्रमुख फसलें | 32 – 35 |
| 8. | सिंचाई परियोजनाएँ | 36 – 38 |
| 9. | प्रमुख उद्योग | 39 – 42 |
| 10. | खनिज संपदा | 43 – 46 |
| 11. | ऊर्जा संसाधन | 47 – 50 |
| 12. | जनसंख्या | 51 – 54 |
| 13. | जनजातियाँ | 55 – 59 |
| 14. | पर्यटन स्थल एवं परिपथ | 60 – 63 |


## 04 भारतीय राजव्यवस्था


| क्र. | अध्याय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | संविधान सभा एवं विशेषताएँ | 1 – 3 |
| 2. | प्रस्तावना | 4 – 6 |
| 3. | मूल अधिकार | 7 – 9 |
| 4. | राज्य के नीति निदेशक तत्त्व | 10 – 12 |
| 5. | मूल कर्तव्य | 13 – 15 |
| 6. | संवैधानिक संशोधन | 16 – 20 |
| 7. | भारत में लोकतांत्रिक राजनीति | 21 – 23 |
| 8. | राष्ट्रीय एकीकरण | 24 – 27 |
| 9. | गठबंधन सरकार | 28 – 30 |

| | | |
|---|---|---|
| 10. | राष्ट्रपति | 31 – 34 |
| 11. | प्रधानमंत्री एवं मंत्रिपरिषद् | 35 – 37 |
| 12. | संसद | 38 – 41 |
| 13. | उच्चतम न्यायालय एवं न्यायिक पुनरवलोकन | 42 – 44 |
| 14. | भारत निर्वाचन आयोग | 45 – 48 |
| 15. | नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक | 49 – 52 |
| 16. | नीति आयोग | 53 – 55 |
| 17. | केंद्रीय सतर्कता आयोग | 56 – 58 |
| 18. | केंद्रीय सूचना आयोग | 59 – 61 |
| 19. | लोकपाल | 62 – 64 |
| 20. | राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग | 65 – 67 |


## 05 राजस्थान की राजव्यवस्था


| क्र. | अध्याय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | राज्यपाल | 1 – 5 |
| 2. | मुख्यमंत्री एवं मंत्रिपरिषद् | 6 – 9 |
| 3. | राज्य विधानसभा | 10 – 13 |
| 4. | उच्च न्यायालय | 14 – 18 |
| 5. | पंचायती राज | 19 – 22 |
| 6. | नगरीय स्वशासन | 23 – 26 |
| 7. | जिला प्रशासन | 27 – 30 |
| 8. | राजस्थान लोक सेवा आयोग | 31 – 34 |
| 9. | राज्य निर्वाचन आयोग | 35 – 38 |
| 10. | लोकायुक्त | 39 – 42 |
| 11. | राज्य मानवाधिकार आयोग | 43 – 45 |
| 12. | राज्य सूचना आयोग | 46 – 48 |
| 13. | लोक नीति, विधिक अधिकार एवं नागरिक अधिकार-पत्र | 49 – 51 |
| 14. | राजस्थान लोक सेवा गारंटी अधिनियम, 2011 | 52 – 53 |

## 06 राजस्थान नगरपालिका अधिनियम

### भाग – ब


| क्र. | अध्याय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | राजस्थान नगरपालिका अधिनियम - 2009 | 1 – 4 |
| 2. | प्रारम्भिक - धारा 1 एवं 2 | 5 – 11 |
| 3. | नगरपालिकाओं का गठन और शासन - धारा 3 से 50 | 12 – 17 |
| 4. | कार्य संचालन और वार्ड समिति - धारा 51 से 66 | 18 – 23 |
| 5. | नगरपालिका संपत्ति - धारा 67 से 75 | 24 – 29 |
| 6. | नगरपालिका वित्त और निधि - धारा 76 से 89 | 30 – 35 |
| 7. | नगरपालिका राजस्व - धारा 101 से 140 | 36 – 41 |
| 8. | नगर विकास और नगर योजना - धारा 159 से 199 | 42 – 47 |
| 9. | नगरपालिका शक्तियाँ और अपराध - धारा 200 से 297 | 48 – 53 |
| 10 | अभियोजन, वाद आदि - धारा 298 से 308 | 54 – 58 |
| 11. | नियंत्रण - धारा 309 से 327 | 59 – 63 |
| 12. | राजस्थान नगरपालिका सामान क्रय एवं अनुबंध नियम, 1974 | 64 – 69 |
| 13. | राजस्थान नगरपालिका (कार्य संचालन) नियम, 2009 | 70 – 74 |
| 14. | राजस्थान नगरपालिका<br>(समितियो की शक्तियाँ और कर्तव्य और कृत्य) नियम 2009 | 75 – 79 |
| 15. | राजस्थान के शहरी क्षेत्रों में संचालित विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाएं | 80 – 86 |


## 07 विगत वर्षों के प्रश्न-पत्र


| क्र. | अध्याय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | EO/RO 2025 | 1 – 9 |
| 2. | EO/RO (SHIFT -I) 2023 | 10 – 15 |
| 3. | EO/RO (SHIFT -II) 2023 | 16 – 21 |


❑❑❑❑

# राजस्थान का इतिहास

# 01 राजस्थान के इतिहास के स्त्रोत

1. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. बड़ली अभिलेख राजस्थान का प्राचीनतम अभिलेख माना जाता है।**
**2. यह प्राकृत भाषा एवं ब्राह्मी लिपि में लिखा गया था।**
**3. यह अभिलेख वीर निर्वाण संवत 84 का उल्लेख करता है।**
**4. इससे माध्यमिका के जैन केन्द्र होने की जानकारी मिलती है।**
**5. इसे डी.आर. भंडारकर ने खोजा था।**
**6. यह अभिलेख अजमेर जिले से प्राप्त हुआ था।**
**निम्न में से कौन-से कथन सही हैं?**
(a) 1, 2, 3, 4, 6 (b) 1, 2, 4, 5, 6
(c) 1, 3, 4, 5, 6 (d) 2, 3, 4, 5, 6

2. **घोसुण्डी अभिलेख के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. यह दूसरी शताब्दी ई.पू. का अभिलेख है।**
**2. यह संस्कृत भाषा का प्राचीनतम अभिलेख माना जाता है।**
**3. इसमें गजवंशीय राजा सर्वतात द्वारा अश्वमेध यज्ञ का उल्लेख है।**
**4. इसमें वासुदेव एवं संकर्षण की पूजा का वर्णन मिलता है।**
**5. यह राजस्थान में शैव सम्प्रदाय का प्राचीनतम अभिलेख है।**
**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?**
(a) केवल 1, 2, 3 (b) केवल 1, 2, 3, 4
(c) केवल 2, 3, 4, 5 (d) केवल 1, 3, 5

3. **बसन्तगढ़ अभिलेख के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
**1. यह खिमेल माता मंदिर से प्राप्त हुआ।**
**2. यह सामंती व्यवस्था की जानकारी देता है।**
**3. इसमें राजस्थानीयादित्य नामक अधिकारी का उल्लेख है।**
**4. यह नागरी लिपि एवं संस्कृत भाषा में लिखा गया है।**
**कूट:-**
(a) 1, 2 और 3 (b) 2 और 4
(c) 1, 2, 3 और 4 (d) केवल 4

4. **निम्नलिखित का सुमेल कीजिए–**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. कीर्ति स्तम्भ प्रशस्ति | 1. नाणक मुद्रा |
| B. रणकपुर प्रशस्ति | 2. विजय स्तम्भ |
| C. आहड़ अभिलेख | 3. रघुवंश तिलक |
| D. अजमेर अभिलेख | 4. राजस्थान में प्रथम फारसी अभिलेख |

**कूट:-**
(a) A-2, B-1, C-3, D-4
(b) A-1, B-2, C-4, D-3
(c) A-3, B-4, C-1, D-2
(d) A-4, B-3, C-2, D-1

5. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. आहड़ ताम्रपत्र चालुक्य राजा भीम द्वितीय से संबंधित है।**
**2. खेरोदा ताम्रपत्र भूमि अनुदान से संबंधित है।**
**3. चीकली ताम्रपत्र वागड़ी भाषा में लिखा गया था।**
**4. पुर ताम्रपत्र रानी कर्मावती के जौहर का उल्लेख करता है।**
**5. सभी ताम्रपत्र केवल संस्कृत भाषा में लिखे गए थे।**
**सही उत्तर चुनिए–**
(a) 1, 2, 3, 4 (b) 2, 3, 5
(c) 1, 4, 5 (d) 1, 2, 5

6. **सिक्कों के अध्ययन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. सिक्कों का अध्ययन न्यूमिस्मेटिक्स कहलाता है।**
**2. नगर से 6000 ताँबे के सिक्के प्राप्त हुए थे।**
**3. राजस्थान में सर्वाधिक सिक्के मालव जनपद से मिले हैं।**
**4. नगलाछैल से गुप्तकालीन सिक्कों का विशाल निखात मिला है।**
**5. गधिया सिक्के स्वर्ण के सिक्के थे।**
**कूट:-**
(a) 1, 2, 3, 5 (b) 1, 2, 3, 4
(c) 2, 3, 4, 5 (d) 1, 3, 4, 5

7. **निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?**
(a) मेवाड़ – स्वरूपशाही (b) बीकानेर – गजशाही
(c) आमेर – झाड़शाही (d) धौलपुर – लक्ष्मणशाही

8. **कथन (A) : शीतलेश्वर मंदिर राजस्थान का प्राचीनतम तिथियुक्त मंदिर माना जाता है।**
**कारण (R) : इस मंदिर पर 689 ई. का अभिलेख अंकित है।**
(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
(b) A और R दोनों सही हैं, किन्तु R सही व्याख्या नहीं है।
(c) A सही है, R गलत है।
(d) A गलत है, R सही है।

9. **निम्नलिखित कथनों में से असत्य कथन चुनिए–**
(a) बूंदी चित्रशैली प्रकृति चित्रण के लिए प्रसिद्ध है।
(b) कोटा चित्रशैली शिकार दृश्यों के लिए प्रसिद्ध है।
(c) किशनगढ़ चित्रशैली नारी सौन्दर्य के लिए प्रसिद्ध है।
(d) नाथद्वारा चित्रशैली युद्ध दृश्यों के लिए प्रसिद्ध है।

10. **निम्नलिखित का सुमेल कीजिए–**

| स्थल | उत्खननकर्ता |
|---|---|
| A. बागोर | 1. बी.बी. लाल |
| B. कालीबंगा | 2. वीरेन्द्र नाथ मिश्र |
| C. नोह | 3. डी.आर. भंडारकर |
| D. बैराठ | 4. रतनचन्द्र अग्रवाल |

**कूट:-**
(a) A-2, B-1, C-4, D-3 (b) A-1, B-2, C-3, D-4
(c) A-3, B-4, C-1, D-2 (d) A-4, B-3, C-2, D-1

11. **जयानक के संबंध में कौन-सा कथन सही है?**
(a) हम्मीर महाकाव्य के लेखक थे।
(b) पृथ्वीराज विजय के लेखक थे।
(c) राजवल्लभ के लेखक थे।
(d) नैणसी री ख्यात के लेखक थे।

12. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. मंडन राणा कुम्भा के दरबारी विद्वान थे।**
**2. वे कुम्भलगढ़ के वास्तुकार थे।**
**3. उन्होंने राजवल्लभ ग्रंथ की रचना की।**
**4. राजवल्लभ में 14 अध्याय हैं।**
**5. इससे स्थापत्य कला की जानकारी मिलती है।**

सही उत्तर है–
(a) केवल 1, 2, 3
(b) केवल 2, 3, 4, 5
(c) 1, 2, 3, 4, 5
(d) केवल 1, 3, 5

**13. निम्न में से कौन-सा कथन मुहणौत नैणसी के बारे में असत्य है?**
(a) वे मारवाड़ के दीवान थे।
(b) उन्हें राजपूताने का अबुल फजल कहा गया।
(c) उन्होंने अकबरनामा लिखा।
(d) उन्होंने नैणसी री ख्यात लिखी।

**14. पृथ्वीराज राठौड़ के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. वे बीकानेर के रायसिंह के भाई थे।**
**2. वे अकबर के दरबार में थे।**
**3. वेलि क्रिसण रुक्मणी री उनकी प्रसिद्ध रचना है।**
**4. एल.पी. टेस्सीटोरी ने उन्हें डिंगल का होरेस कहा।**
**सही उत्तर चुनिए–**
(a) 1, 2, 3
(b) 2, 3, 4
(c) 1, 3, 4
(d) 1, 2, 3, 4

**15. कथन (A): अमीर खुसरो की कृतियाँ राजस्थान पर खिलजी आक्रमणों की जानकारी देती हैं।**
**कारण (R): उन्होंने अकबरनामा की रचना की थी।**
(a) A और R दोनों सही हैं तथा R व्याख्या है।
(b) A और R दोनों सही हैं।
(c) A सही है, R गलत है।
(d) A गलत है, R सही है।

**16. जेम्स टॉड के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?**
(a) उन्होंने पहली बार राजस्थान शब्द का प्रयोग किया।
(b) वे स्कॉटलैण्ड के निवासी थे।
(c) उन्हें राजस्थान इतिहास का जनक कहा जाता है।
(d) उन्होंने अकबरनामा की रचना की।

**17. निम्नलिखित का सुमेल कीजिए–**

| विद्वान | विशेषता |
|---|---|
| A. जेम्स टॉड | 1. डिंगल का होरेस |
| B. एल.पी. टेस्सीटोरी | 2. राजस्थान इतिहास का जनक |
| C. गौरीशंकर ओझा | 3. आधुनिक इतिहास का भीष्म पितामह |
| D. विन्सेंट स्मिथ | 4. राजपूत युग की संज्ञा |

**कूट:-**
(a) A-2, B-1, C-3, D-4
(b) A-1, B-2, C-4, D-3
(c) A-3, B-4, C-1, D-2
(d) A-4, B-3, C-2, D-1

**18. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. अड़सट्टा दस्तावेजों से कृषि उत्पादन एवं राजस्व व्यवस्था की जानकारी प्राप्त होती है।**
**2. खरीता वह दस्तावेज था जिसके माध्यम से प्रजा राजा को अपनी शिकायतें एवं निवेदन भेजती थी।**
**उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**19. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. दोवर्की कोटा राज्य का दस्तावेज है।**
**2. जमाबंदी आर्थिक स्थिति की जानकारी देती है।**
**3. मुल्की में राज्य की आय-व्यय का लेखा मिलता है।**
**4. तलकी में राजकीय पत्रों की प्रतिलिपियाँ मिलती हैं।**
**5. ये सभी कोटा राज्य के दस्तावेज हैं।**
**सही उत्तर है–**
(a) केवल 1, 2, 3 (b) केवल 2, 3, 4
(c) 1, 2, 3, 4, 5 (d) केवल 1, 4, 5

**20. निम्न में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?**
(a) राणा राजसिंह की बही – राजस्थान की प्राचीनतम बही
(b) हकीकत बही – राजा की दैनिक दिनचर्या
(c) निशान – बेगमों एवं शहजादों के पत्र
(d) रुक्का – भूमि अनुदान पत्र

## उत्तर सहित व्याख्या

**1. [a]**
**व्याख्या:-**
◈ बड़ली अभिलेख राजस्थान का प्राचीनतम अभिलेख है। इसे गौरीशंकर हीराचंद ओझा ने प्राप्त किया था, न कि डी.आर. भंडारकर ने। शेष सभी कथन सही हैं।

**2. [b]**
**व्याख्या:-**
◈ घोसुण्डी अभिलेख वैष्णव/भागवत सम्प्रदाय से संबंधित है, शैव सम्प्रदाय से नहीं। शेष चारों कथन सही हैं।

**3. [c]**
**व्याख्या:-**
◈ बसन्तगढ़ अभिलेख सामंती व्यवस्था, राजस्थानीयादित्य अधिकारी तथा तत्कालीन प्रशासनिक व्यवस्था की जानकारी देता है। सभी कथन सही हैं।

**4. [a]**
**व्याख्या:-**
◈ कीर्ति स्तम्भ प्रशस्ति विजय स्तम्भ पर, रणकपुर प्रशस्ति में नाणक मुद्रा, आहड़ अभिलेख में रघुवंश तिलक तथा अजमेर अभिलेख राजस्थान का प्रथम फारसी अभिलेख है।

**5. [a]**
**व्याख्या:-**
◈ ताम्रपत्र बाद में स्थानीय भाषाओं में भी लिखे जाने लगे थे। इसलिए पाँचवाँ कथन गलत है जबकि शेष सभी सही हैं।

**6. [b]**
**व्याख्या:-**
◈ गधिया सिक्के ताँबे के सिक्के थे, स्वर्ण के नहीं। शेष सभी कथन सही हैं।

**7. [d]**
**व्याख्या:-**
◈ लक्ष्मणशाही बाँसवाड़ा की मुद्रा थी। धौलपुर की मुद्रा तमंचाशाही कहलाती थी।

**8. [a]**

**व्याख्या:-**

◈ शीतलेश्वर मंदिर का 689 ई. का तिथियुक्त अभिलेख इसे राजस्थान का प्राचीनतम तिथियुक्त मंदिर सिद्ध करता है।

**9. [d]**

**व्याख्या:-**

◈ नाथद्वारा चित्रशैली पिछवाई चित्रों के लिए प्रसिद्ध है, युद्ध दृश्यों के लिए नहीं।

**10. [a]**

**व्याख्या:-**

◈ बागोर-वीरेन्द्र नाथ मिश्र, कालीबंगा-बी.बी. लाल, नोह-रतनचन्द्र अग्रवाल तथा बैराठ-डी.आर. भंडारकर द्वारा उत्खनित किया गया।

**11. [b]**

**व्याख्या:-**

◈ जयानक पृथ्वीराज चौहान के दरबारी विद्वान थे तथा उन्होंने पृथ्वीराज विजय की रचना की।

**12. [c]**

**व्याख्या:-**

◈ मंडन के सभी उपर्युक्त योगदान राजस्थान की स्थापत्य परंपरा के महत्वपूर्ण स्रोत हैं।

**13. [c]**

**व्याख्या:-**

◈ अकबरनामा अबुल फजल की रचना है। नैणसी ने नैणसी री ख्यात एवं मारवाड़ रा परगना री विगत की रचना की।

**14. [d]**

**व्याख्या:-**

◈ पृथ्वीराज राठौड़ डिंगल साहित्य के महान कवि थे तथा सभी कथन तथ्यात्मक रूप से सही हैं।

**15. [c]**

**व्याख्या:-**

◈ अमीर खुसरो ने मिफ्ता-उल-फुतूह एवं तारीख-ए-अलाई लिखी थी। अकबरनामा अबुल फजल की रचना है।

**16. [d]**

**व्याख्या:-**

◈ अकबरनामा अबुल फजल ने लिखा था। जेम्स टॉड ने Annals and Antiquities of Rajasthan की रचना की।

**17. [a]**

**व्याख्या:-**

◈ टॉड-राजस्थान इतिहास का जनक, टेस्सीटोरी-डिंगल का होरेस कहने वाले, ओझा-भीष्म पितामह उपाधि देने वाले तथा विन्सेंट स्मिथ-राजपूत युग शब्द के प्रवर्तक थे।

**18. [a]**

**व्याख्या:–**

◈ अड़सट्टा दस्तावेज कृषि, भूमि एवं राजस्व संबंधी जानकारी प्रदान करते हैं। जबकि खरीता राजा द्वारा अन्य राजा को भेजा जाने वाला पत्र था। प्रजा द्वारा राजा को भेजे जाने वाले पत्र को अर्जदाश्त कहा जाता था।

**19. [c]**

**व्याख्या:-**

◈ दोवर्की, जमाबंदी, मुल्की तथा तलकी सभी कोटा राज्य के महत्वपूर्ण प्रशासनिक दस्तावेज थे।

**20. [d]**

**व्याख्या:-**

◈ रुक्का राजाओं के निजी पत्र कहलाते थे, जबकि भूमि अनुदान सामान्यतः ताम्रपत्र या सनद के माध्यम से दिए जाते थे।

♦♦♦♦

# प्राचीन सभ्यताएँ एवं प्रागैतिहासिक स्थल

**1. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

**1. बागोर सभ्यता को राजस्थान की प्राचीन सभ्यताओं का पालना कहा जाता है।**

**2. बागोर का उत्खनन वी.एन. मिश्र ने किया था।**

**3. बागोर सभ्यता में आखेट एवं संग्रहण प्रमुख आर्थिक गतिविधियाँ थीं।**

**4. यहाँ पशुपालन के प्राचीनतम साक्ष्य प्राप्त हुए हैं।**

**5. यहाँ ताँबे की छेद वाली सुई प्राप्त हुई है।**

**6. यहाँ पक्की ईंटों के विशाल दुर्ग मिले हैं।**

**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?**

(a) 1, 2, 3, 4, 5 (b) 1, 2, 4, 5, 6
(c) 2, 3, 4, 6 (d) 1, 3, 5, 6

**2. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

**1. आहड़ सभ्यता को बनास सभ्यता भी कहा जाता है।**

**2. इसकी खोज रतनचन्द्र अग्रवाल ने की थी।**

**3. आहड़ बेड़च नदी के किनारे स्थित है।**

**4. यहाँ से दो मुख वाला चूल्हा प्राप्त हुआ।**

**5. यहाँ से अपोलो चित्रित सिक्का प्राप्त हुआ।**

**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?**

(a) केवल 1, 2, 3 (b) केवल 2, 3, 4
(c) 1, 2, 3, 4, 5 (d) केवल 1, 4, 5

**3. निम्नलिखित में से गिलूण्ड के संबंध में कौन-सा कथन असत्य है?**

**1. यह बनास नदी के किनारे स्थित है।**

**2. मोड़िया मगरी का उत्खनन यहीं किया गया।**

**3. यहाँ से हाथीदाँत की चूड़ियाँ प्राप्त हुई हैं।**

**4. इसका सम्बन्ध नवदाटोली सभ्यता से था।**

**कूट:--**

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) केवल 3 (d) कोई नहीं

**4. मिलान कीजिए :**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. बालाथल | 1. गाय-बैल की मृणमूर्ति |
| B. ओझियाणा | 2. 11 कमरों का मकान |
| C. कालीबंगा | 3. जुता हुआ खेत |
| D. तिलवाड़ा | 4. पाँच आवास स्थल |

**कूट:--**

(a) A-2, B-1, C-3, D-4
(b) A-1, B-2, C-4, D-3
(c) A-3, B-4, C-1, D-2
(d) A-2, B-3, C-4, D-1

**5. कालीबंगा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

**1. यह घग्घर नदी के किनारे स्थित है।**

**2. अमलानन्द घोष ने इसकी खोज की।**

**3. यहाँ से जुता हुआ खेत प्राप्त हुआ।**

**4. यहाँ स्पष्ट जल निकासी व्यवस्था का अभाव था।**

**5. यहाँ सात अग्निकुण्ड मिले हैं।**

**सही उत्तर चुनिए :**

(a) केवल 1, 2, 3 (b) केवल 2, 3, 4
(c) 1, 2, 3, 4, 5 (d) केवल 1, 3, 5

**6. कथन (A) : कालीबंगा को हड़प्पा सभ्यता की तीसरी राजधानी कहा गया है।**

**कारण (R) : दशरथ शर्मा ने कालीबंगा को हड़प्पा सभ्यता की तीसरी राजधानी माना।**

(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
(b) A और R दोनों सही हैं परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(c) A सही है किन्तु R गलत है।
(d) A गलत है किन्तु R सही है।

**7. निम्नलिखित में से कौन-सा युग वैदिक सभ्यता से संबंधित है?**

(a) कांस्य युग (b) लौह युग
(c) ताम्रपाषाण युग (d) नवपाषाण युग

**8. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?**

(a) मत्स्य महाजनपद – विराटनगर
(b) शूरसेन महाजनपद – मथुरा
(c) शिवि जनपद – माध्यमिका
(d) मालव जनपद – बैराठ

**9. निम्न कथनों में से सत्य कथन चुनिए :**

**1. माध्यमिका राजस्थान का प्रथम उत्खनित स्थल था।**

**2. कार्लाइल ने माध्यमिका की खोज की।**

**3. माध्यमिका बौद्ध, जैन और वैष्णव धर्म का केन्द्र था।**

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

**10. निम्नलिखित में से कौन-सा अभिलेख जीव रक्षा का आदेश देता है?**

(a) बड़ली अभिलेख
(b) नगरी अभिलेख (200–150 ई.पू.)
(c) राजोरगढ़ अभिलेख
(d) बड़वा अभिलेख

**11. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

**1. मालव जनपद की राजधानी नगर थी।**

**2. रैढ़ को प्राचीन भारत का टाटानगर कहा जाता है।**

**3. मालव सिक्कों पर सूर्य तथा बोधिवृक्ष अंकित हैं।**

**4. मालवों ने वैदिक परम्परा को आगे बढ़ाया।**

(a) केवल 1, 2 (b) केवल 2, 3
(c) 1, 2, 3, 4 (d) केवल 1, 3, 4

**12. निम्न में से यौद्धेय जनपद के संबंध में असत्य कथन है–**

(a) इसकी शासन व्यवस्था अर्द्ध-राजतंत्रात्मक थी।
(b) यह कार्तिकेय की पूजा करता था।
(c) इसने कुषाणों की शक्ति को रोका।
(d) इसकी राजधानी मथुरा थी।

**13. निम्नलिखित में से बैराठ के संबंध में कौन-सा कथन सही नहीं है?**

(a) यहाँ अशोक के दो अभिलेख मिले हैं।
(b) इसे भाबू अभिलेख स्थल भी कहा जाता है।
(c) यहाँ से 28 इंडो-ग्रीक मुद्राएँ मिली हैं।
(d) यह मालव जनपद की राजधानी थी।

14. **कथन (A) : बड़वा अभिलेख वैष्णव सम्प्रदाय की जानकारी देता है।**
**कारण (R) : इस अभिलेख में त्रिरात तथा आप्तोयाम यज्ञों का उल्लेख मिलता है।**
(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
(b) A और R दोनों सही हैं परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(c) A सही है, R गलत है।
(d) A गलत है, R सही है।

15. **निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित है?**
(a) रंगमहल – गुरु-शिष्य मूर्ति
(b) नोह – अशोक अभिलेख
(c) बयाना – अग्निकुण्ड
(d) भीनमाल – अशोक स्तम्भ

16. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**
**1. बयाना में गुप्तकालीन सिक्कों का विशाल भण्डार मिला।**
**2. भीमलाट को समुद्रगुप्त का विजय स्तम्भ कहा जाता है।**
**3. उषा मंदिर का निर्माण चित्रलेखा ने करवाया था।**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

17. **निम्नलिखित में से कौन-सा कथन भीनमाल के संबंध में सही है?**
(a) यह प्रतिहारों की राजधानी थी।
(b) यह चावड़ा राजाओं की राजधानी थी।
(c) यहाँ अशोक का अभिलेख मिला।
(d) यह मत्स्य जनपद का केन्द्र था।

18. **निम्नलिखित का मिलान कीजिए :**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. गणेश्वर | 1. ताम्रयुगीन सभ्यताओं की जननी |
| B. रैढ़ | 2. प्राचीन भारत का टाटानगर |
| C. सुनारी | 3. प्राचीनतम लौह भट्टियाँ |
| D. जोधपुरा | 4. गणेश्वर-जोधपुरा संस्कृति |

**कूट:-**
(a) A-1, B-2, C-3, D-4
(b) A-2, B-3, C-4, D-1
(c) A-3, B-4, C-1, D-2
(d) A-4, B-1, C-2, D-3

19. **निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?**
(a) नलियासर को टी.एच. हैंडले ने बौद्ध कस्बा बताया।
(b) बहज से मौर्यकालीन अग्निकुण्ड प्राप्त हुआ।
(c) कुराड़ा को औजारों की नगरी कहा जाता है।
(d) ईसवाल से अशोक का अभिलेख प्राप्त हुआ।

20. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**
**1. गणेश्वर कांतली नदी के किनारे स्थित है।**
**2. इसे ताम्र संचयी सभ्यता कहा जाता है।**
**3. यहाँ से तीरों के साक्ष्य प्राप्त हुए हैं।**
**4. यहाँ पत्थर का बाँध मिला है।**
**5. यहाँ कपिशवर्णी मृदभाण्ड मिले हैं।**
**6. यहाँ मकानों में पत्थरों का प्रयोग किया जाता था।**
**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?**
(a) केवल 1, 2, 3, 4 (b) केवल 2, 3, 5, 6
(c) 1, 2, 3, 4, 5, 6 (d) केवल 1, 3, 4, 6

## उत्तर सहित व्याख्या

1. **[a]**
**व्याख्या:-**
◈ बागोर से पशुपालन, लघु पाषाण उपकरण, ताँबे की सुई आदि प्राप्त हुए हैं। पक्की ईंटों के विशाल दुर्ग का साक्ष्य नहीं मिला है।

2. **[c]**
**व्याख्या:-**
◈ आहड़ सभ्यता ताम्रपाषाण संस्कृति का प्रमुख केन्द्र थी। यहाँ से ताँबे की भट्टियाँ, दो मुख वाला चूल्हा तथा अपोलो चित्रित सिक्का प्राप्त हुआ।

3. **[d]**
**व्याख्या:-**
◈ गिलूण्ड के संबंध में दिए गए सभी कथन सही हैं। यह आहड़ संस्कृति का प्रमुख केन्द्र था तथा नवदाटोली से सांस्कृतिक संबंध रखता था।

4. **[a]**
**व्याख्या:-**
◈ बालाथल से 11 कमरों का मकान, ओझियाणा से गाय-बैल की मृणमूर्ति, कालीबंगा से जुता हुआ खेत तथा तिलवाड़ा से पाँच आवास स्थल मिले हैं।

5. **[c]**
**व्याख्या:-**
◈ कालीबंगा राजस्थान का प्रमुख हड़प्पा स्थल है। यहाँ जुता हुआ खेत, अग्निकुण्ड, ऊँट की हड्डियाँ तथा भूकम्प के साक्ष्य प्राप्त हुए हैं।

6. **[a]**
**व्याख्या:-**
◈ दशरथ शर्मा ने कालीबंगा को हड़प्पा सभ्यता की तीसरी राजधानी बताया था, इसलिए कारण कथन का उचित स्पष्टीकरण करता है।

7. **[b]**
**व्याख्या:-**
◈ लौह युग की जानकारी मुख्यतः वेदों से प्राप्त होती है। इसी कारण इसे वैदिक सभ्यता का काल भी कहा जाता है।

8. **[d]**
**व्याख्या:-**
◈ मालव जनपद की राजधानी नगर (टोंक) थी, जबकि बैराठ मत्स्य क्षेत्र तथा मौर्यकालीन केन्द्र के रूप में प्रसिद्ध है।

9. **[d]**
**व्याख्या:-**
◈ माध्यमिका (नगरी) राजस्थान के प्रमुख प्राचीन नगरों में था तथा विभिन्न धार्मिक परम्पराओं का महत्वपूर्ण केन्द्र था।

10. **[b]**
**व्याख्या:-**
◈ नगरी अभिलेख में जीवों की रक्षा का आदेश अंकित है। यह ब्राह्मी लिपि एवं संस्कृत भाषा में लिखा गया था।

11. **[c]**
**व्याख्या:-**
◈ मालव जनपद राजस्थान के प्रमुख गणराज्यों में था। इसके सिक्के और धार्मिक परम्पराएँ ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं।

**12. [d]**

**व्याख्या:-**

- मथुरा शूरसेन महाजनपद की राजधानी थी। यौद्धेय जनपद श्रीगंगानगर एवं हनुमानगढ़ क्षेत्र में विस्तृत था।

**13. [d]**

**व्याख्या:-**

- बैराठ मौर्यकालीन केन्द्र था। मालव जनपद की राजधानी नगर (टोंक) थी।

**14. [a]**

**व्याख्या:-**

- बड़वा अभिलेख में वैष्णव परम्परा तथा वैदिक यज्ञों का उल्लेख मिलता है जो उसके धार्मिक स्वरूप को स्पष्ट करता है।

**15. [a]**

**व्याख्या:-**

- रंगमहल से कुषाणकालीन गुरु-शिष्य मूर्ति प्राप्त हुई है। अन्य विकल्पों में स्थल और साक्ष्य का मेल गलत है।

**16. [d]**

**व्याख्या:-**

- बयाना गुप्तकालीन इतिहास का महत्त्वपूर्ण केन्द्र है जहाँ सिक्के, स्तम्भ तथा धार्मिक स्थापत्य के साक्ष्य प्राप्त हुए हैं।

**17. [b]**

**व्याख्या:-**

- भीनमाल चावड़ा राजपूतों की राजधानी थी तथा ब्रह्मगुप्त और कवि माघ जैसे विद्वानों से जुड़ा हुआ था।

**18. [a]**

**व्याख्या:-**

- गणेश्वर ताम्र सभ्यता का प्रमुख केन्द्र था जबकि सुनारी से भारत की प्राचीनतम लौह भट्टियों के प्रमाण मिले हैं।

**19. [d]**

**व्याख्या:-**

- ईसवाल से लौह उद्योग के साक्ष्य प्राप्त हुए हैं। अशोक के अभिलेख बैराठ से प्राप्त हुए थे।

**20. [c]**

**व्याख्या:-**

- गणेश्वर राजस्थान की ताम्रयुगीन सभ्यताओं का प्रमुख केन्द्र था। यहाँ तीर, पत्थर का बाँध, कपिशवर्णी मृदभाण्ड तथा पत्थर निर्मित आवासों के प्रमाण प्राप्त हुए हैं।

♦♦♦♦

# राजस्थान की कला एवं संस्कृति

## दुर्ग

1. **राजस्थान के दुर्गों की श्रेणियों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**कथन I: शुक्रनीति के अनुसार, वह दुर्ग जो विशाल जल राशि से घिरा हो उसे 'औदक दुर्ग' कहते हैं, जैसे गागरोण और भैंसरोड़गढ़।**
**कथन II: मरूस्थल में स्थित दुर्गों को 'धान्वन दुर्ग' कहा जाता है, जिसका प्रमुख उदाहरण जैसलमेर का सोनारगढ़ दुर्ग है।**
**कथन III: 'पारिख दुर्ग' वे होते हैं जिनके चारों ओर एक विशाल परकोटा (दीवार) बना होता है।**
**उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**
(a) केवल I और II (b) केवल II और III
(c) केवल I और III (d) I, II और III सभी

2. **सूची-I (दुर्ग) को सूची-II (प्रवेश द्वार) से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनिए–**

| सूची-I (दुर्ग) | सूची-II (प्रवेश द्वार) |
|---|---|
| (A) चित्तौड़गढ़ दुर्ग | (i) लोहा पोल |
| (B) रणथंभौर दुर्ग | (ii) सूरज पोल |
| (C) मेहरानगढ़ दुर्ग | (iii) पाडन पोल (राम पोल) |
| (D) आमेर दुर्ग | (iv) नौलखा दरवाजा |

**कूट (Codes):**
(a) (A)-(iii), (B)-(iv), (C)-(i), (D)-(ii)
(b) (A)-(i), (B)-(ii), (C)-(iii), (D)-(iv)
(c) (A)-(iv), (B)-(iii), (C)-(ii), (D)-(i)
(d) (A)-(iii), (B)-(ii), (C)-(iv), (D)-(i)

3. **जैसा कि राजस्थान के प्राचीन ग्रंथों में उल्लिखित है राजस्थान का वह किला जहाँ युद्ध की योजना और रणनीति बनाने में निपुण सैनिक रहते थे उसे कहा जाता था- (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें:)**
(a) सैन्य दुर्ग (b) पारिख दुर्ग
(c) पारिध दुर्ग (d) सहाय दुर्ग

4. **गागरोण दुर्ग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**कथन I: यह दुर्ग कालीसिंध और आहू नदी के संगम पर स्थित एक 'जल दुर्ग' (औदक दुर्ग) है, जिसका निर्माण 11वीं सदी में परमार शासकों द्वारा करवाया गया था।**
**कथन II: इस दुर्ग का प्राचीन नाम 'गर्गराटपुर' था और इसे डोडगढ़ या धुलरगढ़ के नाम से भी जाना जाता है।**
**कथन III: यहाँ सूफी संत 'मिट्ठे साहब' की दरगाह, औरंगजेब द्वारा निर्मित बुलंद दरवाजा और संत पीपा की छतरी स्थित है।**
**कथन IV: दुर्ग में स्थित विशाल परकोटे का निर्माण कोटा के शासक दुर्जनशाल द्वारा करवाया गया था, जिसे 'जालिमकोट' कहा जाता है।**
**उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल I, II और III (b) केवल II, III और IV
(c) केवल I और III (d) I, II, III और IV सभी

5. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**कथन I: हनुमानगढ़ में स्थित भटनेर दुर्ग को 'उत्तरी सीमा का प्रहरी' कहा जाता है।**
**कथन II: इसके वास्तुकार कैकेया थे।**
**उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**
(a) कथन I और II दोनों सही हैं। (b) केवल कथन II सही है।
(c) केवल कथन I सही है। (d) कथन I और II दोनों गलत हैं।

6. **निम्नलिखित को सही सुमेलित कीजिए-**

| दुर्ग | | पहाड़ी जिस पर स्थित है | |
|---|---|---|---|
| A | बयाना दुर्ग | 1. | दमदमा पहाड़ी |
| B | अजयमेरू दुर्ग | 2. | स्वर्णगिरि पहाड़ी |
| C | जालोर दुर्ग | 3. | नानी सीरड़ी पहाड़ी |
| D | सोजत दुर्ग | 4. | बीठली पहाड़ी |

**कूट**
(a) A-1 B-2 C-3 D-4 (b) A-1 B-4 C-2 D-3
(c) A-3 B-1 C-4 D-2 (d) A-2 B-1 C-3 D-4

7. **किले-निर्माता सुमेलित कीजिए-**

| | |
|---|---|
| **A. बयाना का किला** | **1. महाराजा सवाई जयसिंह** |
| **B. आमेर का किला** | **2. अजयराज चौहान** |
| **C. तारागढ़ का किला** | **3. राजा मानसिंह** |
| **D. नाहरगढ़ का किला** | **4. राजा विजय पाल** |

(a) A-4, B-2, C-3, D-1 (b) A-2, B-4, C-1, D-3
(c) A-4, B-3, C-2, D-1 (d) A-4, B-3, C-1, D-2

8. **भटनेर दुर्ग के ऐतिहासिक महत्त्व के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**कथन I: यह राजस्थान का सबसे प्राचीन दुर्ग है जिस पर सर्वाधिक विदेशी आक्रमण हुए हैं।**
**कथन II: 1398 ई. में तैमूर लंग के आक्रमण के समय यहाँ मुस्लिम महिलाओं द्वारा जौहर करने के प्रमाण मिलते हैं।**
**कथन III: तैमूर के आक्रमण के समय भटनेर का शासक शेर खाँ था, जिसकी कब्र इसी दुर्ग में स्थित है।**
**कथन IV: इस दुर्ग के एक प्रवेश द्वार पर एक राजा के साथ 6 नारियों की आकृतियाँ बनी हुई हैं।**
**उपरोक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**
(a) केवल I, II और IV (b) केवल II, III और IV
(c) केवल I और III (d) I, II, III और IV सभी

9. **भैसरोड़गढ़ दुर्ग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**कथन I: यह दुर्ग चंबल और बामनी नदियों के संगम पर स्थित है, जिसे 'राजस्थान का वैल्लोर' भी कहा जाता है।**
**कथन II: इस दुर्ग का निर्माण मेवाड़ के महाराणा कुम्भा द्वारा करवाया गया था।**
**उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सत्य है/हैं?**
(a) कथन I और II दोनों सत्य हैं। (b) केवल कथन I सत्य है।
(c) केवल कथन II सत्य है। (d) कथन I और II दोनों असत्य हैं।

**10. निम्नलिखित में से असुमेलित युग्मों को छाँटिए-**

| दुर्ग | परिवर्तित नाम |
|---|---|
| (a) चित्तौड़गढ़ | खिज्राबाद |
| (b) गागरोन | मोमिनाबाद |
| (c) सिवाना | खैराबाद |
| (d) जालोर | जलालाबाद |

**11. अजमेर के तारागढ़ दुर्ग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

**कथन I: इस दुर्ग का निर्माण 1113 ई. में अजयराज ने बीठली पहाड़ी पर करवाया था, जिस कारण इसे 'गढ़ बीठली' भी कहते हैं।**

**कथन II: बिशप हैबर ने इस दुर्ग की विशालता को देखकर इसे 'राजस्थान का हृदय' कहा था।**

**कथन III: पृथ्वीराज सिसोदिया ने इसका जीर्णोद्धार करवाकर अपनी पत्नी के नाम पर इसका नाम 'तारागढ़' रखा।**

**कथन IV: लॉर्ड विलियम बैंटिक ने इस दुर्ग को देखकर "ओह! दूसरा जिब्राल्टर" के शब्द कहे थे।**

**कथन V: विजय पोल, लक्ष्मी पोल और भवानी पोल इस दुर्ग के प्रमुख प्रवेश द्वार हैं।**

**उपरोक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**

(a) केवल I, II और III (b) केवल II, IV और V
(c) केवल I, III, IV और V (d) उपरोक्त सभी कथन सही हैं

**12. 'घूंघट, गूगड़ी, बांदरा, इमली' क्या है?**

(a) तारागढ़ अजमेर की प्राचीर की विशाल बुर्जों का नाम
(b) मारवाड़ की लोक परम्परा में जातियों के गोत्रों के नाम
(c) मेवाड़ आंचलिक में स्त्रियों के पहनावे के नाम
(d) राजस्थानी खानपान की विधियों के नाम

**13. राजस्थान के दुर्गों और उनमें स्थित जलस्रोतों के युग्मों पर विचार कीजिए–**

**कथन I: तारागढ़ (अजमेर) में नाना साहब, इब्राहीम और गोल झालरा स्थित हैं, जबकि तारागढ़ (बूँदी) में जैतसागर और नवल सागर स्थित हैं।**

**कथन II: जालौर दुर्ग में 'भांडेलाव तालाब' स्थित है, जिसे पानी का मुख्य स्रोत माना जाता है।**

**कथन III: नागौर दुर्ग में स्थित 'शुक्र तालाब' का निर्माण मुगल सम्राट अकबर द्वारा करवाया गया था।**

**कथन IV: कुंभलगढ़ दुर्ग में झालीबाव बावड़ी और मामादेव कुण्ड स्थित हैं, जबकि अचलगढ़ में मंदाकिनी कुण्ड स्थित है।**

**कथन V: करौली के तिमनगढ़ दुर्ग में 'ननद-भौजाई कुंआ' और दौसा के किले में 'राजाजी का कुंआ' प्रसिद्ध है।**

**उपरोक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**

(a) केवल I, II, III और IV (b) केवल I, III, IV और V
(c) केवल II, IV और V (d) उपरोक्त सभी कथन सही हैं

**14. निम्नलिखित में से असुमेलित युग्म है-**

| दुर्ग | स्थान |
|---|---|
| (a) तोहन दुर्ग | कांकरोली |
| (b) टांई दुर्ग | झुंझुनूँ |
| (c) केहरीगढ़ दुर्ग | अजमेर |
| (d) पचेवर दुर्ग | धौलपुर |

**15. किस दुर्ग का सबसे ऊँचा भाग 'मीरान साहब की दरगाह' कहलाता है?**

(a) रणथम्भौर (b) तारागढ़ (अजमेर)
(c) तारागढ़ (बूँदी) (d) जूनागढ़

**16. अजमेर स्थित 'अकबर के किले' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

**कथन I: इस दुर्ग का निर्माण अकबर द्वारा 1571-72 ई. में करवाया गया था, जिसे 'मैगजीन दुर्ग' या 'अकबर का दौलतखाना' भी कहा जाता है।**

**कथन II: इस ऐतिहासिक दुर्ग की नींव प्रसिद्ध संत दादूदयाल जी द्वारा रखी गई थी।**

**कथन III: महाराणा प्रताप और अकबर के बीच हुए 'हल्दीघाटी युद्ध' की अंतिम योजना इसी दुर्ग में बनाई गई थी।**

**कथन IV: इस दुर्ग के मुख्य प्रवेश द्वार को 'विजय पोल' के नाम से जाना जाता है।**

**उपरोक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**

(a) केवल I और III
(b) केवल I, II और III
(c) केवल II, III और IV
(d) I, II, III और IV सभी

**17. बूँदी के 'तारागढ़ दुर्ग' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

**कथन I: इस दुर्ग का निर्माण 1354 ई. में राव बरसिंह द्वारा करवाया गया था और इसे 'तिलस्मी किला' भी कहा जाता है।**

**कथन II: अरावली की ऊँची पहाड़ियों पर स्थित होने के कारण आकाश के तारे के समान दिखाई देने से इसका नाम 'तारागढ़' पड़ा।**

**कथन III: प्रसिद्ध 'गर्भ गुंजन' तोप इसी दुर्ग में स्थित है और यहाँ के राजमहलों को कर्नल जेम्स टॉड ने राजस्थान के सर्वश्रेष्ठ राजप्रासाद बताया है।**

**कथन IV: छत्र-महल, अनिरुद्ध महल और बादल-महल इस दुर्ग के प्रमुख महल हैं।**

**कथन V: मारवाड़ के शासक राव जोधा ने इस दुर्ग को न जीत पाने पर मिट्टी का नकली दुर्ग बनाकर अपनी प्रतिज्ञा पूरी की थी।**

**उपरोक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**

(a) केवल I, II, III और IV
(b) केवल I, III, IV और V
(c) केवल II, IV और V
(d) उपरोक्त सभी कथन सही हैं

**18. बीकानेर के 'जूनागढ़ दुर्ग' के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

**कथन I: यह दुर्ग 'धान्वन' श्रेणी का है, जिसे 'जमीन का जेवर' और 'रातीघाटी का किला' भी कहा जाता है।**

**कथन II: इस दुर्ग के महलों के बारे में कहा जाता है कि "दीवारों के भी कान होते हैं, पर यहाँ की दीवारें तो बोलती हैं।"**

**कथन III: इस दुर्ग में अनूप महल, कर्ण महल और लालगढ़ महल स्थित हैं, तथा यहाँ राजस्थान की पहली लिफ्ट लगाई गई थी।**

**कथन IV: यहाँ '33 करोड़ देवी-देवताओं का मंदिर' स्थित है, जहाँ भगवान गणेश 'मूषक' (चूहे) पर सवार हैं।**

**उपरोक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**

(a) केवल I, II और IV
(b) केवल II, III और IV
(c) केवल I, II और III
(d) I, II, III और IV सभी

**19. सिवाणा दुर्ग के ऐतिहासिक संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**कथन I: इस दुर्ग का निर्माण 10वीं शताब्दी में हल्देश्वर पहाड़ी पर परमार शासक वीर नारायण पंवार द्वारा करवाया गया था।**
**कथन II: इस दुर्ग को 'कुम्थाना' के नाम से भी जाना जाता है और यह मारवाड़ के शासकों की 'संकटकालीन शरणस्थली' रहा है।**
**कथन III: 1308 ई. में अलाउद्दीन खिलजी ने इस दुर्ग को जीतकर इसका नाम 'खैराबाद' रखा था।**
**कथन IV: राव मालदेव ने गिरि सुमेल युद्ध के पश्चात शेरशाह सूरी की सेना से बचने के लिए इसी दुर्ग में आश्रय लिया था।**
**कथन V: प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी जयनारायण व्यास को इसी दुर्ग में नजरबंद (बंदी) रखा गया था।**
**उपरोक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**
(a) केवल I, II, III और IV (b) केवल II, III, IV और V
(c) केवल I, III और V (d) उपरोक्त सभी कथन सही है

**20. रणथंभौर दुर्ग (सवाई माधोपुर) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**कथन I: इस दुर्ग का प्रारंभिक नाम 'रणस्तंभपुर' था और इसके मुख्य प्रवेश द्वार को 'नौलखा दरवाजा' कहा जाता है।**
**कथन II: अबुल फजल ने इस दुर्ग की नैसर्गिक सुरक्षा को देखकर कहा था कि— "अन्य सब दुर्ग नंगे हैं, जबकि यह दुर्ग बख्तरबंद है।"**
**कथन III: यहाँ जोगी महल, सुपारी महल और जौंरा-भौंरा (अनाज भंडार) स्थित हैं।**
**कथन IV: दुर्ग में 'त्रिनेत्र गणेश मंदिर' और अलाउद्दीन खिलजी द्वारा निर्मित 'पीर सदरूद्दीन की दरगाह' स्थित है।**
**कथन V: यहाँ हम्मीर देव चौहान की '32 खंभों की छतरी' स्थित है, जिसे 'न्याय की छतरी' भी कहा जाता है।**
**उपरोक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**
(a) केवल I, II, III और IV (b) केवल I, III, IV और V
(c) केवल II, IV और V (d) उपरोक्त सभी कथन सही हैं

**21. कुंभलगढ़ दुर्ग (राजसमंद) के ऐतिहासिक और स्थापत्य विवरण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**कथन I: इस दुर्ग का निर्माण महाराणा कुंभा ने 15वीं शताब्दी में प्रसिद्ध शिल्पी मंडन की देखरेख में मौर्य शासक संप्रति के दुर्ग के अवशेषों पर करवाया था।**
**कथन II: यह दुर्ग अरावली की 13 ऊँची चोटियों से घिरा है और इसकी सुरक्षा दीवार की लंबाई लगभग 36 किमी है।**
**कथन III: कर्नल जेम्स टॉड ने इस दुर्ग की तुलना इसके सुदृढ़ परकोटे और बुर्जों के कारण 'एस्ट्रूस्कन' (Etruscan) से की है।**
**कथन IV: इस दुर्ग को 'मेवाड़ की आँख' और 'मेवाड़ की संकटकालीन राजधानी' जैसे उपनामों से भी जाना जाता है।**
**कथन V: हनुमान पोल, विजय पोल और गणेश पोल इस दुर्ग के प्रमुख प्रवेश द्वारों में शामिल हैं।**
**उपरोक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**
(a) केवल I, II और IV
(b) केवल II, III और V
(c) केवल I, III, IV और V
(d) उपरोक्त सभी कथन सही हैं

**22. अबुल फजल ने किस दुर्ग के बारे लिखा कि यह इतनी ऊँचाई पर स्थित है कि नीचे से ऊपर की ओर देखने पर सिर से पगड़ी नीचे गिर जाती है-**
(a) चित्तौड़गढ़ (b) कुंभलगढ़
(c) मेहरानगढ़ (d) रणथंभौर

**23. जैसलमेर के 'सोनारगढ़ दुर्ग' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**कथन I: इस दुर्ग की नींव 1155 ई. में जैसल भाटी ने रखी थी और इसका निर्माण कार्य शालिवाहन द्वितीय ने पूर्ण करवाया।**
**कथन II: यह 'धान्वन' श्रेणी का दुर्ग है, जो त्रिकूट (गोरहरा) पहाड़ी पर त्रिभुजाकार आकृति में बना हुआ है।**
**कथन III: इस दुर्ग के निर्माण में चूने का प्रयोग नहीं किया गया है, बल्कि पीले पत्थरों को जोड़कर इसे बनाया गया है।**
**कथन IV: यह राजस्थान का सर्वाधिक बुर्जों वाला किला है, जिसमें कुल 101 विशाल बुर्ज बने हुए हैं।**
**कथन V: दुर्ग के भीतर 'जैसलु कुआँ' और जैसलमेर शासकों के आराध्य देव 'लक्ष्मीनारायण जी' का मंदिर स्थित है।**
**उपरोक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**
(a) केवल I, II, III और IV (b) केवल I, II, III और V
(c) केवल II, IV और V (d) उपरोक्त सभी कथन सही हैं

**24. मेहरानगढ़ दुर्ग (जोधपुर) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**कथन I: इस दुर्ग का निर्माण मई 1459 ई. में राव जोधा द्वारा चिड़ियाटूक पहाड़ी पर करवाया गया था।**
**कथन II: इसकी आकृति मयूर के समान होने के कारण इसे 'मयूरध्वजगढ़' और 'गढ़ चिंतामणि' भी कहा जाता है।**
**कथन III: प्रसिद्ध लेखक रूडयार्ड किपलिंग ने इस दुर्ग के बारे में कहा है कि इसका निर्माण "देवताओं, परियों एवं फरिश्तों द्वारा" किया गया है।**
**कथन IV: दुर्ग में स्थित 'चोखेलाव महल' अपने अद्भुत स्थापत्य और भित्ति चित्रों (Wall Paintings) के लिए प्रसिद्ध है।**
**उपरोक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**
(a) केवल I, II और III (b) केवल II, III और IV
(c) केवल I और IV (d) I, II, III और IV सभी

**25. निम्नांकित में से कौनसा किला 'कुंवारा किला' के नाम से भी जाना जाता है?**
(a) बाला किला (b) बदनोर किला
(c) भटनेर किला (e) गागरोन किला

**26. अचलगढ़ दुर्ग (सिरोही) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**कथन I: इस दुर्ग का मूल निर्माण परमार शासकों द्वारा करवाया गया था, जिसका पुनर्निर्माण 1452 ई. में महाराणा कुंभा ने करवाया।**
**कथन II: यह दुर्ग आबू पर्वत (अर्बुदाचल) पर स्थित एक 'गिरि दुर्ग' है, जहाँ मंदाकिनी कुण्ड और सावन-भादो झील स्थित हैं।**
**कथन III: इस दुर्ग में प्रतिहार शासकों द्वारा निर्मित 'विजय स्तंभ' स्थित है, जो खतरे की सूचना देने के लिए बनाया गया था।**
**उपरोक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**
(a) केवल I और II (b) केवल II और III
(c) केवल I और III (d) I, II और III सभी

♦ ♦ ♦ ♦

## उत्तर सहित व्याख्या

**1. [a]**

**व्याख्या:-**

- कौटिल्य ने दुर्गों की चार **(औदक, पार्वत, धान्वन तथा वन दुर्ग)** जबकि शुक्रनीति में दुर्गों की निम्नलिखित **नौ श्रेणियां** बताई गई हैं।

1. **औदक/जल दुर्ग**- वह दुर्ग जो विशाल जल राशि से गिरे हो। जैसे- गागरोण दुर्ग (झालावाड़), भैसरोड़गढ़ (चित्तौड़गढ़) तथा शेरगढ़ (बाराँ)।
2. **धान्वन दुर्ग**- मरूस्थल या मरूभूमि में स्थित दुर्ग। जैसे- सोनारगढ़ (जैसलमेर), जूनागढ़ (बीकानेर), भटनेर दुर्ग (हनुमानगढ़) तथा नागौर दुर्ग
3. **पारिख दुर्ग**- वह दुर्ग जिसके चारों तरफ गहरी खाई हो। जैसे- लोहागढ़ (भरतपुर), जूनागढ़ (बीकानेर)
4. **पारिध दुर्ग**- वह दुर्ग जिसके चारों तरफ विशाल परकोटा बना हो। जैसे- चित्तौड़गढ़, सोनारगढ़ तथा जालौर दुर्ग।
5. **वन दुर्ग**- सघन बीहड़ (कांटेदार झाड़ियों) में निर्मित दुर्ग। जैसे- सिवाणा (बालोतरा), रणथंभौर (सवाई माधोपुर)

**2. [a]**

**व्याख्या:-**

**सही सुमेलन इस प्रकार हैं –**

- चित्तौड़गढ़ दुर्ग का प्रथम प्रवेश द्वार – पाडन पोल (बाघ सिंह रावत का स्मारक)
- नौलखा दरवाजा रणथंभौर दुर्ग का मुख्य प्रवेश द्वार है।
- **मामा-भान्जा छतरी (धन्ना और भींवा) -** यह छतरी मेहरानगढ़ दुर्ग में लौहा पोल द्वार के पास है। यह **10** खम्भों की छतरी है।
- जयपुर के आमेर किले का मुख्य प्रवेश द्वार सूरज पोल के नाम से जाना जाता है।

**3. [a]**

**व्याख्या:-**

- व्यूह रचना में दक्ष वीरों के द्वारा रक्षित दुर्ग जो अभेद्य हो, **सैन्य दुर्ग** कहलाता है।
- **शुक्रनीति** में वर्णित दुर्गों की सभी **नौ श्रेणियों** में से **सैन्य दुर्ग** को सर्वश्रेष्ठ दुर्ग माना गया है।

**4. [a]**

**व्याख्या:-**

**गागरोण दुर्ग**

- दक्षिण-पूर्वी राजस्थान के सबसे प्राचीन व विकट दुर्ग में गागरोण दुर्ग भी **एक जल दुर्ग या औदक दुर्ग** है, जो **कालीसिंध और आहु नदी** के संगम पर है, जो परमार शासकों द्वारा निर्मित। **(11**वीं सदी में**)**।
- **उपनाम -** डोड़गढ, धुलरगढ़, शाहगढ़, गीधकगढ़।
- गागरोण का प्राचीन नाम **गर्गराटपुर** था।
- इसका नामकरण गागरोण देवीसिंह खींची ने किया।

**प्रमुख दर्शनीय स्थल-**

- यहाँ गागरोनी तोते/हीरामन तोता पाया जाता है।
- इस दुर्ग में खुरासान से गागरोण आये सूफी संत '**मिट्ठे साहब की दरगाह**' तथा औरंगजेब द्वारा निर्मित **बुलन्द दरवाजा** भी स्थित है।
- इस दुर्ग में **संत पीपा की छतरी** है।
- इस दुर्ग में भगवान मधुसूदन का मंदिर (दुर्जनशाल द्वारा निर्मित) तथा कोटा रियासत के सिक्के ढालने की टकसाल है।
- **जालिमकोट -** गागरोण दुर्ग में कोटा के **झाला जालिमसिंह** द्वारा निर्मित विशाल परकोटा।
- **रामबुर्ज एवं ध्वज बुर्ज** इसकी विशाल बुर्जे हैं।

**5. [a]**

**व्याख्या:-**

- **भटनेर (Bhattner)-** भटनेर किला राजस्थान के **हनुमानगढ़ जिले** में स्थित है।
- इस दुर्ग का अन्य नाम **'उत्तरी सीमा का प्रहरी'** है। इसके **वास्तुकार** - कैकेया है।
- यह **धान्वन श्रेणी** का दुर्ग है।

**6. [b]**

**व्याख्या:-**

- सही सुमेलित सूची इस प्रकार है-
- बयाना दुर्ग — दमदमा पहाड़ी
- अजयमेरू दुर्ग — बीठली पहाड़ी
- जालौर दुर्ग — स्वर्णगिरि पहाड़ी
- सोजत दुर्ग — नानी सीरड़ी पहाड़ी

**7. [c]**

**व्याख्या:-**

**बयाना का किला (भरतपुर)–**

- यादव राजवंश के **महाराजा विजयपाल** ने अपनी राजधानी मथुरा को असुरक्षित जानकर यह दुर्ग माही (दमदमा) पहाडी पर बनवाया।
- **उपनाम – शोणितपुर**, बाणासुर, बादशाह दुर्ग, विजयमंदिर गढ आदि।

**आमेर का किला**

- **निर्माण व पुनर्निर्माण-** कोकिलदेव ने **1036 ई.** में यह दुर्ग आमेर के मीणा शासक भुट्टो से छीन लिया। राजा मानसिंह प्रथम ने दुर्ग का पुनर्निर्माण करवाया।
- **उपनाम –** हाथियों का किला, अम्बेवती दुर्ग, अम्बरीश दुर्ग, अम्बेपुर दुर्ग, अम्बिकापुर।
- **श्रेणी-** आमेर दुर्ग गिरि श्रेणी का है, जो काली खोह पहाड़ी पर स्थित है।
- आमेर के महल **राजपूत व मुग़ल शैली** में निर्मित है।

**तारागढ़ का किला (अजमेर)**

- **निर्माण-** अजमेर जिले के इस दुर्ग का निर्माण 1113 ई. में अजयराज ने (**सातवीं शताब्दी** में **चौहान शासक अजयपाल ने, हरविलास शारदा के अनुसार**) ने तारागढ़ पर्वत की बीठली पहाड़ी पर करवाया।

**नाहरगढ़ का किला**

- **निर्माण –** 1734 ई. में सवाई जयसिंह द्वितीय द्वारा।
- **उपनाम –** जयपुर मुकुट, सुदर्शनगढ़, जनाना क्वार्टर, **महलों का दुर्ग, जयपुर ध्वजगढ** आदि।
- **श्रेणी-** गिरि श्रेणी का है, जो मीठड़ी पहाड़ी पर स्थित है।
- नाहरगढ़ दुर्ग का निर्माण **मराठा आक्रांताओ से बचने** हेतु किया गया। **नामकरण -** नाहरसिंह भोमिया के नाम पर।

**8. [a]**

**व्याख्या:-**

- भटनेर दुर्ग राजस्थान का **सबसे प्राचीन दुर्ग** है।
- भटनेर दुर्ग पर **सबसे अधिक विदेशी आक्रमण** हुए।
- 1003 ई. में **महमूद गजनवी** का प्रथम विदेशी आक्रमण हुआ तथा अंतिम विदेशी आक्रमण 1532-34 ई. का **कामरान** का हुआ।
- यह दुर्ग राजस्थान का एकमात्र ऐसा दुर्ग है जहाँ पर **मुस्लिम महिलाओं ने जौहर** किया। यह जौहर 1398 ई. में हुआ था। उस समय भटनेर का शासक **दूलचंद** था और आक्रमण **तैमूर लंग** का हुआ।

- इस जौहर का प्रमाण तैमूर लंग की आत्मकथा **'तुजुक ए तैमुरी'** में मिलता है।
- इस दुर्ग में बलबन के किलेदार '**शेर खाँ की कब्र**' है।
- भटनेर दुर्ग में एक प्रवेशद्वार पर एक राजा के साथ **6** नारियों की आकृतियाँ बनी हैं।

**9. [b]**

**व्याख्या:-**

**भैसरोड़गढ़ (चित्तौड़गढ़)**

- स्थिति- चंबल व बामनी नदियों के संगम पर
- श्रेणी- जल/औदक दुर्ग
- निर्माण- भैसा शाह व रोड़ा चारण/बनजारा
- उपनाम- **राजस्थान का वैल्लोर**
- **कर्नल जैम्स टॉड का कथन –** "अगर मुझे राजपूताना में कोई जागीर पेश की जाए तो मैं भैंसरोड़गढ़ को ही चुनेंगे।"

**10. [b]**

**व्याख्या:-**

- मुस्तफाबाद: गागरोन दुर्ग को **1444** ई. में मांडू के सुल्तान महमूद खिलजी प्रथम ने जीता और इसका नाम बदलकर 'मुस्तफाबाद' रखा था। (नोट: मोमिनाबाद आमेर/जयपुर का परिवर्तित नाम था, जिसे मुगल सम्राट बहादुर शाह प्रथम ने रखा था)।

**11. [c]**

**व्याख्या:-**

**तारागढ़ का किला**

- **यह** गिरि **का श्रेष्ठ उदाहरण है।**
- **इसके उपनाम – राजपुताना की कुंजी, अरावली का अरमान, राजस्थान का हृदय, गढ़ बीठली, राजस्थान का जिब्राल्टर।**
- इस दुर्ग का प्रारम्भिक नाम **अजयमेरु दुर्ग** था।
- **निर्माण-** अजमेर जिले के इस दुर्ग का निर्माण 1113 ई. में अजयराज ने बीठली पहाड़ी पर करवाया।
- इसका प्रथम बार **जीर्णोद्धार उड़ना राजकुमार पृथ्वीराज सिसोदिया** ने करवाकर अपनी वीरांगना पत्नी तारा के नाम पर इसका नाम **तारागढ़** रखा।
- **बिशप हैबर** ने तारागढ़ दुर्ग को '**पूर्व का जिब्राल्टर**' की संज्ञा दी।
- **लॉर्ड विलियम बैंटिक** ने इसे देखकर कहा ◈ ओह! दूसरा जिब्राल्टर
- **प्रवेश द्वार -** विजय पोल, लक्ष्मी पोल, फूटा दरवाजा, भवानी पोल, हाथी पोल, अरकोट दरवाजा।

**12. [a]**

**व्याख्या:-**

- तारागढ़ की प्राचीर में 14 विशाल बुर्जे है, जिनमे घूंघट बुर्ज, गूगड़ी बुर्ज, फूटी बुर्ज, बांदरा बुर्ज, इमली बुर्ज, खिड़की बुर्ज तथा फतेह बुर्ज प्रमुख हैं।
- तारागढ़ की पहाड़ी के ठीक नीचे एक प्राचीन गुफा **शीशाखान** है जो गर्मियों में बिल्कुल ठंडी व शीत ऋतु में गर्म रहती है।
- इस दुर्ग में बड़े जलाशय **नाना साहब का झालरा, गोल झालरा, इब्राहीम झालरा, बड़ा झालरा** आदि स्थित है।

**13. [b]**

**व्याख्या:-**

**राजस्थान के प्रमुख दुर्गों में स्थित जलस्रोत/जलाशय/तड़ाग-**

- **तारागढ़ (अजमेर)- नाना साहब का झालरा, इब्राहीम का झालरा**, गोल झालरा तथा बड़ा झालरा
- **बाला किला (अलवर)-** सूरज कुण्ड व सलीम सागर
- **नागौर दुर्ग-** शुक्र तालाब-अकबर ने बनवाया।
- **रणथंभौर दुर्ग (सवाई माधोपुर)-** रनिहाड़ व मलिक व पद्मला तालाब
- **मेहरानगढ़ (जोधपुर)-** राणीसर व पद्मसर तालाब
- **सोनारगढ़ (जैसलमेर)-** जैसलू कुंआ
- **कुंभलगढ़ दुर्ग (राजसंमद)-** झालीबाव बावड़ी व मामादेव कुण्ड
- **तिमनगढ़/त्रिभुवनगढ़ (करौली)-** ननंद – भौजाई कुंआ
- **दौसा का किला-** राजाजी का कुंआ
- **चित्तौड़गढ़-** चित्रांग मोरी व पद्मिनी तालाब
- **आमेर दुर्ग (जयपुर)-** मावठा जलाशय
- **सिवाणा दुर्ग (बालोतरा)-** भांडेलाव तालाब
- **अचलगढ़ (सिरोही)-** मंदाकिनी कुण्ड व सावन- भादो झील
- **तारागढ़ (बूँदी)-** जैतसागर, नवल सागर व फूल सागर
- **जयगढ़ दुर्ग (जयपुर)-** पानी के विशाल टांकों के लिए प्रसिद्ध

**14. [d]**

**व्याख्या:-**

पचेवर दुर्ग – यह धौलपुर में नहीं, बल्कि टोंक जिले (मालपुरा तहसील) में स्थित है। धौलपुर में मुख्य रूप से शेरगढ़ दुर्ग स्थित है।

**15. [b]**

**व्याख्या:-**

**तारागढ़, अजमेर**

- तारागढ़ दुर्ग का सबसे ऊंचा भाग '**मीरान साहब की दरगाह**' कहलाता है।
- यह दरगाह तारागढ़ के **प्रथम गवर्नर मीर हुसैन खिंगसवार** की है।

**16. [b]**

**व्याख्या:-**

- **राजस्थान में अकबर का किला** अजमेर में **स्थित है।**
- **निर्माण-** अकबर ने 1571-72 ई. में अजमेर नगर के मध्य अकबर के किला का निर्माण करवाया, जिसे मैगजीन दुर्ग भी कहते हैं।
- मैग्जीन दुर्ग के प्रवेश द्वार को **जहाँगीरी पोल** के नाम से जानते हैं।
- **अन्य नाम**- अकबर का दौलतखाना, मुगल किला, मैग्जीन दुर्ग, शास्त्रागार दुर्ग।
- इस दुर्ग की **नींव संत दादूदयाल** ने रखी।
- 1576 ई. में हल्दी घाटी युद्ध की योजना इस दुर्ग में बनी थी।

**17. [a]**

**व्याख्या:-**

**बूँदी का तारागढ़ दुर्ग**

- **उपनाम :- तिलस्मी का किला।**
- **निर्माण -** राव बरसिंह द्वारा **1354** ई. में।
- **श्रेणी-** गिरि दुर्ग।
- **नामकरण-** धरती से आकाश के तारे के समान दिखलाई पड़ने के कारण तारागढ़।
- **प्रवेश द्वार -** हाथी पोल, गणेश पोल, हजारी पोल, पाटन पोल, भैरव पोल एवं शकल बारी दरवाजा।
- '**गर्भ गुंजन**' तोप इसी दुर्ग में रखी हुई है।
- **कर्नल जेम्स टॉड** ने बूँदी के राजमहलों को राजस्थान के सभी राजप्रासादों में सर्वश्रेष्ठ बताया है।
- "ये महल मानव नहीं, प्रेतों द्वारा बनाए गए लगते हैं।" ये कथन रुडयार्ड किपलिंग द्वारा **बूँदी दुर्ग** के महल के बारे में कहा गया है।
- **प्रमुख महल -** छत्र-महल, अनिरुद्ध महल, रतन-महल, बादल-महल, फूल महल।
- मेवाड़ महाराणा राणा लाखा ने इस दुर्ग को जीतने की प्रतिज्ञा पूर्ण न करने पर मिट्टी का नकली दुर्ग बनाकर उसे ध्वस्त करके अपनी कसम पूरी की।

**18. [c]**

**व्याख्या:-**

**जूनागढ़**

- जूनागढ़ का दुर्ग '**धान्वन दुर्ग**' की श्रेणी में आता है। **यह किला मरुस्थलीय किले की श्रेणी में आता है।**
- जूनागढ़ दुर्ग के सम्बन्ध में **दीनानाथ दुबे** की उक्ति – 'दीवारों के भी कान होते है पर जूनागढ़ के महलों की दीवारें तो बोलती हैं।'
- राजस्थान में पहली बार लिफ्ट इसी दुर्ग में लगाई थी।

**उपनाम-**

(1) जमीन का जेवर
(2) चिंतामणि
(3) रातीघाटी का किला।

**दुर्ग के दर्शनीय स्थल :-**

- अनूपमहल – अनूपसिंह
- फूल महल – अभयसिंह
- कर्णमहल – अनूपसिंह
- चन्द्र महल
- लाल निवास व लालगढ – गंगा सिंह
- छत्र महल
- गंगा निवास महल
- दलेल निवास महल
- रतन निवास महल
- सरदार निवास।
- 33 **करोड़ देवी-देवताओं का मंदिर -** यहाँ सिंह पर सवार गणपति **(**हेरंब गणपति**)** की दुर्लभ प्रतिमा है।

**19. [d]**

**व्याख्या:-**

**सिवाणा दुर्ग –**

- **निर्माण -** परमार शासक वीर नारायण पंवार द्वारा **954** ई. में **(10**वीं सदी**)** में **हल्देश्वर पहाड़ी पर**।
- **श्रेणी-** गिरि दुर्ग, सहाय दुर्ग, कुमट दुर्ग।
- **प्रारम्भिक नाम -** कुम्थाना।

**दुर्ग में 2 साके हुए –**

1. **प्रथम साका - 1308** ई. में अलाउद्दीन खिलजी के आक्रमण के समय, इस समय दुर्ग का रक्षक **सातलदेव सोनगरा** था। अलाउद्दीन खिलजी ने सिवाणा दुर्ग का नाम **खैराबाद** रखा था।
2. **द्वितीय साका -** अकबर ने मोटा राजा उदयसिंह के नेतृत्व में सिवाणा शासक **वीर कल्ला रायमलोत** पर आक्रमण किया। वीर कल्ला वीर गति को प्राप्त हुए तथा हाड़ी रानी ने सभी स्त्रियों के साथ जौहर किया।

- गिरि सुमेल युद्ध **(1544 ई.)** के बाद राव मालदेव ने शेरशाह की सेना द्वारा पीछा किये जाने पर सिवाणा दुर्ग में आश्रय लिया था।
- यह दुर्ग मारवाड़ के शासकों की संकटकाल में शरणस्थली के रूप में प्रसिद्ध है।
- '**शेर-ए-राजस्थान**' नाम से विख्यात जयनारायण व्यास को इसी दुर्ग में **नजरबंद** रखा गया।

**20. [d]**

**व्याख्या:-**

**रणथंभौर दुर्ग (सवाई माधोपुर)**

- निर्माण- इसके निर्माण को लेकर विद्वानों के अनेक मत है–
- महेश्वर के राजा रंतिदेव द्वारा।
- सपादलक्ष के चौहान राजा रणथान देव द्वारा।
- राव जैता द्वारा 8वीं शताब्दी में।
- सर्वाधिक मान्य मत – अजमेर के चौहान शासक राजा जयंत द्वारा 8वीं शताब्दी में।
- प्रारंभिक नाम- **रणस्तंभपुर**
- प्रवेश द्वार- नौलखा दरवाजा, अंधेरी दरवाजा / त्रिपोलिया दरवाजा
- प्रमुख महल- जोगी महल, सुपारी महल तथा हम्मीर महल, पुष्पक महल, जौरा भौरा महल
- धार्मिक स्थल- त्रिनेत्र गणेश मंदिर तथा पीर सदरूद्दीन की दरगाह - (अलाउद्दीन खिलजी)
- तालाब/जलस्रोत- रनिहाड़ व पद्मला तालाब, मलिक तालाब
- अन्य प्रसिद्ध स्थल- जौरा-भौरा (अनाज भण्डार) व **32 खंभों की छतरी, न्याय की छतरी, जयसिंह की छतरी**
- दुर्ग का पतन/साका- 11 जुलाई, 1301 ई.
- प्रसिद्ध शासक- हम्मीर देव चौहान (हठी हम्मीर)
- हम्मीर से संबंधित उक्ति- **"तिरिया, तेल, हम्मीर हठ, चढ़े ना दूजी बार"।**
- नाथावतों के इतिहास के अनुसार यह दुर्ग **शिव- पिण्ड** पर रखे बीलपत्र की तरह दिखाई देता है।
- रणथंभौर दुर्ग की सुदृढ़ नैसर्गिक सुरक्षा- व्यवस्था से प्रभावित होकर अबुल फजल ने लिखा है कि- अन्य सब दुर्ग नग्न (नंगे) हैं, जबकि यह दुर्ग बख्तरबंद हैं।

**21. [d]**

**व्याख्या:-**

**कुम्भलगढ़ दुर्ग-**

- **निर्माण-** इस दुर्ग का निर्माण **महाराणा कुम्भा** ने **1448-1458** ई. में मौर्य शासक **सम्प्रति** द्वारा निर्मित एक प्राचीन दुर्ग के ध्वंसावशेषों पर **शिल्पी मंडन** की देखरेख में करवाया था।
- मेवाड़ **–** मारवाड़ सीमा पर राजसमन्द जिले में स्थित **गिरि दुर्ग।**
- यह दुर्ग अरावली पर्वत की **13** ऊँची चोटियों से घिरा दुर्ग है, जो **36** किमी**.** लम्बे परकोटे से सुरक्षित है।
- इस दुर्ग की सुरक्षा दीवार इतनी चौड़ी है कि एक साथ **चार/आठ घुड़सवार** (RBSE के अनुसार) चल सकते हैं।
- **उपनाम -** मेवाड़ की आँख**,** मेवाड़ की संकटकालीन राजधानी**,** मत्स्येन्द्र**,** एस्ट्रूस्कन **(कर्नल टॉड),** कुंभलमेरु**,** कमलमीर**, अजेय दुर्ग** आदि।
- **प्रवेश द्वार -** ओरठ पोल**,** हल्ला पोल**,** हनुमान पोल**,** विजय पोल**,** भैरव पोल**,** चौगान पोल**,** पागड़ा पोल और गणेश पोल। **(9 द्वार)**
- नवीनीकरण- महाराणा फतेह सिंह द्वारा (19वीं शताब्दी में)।
- इतिहासकार हरविलास शारदा ने इसे कुंभा की "सैनिक मेधा" का प्रतीक कहा है।

**22. [b]**

**व्याख्या:-**

- कुंभलगढ़ दुर्ग की ऊँचाई के बारे में **अबुल फजल** ने लिखा है कि "यह इतनी बुलन्दी पर बना हुआ है कि नीचे से ऊपर की ओर देखने पर सिर से पगड़ी गिर जाती है।"

**23. [b]**

**व्याख्या:-**

- जैसलमेर के सोनारगढ़ के नाम से प्रसिद्ध दुर्ग की नींव **जैसल भाटी** ने 1155 ई. में रखी।
- इस दुर्ग का निर्माण शालिवाहन द्वितीय ने पूर्ण करवाया।
- स्थिति- त्रिकूट पहाड़ी (गोरहरा पहाड़ी)
- आकृति- त्रिकूटाकृति (त्रिभुजाकार)
- निर्माण- पीले पत्थरों से (चूने का प्रयोग नहीं)
- श्रेणी- धान्वन दुर्ग
- प्रथम प्रवेश द्वार- अक्षयपोल या अखेपोल

# राजस्थान का भूगोल

# 01 स्थिति, विस्तार एवं भौतिक विशेषताएँ

## स्थिति एवं विस्तार

**1. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. राजस्थान भारत का क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा राज्य है।**
**2. राजस्थान का अक्षांशीय विस्तार 23°3' उ.अ. से 30°12' उ.अ. तक है।**
**3. कर्क रेखा राजस्थान के मध्य भाग से होकर गुजरती है।**
**4. राजस्थान का देशांतर विस्तार 69°30' पू.दे. से 78°17' पू.दे. तक है।**
**सही कथनों का चयन कीजिए–**
(a) केवल 1, 2 और 4 (b) केवल 1 औतर 3
(c) केवल 2 और 3 (d) सभी कथन सही हैं

**2. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. कर्क रेखा राजस्थान के बाँसवाड़ा जिले से होकर गुजरती है।**
**2. राजस्थान का क्षेत्रफल महाराष्ट्र से अधिक है।**
**3. राजस्थान का देशांतर विस्तार 70° पू.दे. से 80° पू.दे. तक है।**
**4. राजस्थान का विस्तार 23°3' उ.अ. से 30°12' उ.अ. तक है।**
**सही उत्तर का चयन कीजिए–**
(a) केवल 1 और 4 (b) केवल 1, 2 और 4
(c) केवल 3 और 4 (d) सभी कथन सही

**3. भारत में राजस्थान की भौगोलिक स्थिति है-**
(a) उत्तर-पश्चिमी भाग (b) दक्षिण-पश्चिमी भाग
(c) उत्तर-पूर्वी भाग (d) दक्षिण-पूर्वी भाग

**4. सूची-I को सूची II से सुमेलित करें:-**

| सूची-I (देश-राज्य) | सूची II (राजस्थान की सीमा) |
|---|---|
| (a) पाकिस्तान | (i) दक्षिण |
| (b) मध्यप्रदेश | (ii) पूर्व |
| (c) पंजाब | (iii) उत्तर |
| (d) गुजरात | (iv) उत्तर-पश्चिम |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(a) a-iv, b-iii, c-ii, d-i (b) a-iv, b-ii, c-iii, d-i
(c) a-iv, b-i, c-ii, d-iii (d) a-i, b-ii, c-iii, d-iv

**5. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**(A) राजस्थान भारत के उत्तर-पश्चिम भाग में स्थित है।**
**(B) राजस्थान का आकार पतंग/समांतर असमचतुर्भुजाकार माना जाता है।**
**(C) राजस्थान का आकार त्रिभुजाकार है।**
**(D) राजस्थान का आकार प्लेट के समान है।**
**सही उत्तर का चयन कीजिए–**
(a) केवल (A) और (B) (b) केवल (B) और (C)
(c) केवल (A), (B) और (D) (d) सभी (A), (B), (C), (D)

**6. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को कथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है। इन्हे ध्यानपूर्व पढें:**
**कथन (A): राजस्थान का सबसे पश्चिमी बिंदु जैसलमेर का 'कटरा' गांव है।**
**कारण (R): राजस्थान की अंतर्राष्ट्रीय सीमा (रेडक्लिफ लाइन) केवल जैसलमेर जिले से लगती है।**
**विकल्प:**
(a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(c) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।
(d) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है।

**7. राजस्थान के बारे में कौन-सा कथन सत्य है?**
(a) इसका आधार विषमकोण चतुर्भुज के समान है।
(b) इसका उत्तर से दक्षिण विस्तार 869 किमी. है।
(c) इसकी स्थलीय सीमा 6920 किमी. है।
(d) इसका क्षेत्रफल 3,42329 वर्ग किमी. है।

**8. राजस्थान राज्य का कुल क्षेत्रफल है, लगभग -**
(a) 2 लाख 24 हजार वर्ग किमी. (b) 3 लाख 42 हजार वर्ग किमी.
(c) 4 लाख 24 हजार वर्ग किमी. (d) 5 लाख 42 हजार वर्ग किमी.

**9. निम्नलिखित राज्यों को उनके क्षेत्रफल के अनुसार अवरोही क्रम में व्यवस्थित करें।**
**(A) राजस्थान (B) हरियाणा**
**(C) उत्तर प्रदेश (D) गुजरात**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(a) (A), (C), (B), (D)
(b) (B), (D), (C), (A)
(c) (D), (B), (C), (A)
(d) (A), (C), (D), (B)

**10. राजस्थान का क्षेत्रफल निम्नलिखित यूरोपीय देशों में से किनके क्षेत्रफल के लगभग बराबर है?**
**1. नार्वे 2. बेल्जियम 3. स्विट्जरलैण्ड 4. पोलैण्ड**
**कुट:-**
(a) 1, 2, 4 (b) 1, 3
(c) 2, 4 (d) 1, 4

**11. राजस्थान राज्य की स्थिति एवं विस्तार के सम्बन्ध में सही कथन नहीं है?**
(a) राज्य का उत्तर-दक्षिण एवं पूर्व-पश्चिम विस्तार क्रमशः 869 किलोमीटर तथा 826 किलोमीटर है।
(b) राज्य की आकृति विषमकोण चतुर्भुज के समान है।
(c) राज्य की अन्तर्राष्ट्रीय एवं अन्तर्राज्यीय सीमाओं की लम्बाई क्रमशः 1070 किमी. तथा 4850 किमी. है।
(d) राज्य का भौगोलिक क्षेत्र भारत के कुल क्षेत्रफल का 10.41 प्रतिशत के बराबर है।

**12. राजस्थान के बारे में निम्नांकित कथनों में से कौनसा एक सही नहीं है?**
(a) उत्तर-दक्षिण की अपेक्षा पूर्व-पश्चिम विस्तार अधिक है।
(b) उत्तर-दक्षिण की अपेक्षा पूर्व-पश्चिम विस्तार कम है।
(c) इसकी कुल स्थल सीमा 6000 किमी. से कम है।
(d) इसका अक्षांशीय विस्तार 7 अक्षांश से कम नहीं है।

**13. राजस्थान के निम्नलिखित जिलों को दक्षिण से उत्तर के क्रम में बढ़ते हुए अक्षांश के अनुसार व्यवस्थित करें।**
**(a) झालावाड़**
**(b) झुंझुनूं**
**(c) जोधपुर**
**(d) सवाई माधोपुर**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(a) (a), (c), (b), (d)
(b) (a), (b), (d), (c)
(c) (d), (c), (b), (a)
(d) (a), (d), (c), (b)

**14. राजस्थान के निम्नलिखित शहरों को पश्चिम से पूर्व दिशा में व्यवस्थित करें।**
**a. बाड़मेर**
**b. बून्दी**
**c. पाली**
**d. राजसमंद**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(a) a, c, d, b (b) c, a, b, d
(c) b, d, a, c (d) d, b, a, c

**15. राजस्थान की भौगोलिक स्थिति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
**1. रामदेवरा (जैसलमेर), जिला मुख्यालय से पूर्व दिशा में स्थित है।**
**2. राजस्थान का सबसे दक्षिणतम जिला राजसमंद है।**
**3. सोजत और मारवाड़ जंक्शन दोनों पाली जिले के अंतर्गत आते हैं।**
**4.अक्षांशों के आधार पर झुंझुनूं, जोधपुर से अधिक उत्तर में स्थित है।**
**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सत्य हैं?**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 2, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

**16. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को कथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है:**
**कथन (A): राजस्थान के श्रीगंगानगर और बाड़मेर जिलों को 'अन्तर्राष्ट्रीय-अन्तर्राज्यीय' जिलों की श्रेणी में रखा जाता है।**
**कारण (R): ये दोनों जिले पाकिस्तान के साथ अंतर्राष्ट्रीय सीमा बनाने के साथ-साथ पड़ोसी भारतीय राज्यों के साथ भी सीमा साझा करते हैं।**
**कूट:–**
(a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(c) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।
(d) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है।

**17. राजस्थान राज्य का अक्षांशीय विस्तार है?**
(a) 23°3' दक्षिण से 30° 12' दक्षिण
(b) 23° 3' उत्तर से 30°12' उत्तर
(c) 23°3' उत्तर से 30° 12' दक्षिण
(d) 30°12' उत्तर से 2.3" 3' दक्षिण

**18. सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें:**

| सूची-I (जिला) | सूची-II (सीमा) |
|---|---|
| (a) जालोर | (i) उत्तर प्रदेश |
| (b) श्री गंगानगर | (ii) गुजरात |
| (c) भरतपुर | (iii) मध्य प्रदेश |
| (d) बाँसवाड़ा | (iv) पंजाब |


**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(a) a-iv, b-iii, c-ii, d-i
(b) a-ii, b-iv, c-i, d-iii
(c) a-ii, b-iv, c-iii, d-i
(d) a-i, b-ii, c-iii, d-iv

**19. सूची-I (विशेषता) को सूची-II (संबंधित जिले) से सुमेलित कीजिए:**

| सूची-I (विशेषता) | सूची-II (जिला/जिले) |
|---|---|
| (A) गुजरात व पाकिस्तान के साथ सीमा | (1) हनुमानगढ़ व श्रीगंगानगर |
| (B) पंजाब के साथ सीमा साझा करने वाले | (2) बाड़मेर |
| (C) सर्वाधिक लंबी अंतर्राष्ट्रीय सीमा | (3) श्रीगंगानगर व बाड़मेर |
| (D) अंतर्राष्ट्रीय व अंतर्राज्यीय दोनों सीमाएँ | (4) जैसलमेर |

**कूट (Codes):**
(a) A-2, B-1, C-4, D-3
(b) A-1, B-2, C-3, D-4
(c) A-3, B-4, C-1, D-2
(d) A-2, B-3, C-4, D-1

**20. मानचित्र में उन गाँवों की स्थिति को दर्शाया गया है जहाँ से राजस्थान का उत्तर-दक्षिण व पूर्व-पश्चिम विस्तार नापा जाता है। ये स्थितियाँ (i), (ii), (iii) और (iv) से अंकित की गई हैं। नीचे दी गई क्रमावली का सही अनुक्रम पहचानिए-**




(a) सिलौन, कोणा, कटरा, बोरकुंड
(b) बोरकुंड, सिलॉन, कटरा, कोणा
(c) कटरा, कोणा, बोरकुंड, सिलौन
(d) कोणा, कटरा, सिलौन, बोरकुंड

**21. कर्क रेखा राजस्थान के किन जिलों से होकर गुजरती है?**
(a) बारां व झालावाड़
(b) बाड़मेर व चूरू
(c) बाँसवाड़ा व डूँगरपुर
(d) बूँदी व भीलवाड़ा

22. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. 21 जून को सूर्य की लम्बवत किरणें राजस्थान के बाँसवाड़ा जिले में पड़ती हैं।**
**2. कर्क रेखा राजस्थान के दक्षिणी भाग से होकर गुजरती है।**
**3. राजस्थान में सूर्य किरणों का तिरछापन सर्वाधिक श्रीगंगानगर जिले में होता है।**
**4. जैसलमेर राजस्थान का सर्वाधिक उत्तरी जिला है।**
**सही उत्तर का चयन कीजिए–**
(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 1 और 4
(c) केवल 2 और 3
(d) सभी 1, 2, 3 और 4

23. **सुमेलित कीजिए-**

| **जिला** | **अक्षांश/देशान्तर** |
|---|---|
| **(A) बाँसवाड़ा** | **(I) 30°12' उत्तर** |
| **(B) जैसलमेर** | **(II) 69°30' पूर्व** |
| **(C) धौलपुर** | **(III) 23°3' उत्तर** |
| **(D) गंगानगर** | **(IV) 78°17' पूर्व** |

**कूट:-**
(a) A-III,B-II,C-I,D-IV (b) A-III,B-II,C-IV,D-I
(c) A-II,B-III,C-IV,D-I (d) A-I,B-II,C-IV,D-III

24. **23° उत्तरी अक्षांश तथा 70° पूर्वी देशान्तर रेखाएँ राजस्थान के निम्नलिखित में से क्रमशः किन जिलों से होकर गुजरती हैं?**
(a) बाँसवाड़ा व जैसलमेर (b) डूँगरपुर व नागौर
(c) बाँसवाड़ा व डूँगरपुर (d) डूँगरपुर व धौलपुर

## उत्तर सहित व्याख्या

1. **[a]**


**व्याख्या:–**
- कथन 3 गलत है क्योंकि कर्क रेखा राजस्थान के **दक्षिणी भाग** से गुजरती है, न कि मध्य भाग से।

2. **[a]**

**व्याख्या:–**
- कथन 1 सही है।
- कथन 2 गलत है (राजस्थान भारत का सबसे बड़ा राज्य है, महाराष्ट्र नहीं)।
- कथन 3 गलत है (सही देशांतर विस्तार 69°30' से 78°17' पू.दे. है)।
- कथन 4 सही है।

3. **[a]**

**व्याख्या:–**
- राजस्थान भारत के उत्तर-पश्चिमी भाग (वायव्य कोण) में स्थित है। इसकी सीमाएँ पश्चिम में पाकिस्तान, उत्तर में पंजाब, उत्तर-पूर्व में हरियाणा व उत्तरप्रदेश, दक्षिणी-पूर्व में मध्यप्रदेश तथा दक्षिणी-पश्चिम में गुजरात से लगती है।
- विश्व में राजस्थान उत्तरी पूर्वी गोलार्द्ध में स्थित है।
- राजस्थान की आकृति T.H. हैण्डले के अनुसार विषमकोणीय चतुर्भुजाकार/पतंगाकार/रोहम्बस के समान है।
- **टोंक** जिले की आकृति राजस्थान की आकृति के समान है।






- **कोण -** ईशान कोण
- **अक्षांश (Latitude)**: 23°03' से 30°12' उत्तरी
- **देशांतर (Longitude)**: 69°30' से 78°17' पूर्वी

**राजस्थान की ग्लोबीय स्थिति**

**अक्षांशीय स्थिति**
अक्षांशीय दृष्टि से राजस्थान उत्तरी गोलार्द्ध में स्थित है।)

**देशांतरीय स्थिति**
(देशांतरीय दृष्टि से राजस्थान पूर्वी गोलार्द्ध में स्थित है।)

4. **[b]**

**व्याख्या:-**
- पाकिस्तान राजस्थान के उत्तर–पश्चिम में स्थित है
- मध्यप्रदेश राजस्थान के पूर्व में है।
- पंजाब राजस्थान के उत्तर में स्थित है।
- गुजरात राजस्थान के दक्षिण में है।
- अतः सही सुमेलित क्रम होगा – a-iv, b-ii, c-iii, d-i।

**(iii)** उत्तर
पंजाब
↑
**(iv)** उत्तर-पश्चिम ← राजस्थान → **(ii)** पूर्व
पाकिस्तान — मध्यप्रदेश
↓
**(i)** दक्षिण
गुजरात

5. **[a]**

**व्याख्या:-**
- (a) सही – राजस्थान भारत के उत्तर-पश्चिम में स्थित है।
- (b) सही – प्रतियोगी परीक्षाओं में राजस्थान का आकार पतंग/समांतर असमचतुर्भुजाकार बताया जाता है।
- (c) गलत – राजस्थान त्रिभुजाकार नहीं है।
- (d) गलत – प्लेट के समान आकार का वर्णन सही नहीं है।

6. **[c]**

**व्याख्या:–**
- कथन (A) सही है: राजस्थान का देशांतरीय विस्तार 69°30' पूर्वी देशांतर से शुरू होता है। यह बिंदु जैसलमेर जिले की सम (Sam) तहसील के 'कटरा' गांव में स्थित है। यह राजस्थान का सुदूर पश्चिमी छोर है।

- कारण (R) गलत है: यह कहना गलत है कि अंतर्राष्ट्रीय सीमा केवल जैसलमेर से लगती है। राजस्थान की 1,070 किमी लंबी अंतर्राष्ट्रीय सीमा (रेडक्लिफ रेखा) वर्तमान में 5 जिलों (फलोदी के गठन के बाद) से लगती है:
  - श्रीगंगानगर, फलोदी, बीकानेर
  - जैसलमेर (सबसे लंबी सीमा - 464 किमी)

**7. [a]**

**व्याख्या:-**

- राजस्थान भारत का क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा राज्य है, जिसका कुल क्षेत्रफल 3,42,239 वर्ग किमी (भारत का 10.41%) है।
- विषमकोण चतुर्भुज (पतंग) के आकार का यह राज्य उत्तर से दक्षिण में 826 किमी और पूर्व से पश्चिम में 869 किमी लंबा है, जिसकी कुल स्थलीय सीमा 5,920 किमी है।

**8. [b]**

**व्याख्या:-**

- राजस्थान का क्षेत्रफल **3,42,239 वर्ग किमी.** है।
- 1 नवम्बर 2000 को मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ अलग होने पर राजस्थान क्षेत्रफल की दृष्टि से प्रथम स्थान पर आया।

**9. [d]**

**व्याख्या:–**

- राज्यों को उनके क्षेत्रफल के अनुसार अवरोही क्रम (घटते क्रम) में व्यवस्थित करने पर सही क्रम इस प्रकार है:
  (A) राजस्थान: लगभग 3,42,239 वर्ग किमी (भारत का सबसे बड़ा राज्य)
  (C) उत्तर प्रदेश: लगभग 2,40,928 वर्ग किमी (चौथा सबसे बड़ा राज्य)
  (D) गुजरात: लगभग 1,96,024 वर्ग किमी
  (B) हरियाणा: लगभग 44,212 वर्ग किमी


**10. [d]**

**व्याख्या:-**

- राजस्थान का क्षेत्रफल लगभग **नार्वे (3,23,802 वर्ग किमी.)** और **पोलैण्ड (3,12,696 वर्ग किमी.)** के बराबर है।
- जर्मनी, जापान, वियतनाम के भी लगभग बराबर है।
  इसके अतिरिक्त:
- **ब्रिटेन** से लगभग **2 गुना** बड़ा
- **श्रीलंका** से लगभग **5 गुना**
- **इज़रायल** से लगभग **17 गुना**
- **बेल्जियम से लगभग 13 गुना**
- **स्विट्ज़रलैंड और बेल्जियम** की तुलना में भी कहीं अधिक बड़ा है।
- राजस्थान का क्षेत्रफल कई देशों से भी अधिक है, जो इसे विश्व स्तर पर भी एक महत्वपूर्ण स्थान देता है।

**11. [a]**

**व्याख्या:-**





**12. [b]**

**व्याख्या:-**

- राजस्थान का पूर्व-पश्चिम विस्तार (869 किमी.) उत्तर दक्षिणी विस्तार (826 किमी.) से अधिक है।
- राज्य की सीमा लगभग 5920 किमी. है (स्थल सीमा < 6000 किमी.)
- अक्षांशीय विस्तार लगभग **7 डिग्री** से कम है (23°03'N से 30°12'N)

**राजस्थान का अक्षांशीय एवं देशांतरीय विस्तार**




**13. [d]**

**व्याख्या:-**

- राजस्थान का अक्षांशीय विस्तार **23°03' उत्तरी अक्षांश से 30°12' उत्तरी अक्षांश** तक है। दक्षिण से उत्तर के क्रम में व्यवस्थित करने का अर्थ है कम अक्षांश से अधिक अक्षांश की ओर जाना:
- **झालावाड़ (a):** यह राजस्थान के सुदूर दक्षिण-पूर्वी हिस्से में स्थित है (लगभग **24°** अक्षांश)।
- **सवाई माधोपुर (d):** यह झालावाड़ के उत्तर में स्थित है (लगभग **26°** अक्षांश)।
- **जोधपुर (c):** सवाई माधोपुर की तुलना में इसका अक्षांशीय विस्तार थोड़ा उत्तर की ओर है (लगभग **26.2°** अक्षांश)।
- **झुंझुनूं (b):** यह राजस्थान के उत्तरी भाग (शेखावाटी क्षेत्र) में स्थित है**,** इसलिए इसका अक्षांश सबसे अधिक है (लगभग **28°** अक्षांश)।
- **सही क्रम:** झालावाड़– सवाई माधोपुर– जोधपुर – झुंझुनूं।

**14. [a]**

**व्याख्या:**

- राजस्थान के शहरों को **पश्चिम से पूर्व** दिशा में उनके देशांतरीय विस्तार के आधार पर इस प्रकार व्यवस्थित किया जा सकता है:
- **बाड़मेर (a):** यह राजस्थान के सुदूर पश्चिम में स्थित सीमावर्ती जिला है।
- **पाली (c):** बाड़मेर के पूर्व में स्थित है।
- **राजसमंद (d):** यह पाली के पूर्व और थोड़ा दक्षिण-पूर्व की ओर स्थित है।
- **बून्दी (b):** यह हाड़ौती क्षेत्र में स्थित है**,** जो इन चारों में सबसे पूर्व में आता है।
- **सही क्रम:**

(पश्चिम) (पूर्व)
● बाड़मेर -------- ● पाली -------- ● राजसमंद -------- ● बून्दी

**15. [b]**

**व्याख्या:–**

- रामदेवरा: यह जैसलमेर मुख्यालय के पूर्व में पोकरण के पास स्थित है।
- दक्षिणतम जिला: राजस्थान का सबसे दक्षिणतम जिला बाँसवाड़ा है, राजसमंद नहीं।
- सोजत व मारवाड़ जंक्शन: ये दोनों स्थान भौगोलिक और प्रशासनिक रूप से पाली जिले में स्थित हैं।
- अक्षांशीय स्थिति: झुंझुनूं (उत्तर) का अक्षांश जोधपुर (मध्य) से अधिक है, इसलिए झुंझुनूं अधिक उत्तर में है।

**16. [a]**

**व्याख्या:-**

◈ सत्यता: राजस्थान की 1070 किमी लंबी रेडक्लिफ रेखा पर स्थित 5-6 जिलों में से केवल दो जिले ऐसे हैं जो दोहरी सीमा बनाते हैं।

◈ श्रीगंगानगर: यह पश्चिम में पाकिस्तान और उत्तर में पंजाब राज्य से सीमा बनाता है।

◈ बाड़मेर: यह पश्चिम में पाकिस्तान और दक्षिण में गुजरात राज्य से सीमा बनाता है।

◈ निष्कर्ष: चूंकि कारण (R) स्पष्ट करता है कि ये जिले अंतर्राष्ट्रीय और अंतर्राज्यीय दोनों सीमाएँ छूते हैं, इसलिए यह कथन (A) की सही व्याख्या है।

**नोट:** नवीनतम प्रशासनिक बदलावों के बाद अब अनूपगढ़ और फलौदी (आंशिक स्पर्श) भी अंतर्राष्ट्रीय सीमा का हिस्सा माने जाते हैं, जिससे सीमावर्ती जिलों की संख्या में वृद्धि हुई है।

**17. [b]**

**व्याख्या:-**

◈ राजस्थान पूर्णतः उत्तरी गोलार्द्ध में स्थित है, इसलिए इसके अक्षांशीय विस्तार के साथ हमेशा 'उत्तर' (North) शब्द का प्रयोग होता है।

◈ विस्तार राजस्थान का अक्षांशीय विस्तार 23° 03' उत्तरी अक्षांश (बोरकुण्ड गाँव, बाँसवाड़ा) से 30° 12' उत्तरी अक्षांश (कोणा गाँव, श्रीगंगानगर) तक है।

◈ कुल अंतर दोनों अक्षांशों के मध्य 7° 09' का अंतर है।

◈ दूरी उत्तर से दक्षिण की कुल लंबाई 826 किमी. है।

**18. [b]**

**व्याख्या:–**

**राजस्थान के सीमावर्ती जिलों और उनसे सटे राज्यों का सही मिलान निम्न है:**

◈ **जालोर – (ii) गुजरात:** जालोर अपनी सीमा गुजरात राज्य से साझा करता है।

◈ **श्री गंगानगर – (iv) पंजाब:** यह राजस्थान का उत्तरी जिला है जो पंजाब को स्पर्श करता है।

◈ **भरतपुर – (i) उत्तर प्रदेश:** भरतपुर की सीमा उत्तर प्रदेश (UP) से लगती है।

◈ **बाँसवाड़ा – (iii) मध्य प्रदेश:** बाँसवाड़ा दक्षिणी जिला है जो मध्य प्रदेश (और गुजरात) के साथ सीमा बनाता है।

**19. [a]**

**व्याख्या:–**

◈ **बाड़मेर (A-2):** यह एकमात्र जिला है जो दक्षिण में गुजरात और पश्चिम में **पाकिस्तान** से मिलता है।

◈ **पंजाब सीमा (B-1):** राजस्थान के केवल दो जिले, श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़, उत्तर में पंजाब को स्पर्श करते हैं।

◈ **जैसलमेर (C-4):** यह पाकिस्तान के साथ सर्वाधिक **464 किमी** लंबी सीमा बनाता है।

◈ **उभयनिष्ठ सीमा (D-3): श्रीगंगानगर** (पंजाब+पाक) और **बाड़मेर** (गुजरात+पाक) ऐसे जिले हैं जो अंतर्राष्ट्रीय और अंतर्राज्यीय दोनों सीमाएँ रखते हैं।

**20. [a]**

**व्याख्या:-**

◈ राजस्थान का विस्तार चार प्रमुख बिंदुओं से मापा जाता है:

◈ **उत्तर – कोणा गाँव**, श्रीगंगानगर

◈ **दक्षिण – बोरकुंड गाँव**, कुशलगढ़ (बाँसवाड़ा)

◈ **पश्चिम – कटरा गाँव**, सम (जैसलमेर)

◈ **पूर्व – सिलौन या सिलावट गाँव**, राजाखेड़ा (धौलपुर)

**21. [c]**

**व्याख्या:-**

◈ **कर्क रेखा (Tropic of Cancer)** पृथ्वी पर $23^1/_2°$ उत्तरी अक्षांश पर स्थित है। यह भारत के 8 राज्यों से होकर गुजरती है और राजस्थान के **दो जिलों** से गुजरती है।

◈ **बाँसवाड़ा** – विशेषतः **कुशलगढ़** क्षेत्र से

◈ **डूँगरपुर** – विशेषतः **चिकली गाँव** के आसपास

◈ यहाँ पर 21 जून को सूर्य की किरणें सीधी पड़ती हैं।

◈ इस दिन राजस्थान का सबसे बड़ा दिन व सबसे छोटी रात होती है, जबकि दक्षिणी गोलार्द्ध में सबसे छोटा दिन व सबसे बड़ी रात होती है।

**नोट:-** राजस्थान में कर्क रेखा की लंबाई 26 किमी. है।

**22. [a]**

**व्याख्या:–**

◈ **कथन 1 सही** – 21 जून को सूर्य कर्क रेखा पर लम्बवत चमकता है, और कर्क रेखा बाँसवाड़ा जिले से गुजरती है।

◈ **कथन 2 सही** – कर्क रेखा राजस्थान के दक्षिणी भाग (डूँगरपुर, बाँसवाड़ा) से होकर गुजरती है।

◈ **कथन 3 सही** – श्रीगंगानगर राजस्थान का उत्तरी जिला है, इसलिए वहाँ सूर्य किरणों का तिरछापन सर्वाधिक होता है।

◈ **कथन 4 गलत** – जैसलमेर पश्चिमी जिला है, सर्वाधिक उत्तरी जिला **श्रीगंगानगर** है।

**23. [b]**

**व्याख्या:–**

◈ बाँसवाड़ा (A) - राजस्थान का दक्षिणतम जिला, लगभग 23°3' उत्तर अक्षांश - (III)

◈ जैसलमेर (B) - पश्चिमतम जिला, लगभग 69°30' पूर्व देशांतर - (II)

◈ धौलपुर (C) - पूर्वतम जिला**, लगभग 78°17' पूर्व देशांतर - (IV)**

◈ गंगानगर (D) - उत्तरतम जिला, लगभग 30°12' उत्तर अक्षांश - (I)

**24. [a]**

**व्याख्या:–**

**राजस्थान की भौगोलिक स्थिति के अनुसार महत्वपूर्ण अक्षांश और देशांतर रेखाएँ इन जिलों से गुजरती हैं:**

◈ **23½° (23.5°) उत्तरी अक्षांश (कर्क रेखा):** यह रेखा राजस्थान के दक्षिणतम भाग से होकर गुजरती है। यह मुख्य रूप से **बाँसवाड़ा** जिले के मध्य से और डूँगरपुर जिले की दक्षिणी सीमा को स्पर्श करते हुए निकलती है। (प्रश्न में **23°** के निकटतम संदर्भ में बाँसवाड़ा सही उत्तर है)।

◈ **70° पूर्वी देशान्तर:** राजस्थान का पश्चिमी विस्तार **69°30' पूर्वी देशान्तर** से शुरू होता है। अतः **70°** पूर्वी देशान्तर रेखा राजस्थान के सुदूर पश्चिमी जिले **जैसलमेर** के मध्य से होकर गुजरती है।

♦ ♦ ♦ ♦

# भारतीय राजव्यवस्था

1. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-**
**1.भारतीय संविधान निर्माण प्रक्रिया को "नियति के साथ साक्षात्कार" की ऐतिहासिक अभिव्यक्ति कहा गया।**
**2."भारतीयों ने अपना संविधान बनाते समय नियति के साथ साक्षात्कार में कोई चूक नहीं की" यह टिप्पणी एक प्रसिद्ध संवैधानिक टीकाकार द्वारा की गई थी।**
**3.यह टिप्पणी ग्रेनविल ऑस्टिन द्वारा भारतीय संविधान सभा की कार्यप्रणाली की प्रशंसा करते हुए दी गई थी।**
**4.ग्रेनविल ऑस्टिन ने भारतीय संविधान को "एक सामाजिक दस्तावेज" भी कहा है।**
**उपरोक्त में से कौन-से कथन सही हैं?**
(a) केवल1, 2और 3
(b) केवल2, 3और 4
(c) केवल1 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

2. **संविधान सभा की वित्तीय व्यवस्था के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए**
**1. संविधान निर्माण का कुल व्यय लगभग 64 लाख रुपये था।**
**2. यह व्यय भारत सरकार द्वारा वहन किया गया।**
**3. ब्रिटिश संसद ने इसका वित्तपोषण किया।**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) 1 और 2
(c) 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

3. **नीचे दिए गए दो वक्तव्यों को अभिकथन (A) और तर्क (R) के रूप में चिह्नित किया गया हैं। दोनों वक्तव्यों के संदर्भ में, निम्न में से कौन सा सत्य है ?**
**अभिकथन (A) : भारतीय संविधान निकट रूप से ब्रिटिश संसदीय मॉडल का अनुसरण करता है।**
**तर्क (R) : भारत में संसद के ऊपरी सदन के पास न्यायिक शक्तियाँ हैं।**
**कूट-**
(a) (a) एवं (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।
(b) (a) एवं (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है।
(d) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

4. **संविधान सभा और अंतरिम सरकार के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. अंतरिम सरकार का गठन संविधान सभा के गठन से पूर्व हुआ।**
**2. अंतरिम सरकार के अधिकांश सदस्य संविधान सभा के भी सदस्य थे।**
**3. अंतरिम सरकार का प्रमुख गवर्नर जनरल था।**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2
(c) 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

5. **संविधान सभा के निर्वाचन के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?**
(a) प्रांतीय विधानसभाओं के निर्वाचित सदस्यों ने आनुपातिक प्रतिनिधित्व पद्धति से चुनाव किया।
(b) संविधान सभा के चुनाव में एकल संक्रमणीय मत प्रणाली अपनाई गई।
(c) देशी रियासतों के प्रतिनिधियों का चयन प्रायः नामांकन द्वारा हुआ।
(d) देशी रियासतों में संविधान सभा हेतु प्रत्यक्ष चुनाव कराए गए।

6. **संविधान सभा और न्यायपालिका के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए**
**1. सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना का प्रावधान किया गया।**
**2. न्यायिक पुनरावलोकन की शक्ति दी गई।**
**3. संसद को न्यायिक निर्णय निरस्त करने की पूर्ण शक्ति दी गई।**
**सही विकल्प चुनिए**
(a) 1 और 2
(b) केवल 2
(c) 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

7. **संविधान सभा में महिलाओं के संबंध में निम्नलिखित का मिलान कीजिए–**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. संविधान सभा की कुल महिला सदस्य | 1. संयुक्त प्रांत से संबंधित |
| B. हंसा मेहता | 2. 15 |
| C. सरोजिनी नायडू | 3. संविधान सभा की सदस्य |

**नीचे दिए गए कूट का सही उत्तर चुनिए–**
(a) A-2, B-3, C-1
(b) A-1, B-2, C-3
(c) A-3, B-1, C-2
(d) A-2, B-1, C-3

8. **संविधान सभा की प्रकृति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. विभाजन के बाद यह संप्रभु निकाय बन गई।**
**2. यह ब्रिटिश संसद के प्रति उत्तरदायी थी।**
**3. इसे संविधान निर्माण की पूर्ण स्वतंत्रता प्राप्त थी।**
**सही विकल्प चुनिए–**
(a) केवल 2
(b) 1 और 3
(c) 1 और 2
(d) 1, 2 और 3

9. **संविधान सभा की संरचना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए**
**1. कुल सदस्य संख्या 389 थी।**
**2. विभाजन के बाद सदस्य संख्या 299 रह गई।**
**3. सभी सदस्य कांग्रेस दल से थे।**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**
(a) केवल 3
(b) 1 और 2
(c) 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

**10. संविधान सभा के कार्यकाल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए**

**1. इसने 2 वर्ष 11 माह 18 दिन कार्य किया।**

**2. कुल 11 सत्र हुए।**

**3. कुल 165 दिन बैठक हुई।**

**सही विकल्प चुनिए**

(a) केवल 1 (b) 1 और 3
(c) 1 और 2 (d) 1, 2 और 3

**11. नीचे दिए गए दो वक्तव्यों को कथन (A) और तर्क (R) के रूप में चिह्नित किया गया है । दोनों वक्तव्यों के संदर्भ में, निम्न में से कौन सा सत्य है ?**

**कथन (A) : भारत में, जनता अपना स्वयं का प्रतिनिधि चुनती है।**

**तर्क (R) : भारत में प्रजातंत्र है।**

**कूट-**

(a) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है।
(b) (A) एवं (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।
(c) (A) एवं (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(d) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है।

**12. संविधान सभा की समितियों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

**1. संघ शक्तियाँ समिति के अध्यक्ष जवाहरलाल नेहरू थे।**

**2. प्रांतीय संविधान समिति के अध्यक्ष सरदार वल्लभभाई पटेल थे।**

**3. मौलिक अधिकार समिति के अध्यक्ष डॉ. भीमराव आंबेडकर थे।**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 3 (b) 1 और 2
(c) 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**13. भारत की संविधान सभा के संबंध में निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिए–**

**(i) संविधान सभा का अंतिम अधिवेशन 24 जनवरी, 1950 को हुआ।**

**(ii) इस अंतिम अधिवेशन में Rajendra Prasad (डॉ. राजेन्द्र प्रसाद) भारत के राष्ट्रपति पद पर विधिवत निर्वाचित घोषित किए गए।**

**कूट–**

(a) न तो (i) न ही (ii) सही है।
(b) (i) और (ii) दोनों सही हैं।
(c) केवल (ii) सही है।
(d) केवल (i) सही है।

**14. भारतीय संविधान सभा के सम्बन्ध में निम्नांकित में से कौन से कथन सही है?**

**1. यह वयस्क मताधिकार पर आधारित नहीं थी।**

**2. यह प्रत्यक्ष निर्वाचन का परिणाम थी।**

**3. यह बहुदलीय संरचना नहीं थी।**

**4. यह कई समितियों के माध्यम से कार्यरत थी।**

**कूट-**

(a) 1 और 4 (b) 1 और 2
(c) 2 और 3 (d) उपर्युक्त सभी

**15. गलत युग्म का चयन कीजिए-**

| **संविधान सभा की समिति** | **अध्यक्ष** |
|---|---|
| (a) प्रारूप समिति | - जे.बी. कृपलानी |
| (b) मौलिक अधिकार उप-समिति | - जे. बी. कृपलानी |
| (c) संघ संविधान समिति | - जवाहरलाल नेहरू |
| (d) प्रान्तीय संविधान समिति | - वल्लभभाई पटेल |

**16. संविधान दिवस के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

**कथन-I: नागरिकों के बीच संवैधानिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है।**

**कथन-II: 26 नवंबर, 1949 को भारत की संविधान सभा ने भारत के संविधान का मसौदा तैयार करने के लिए डॉ. बीआर अंबेडकर की अध्यक्षता में एक मसौदा समिति का गठन किया था।**

**उपरोक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सही है?**

(a) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण है।
(b) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
(c) कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
(d) कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है

**17. संविधान सभा के गठन के संबंध में विचार कीजिए–**

**1. इसका गठन कैबिनेट मिशन योजना 1946 के तहत हुआ।**

**2. सदस्य प्रत्यक्ष वयस्क मताधिकार से चुने गए।**

**3. देशी रियासतों के प्रतिनिधि नामित किए गए।**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1 (b) 1 और 3
(c) 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**18. संविधान सभा के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन गलत हैं -**

**(A) संविधान सभा की पहली बैठक नई दिल्ली में 9 दिसंबर, 1946 को कॉन्स्टिट्यूशन हॉल में हुई, जिसे अब संसद भवन के सेंट्रल हॉल के रूप में जाना जाता है।**

**(b) स्वतंत्र भारत के लिए संविधान का मसौदा तैयार करने के अपने ऐतिहासिक कार्य को पूरा करने में संविधान सभा को ग्यारह सत्रों के साथ लगभग तीन साल लग गए।**

**(c) हाउस कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद थे।**

**(d) पश्चिम बंगाल का प्रतिनिधित्व 29 सदस्यों ने किया।**

**कूट -**

(a) (a) और (d) दोनों गलत हैं
(b) (b) और (c) दोनों गलत हैं
(c) (c) और (d) दोनों गलत हैं
(d) (a), (c) और (d) गलत हैं

**19. नीचे दो वक्तव्य दिए हैं:**

**कथन (A): भारत का संविधान देश की आवश्यकताओं की पूर्ति करता है।**

**कारण (R): इसको एक गृहीत संविधान कहा जाता है।**

**उपर्युक्त के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन–सा एक सत्य है?**

(a) (A) तथा (R) दोनों सत्य हैं तथा (R), (A) की सही स्पष्टीकरण है।
(b) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) सत्य है, परंतु (R) असत्य है।
(d) (A) असत्य परंतु (R) सत्य है।

## उत्तर सहित व्याख्या

**1. [d]**

**व्याख्या:-**

- ग्रेनविल ऑस्टिन ने संविधान सभा की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारतीयों ने "नियति के साथ साक्षात्कार" में कोई चूक नहीं की तथा संविधान को सामाजिक दस्तावेज बताया।

**2. [b]**

**व्याख्या:-**

- संविधान सभा के गठन एवं कार्य संचालन पर लगभग 64 लाख रुपये व्यय हुए, जिसका वहन भारत सरकार ने किया। इसका वित्तपोषण ब्रिटिश संसद द्वारा नहीं किया गया था।

**3. [c]**

**व्याख्या:-**

- भारतीय संविधान ने संसदीय शासन प्रणाली ब्रिटिश मॉडल से अपनाई है। परंतु भारत की राज्यसभा को ब्रिटेन के हाउस ऑफ लॉर्ड्स जैसी न्यायिक शक्तियाँ प्राप्त नहीं हैं।

**4. [d]**

**व्याख्या:-**

- संविधान सभा के गठन से पूर्व अंतरिम सरकार बनी थी। इसके अधिकांश सदस्य संविधान सभा में भी शामिल थे तथा गवर्नर जनरल ही इसका औपचारिक प्रमुख था।

**5. [d]**

**व्याख्या:-**

- संविधान सभा के चुनाव अप्रत्यक्ष रूप से हुए थे। प्रांतीय विधानसभाओं ने आनुपातिक प्रतिनिधित्व एवं एकल संक्रमणीय मत प्रणाली अपनाई, जबकि देशी रियासतों के प्रतिनिधि सामान्यतः नामांकन द्वारा चुने गए थे।

**6. [a]**

**व्याख्या:-**

- संविधान सभा ने सर्वोच्च न्यायालय एवं न्यायिक पुनरावलोकन की व्यवस्था स्वीकार की। संसद को न्यायिक निर्णय पूर्णतः निरस्त करने की असीमित शक्ति प्रदान नहीं की गई थी।

**7. [a]**

**व्याख्या:-**

- संविधान सभा में कुल 15 महिला सदस्य थीं। हंसा मेहता संविधान सभा की सदस्य थीं, जबकि सरोजिनी नायडू संयुक्त प्रांत (वर्तमान उत्तर प्रदेश) का प्रतिनिधित्व करती थीं।

**8. [b]**

**व्याख्या:-**

- भारत विभाजन के बाद संविधान सभा एक संप्रभु निकाय बन गई थी। इसे संविधान निर्माण की पूर्ण स्वतंत्रता प्राप्त थी तथा यह ब्रिटिश संसद के प्रति उत्तरदायी नहीं रही थी।

**9. [b]**

**व्याख्या:-**

- संविधान सभा की प्रारंभिक कुल सदस्य संख्या 389 थी। भारत विभाजन के बाद यह घटकर 299 रह गई। सभा में कांग्रेस के अतिरिक्त अन्य दलों एवं स्वतंत्र सदस्यों का भी प्रतिनिधित्व था।

**10. [d]**

**व्याख्या:-**

- संविधान सभा ने 9 दिसंबर 1946 से 26 नवंबर 1949 तक लगभग 2 वर्ष 11 माह 18 दिन कार्य किया। इस अवधि में कुल 11 सत्र तथा लगभग 165 बैठक दिवस आयोजित हुए।

**11. [b]**

**व्याख्या:-**

- भारत एक लोकतांत्रिक राष्ट्र है, जहाँ जनता सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार के आधार पर अपने प्रतिनिधियों का चुनाव करती है। इसलिए तर्क (R), कथन (A) की सही व्याख्या प्रस्तुत करता है।

**12. [b]**

**व्याख्या:-**

- संघ शक्तियाँ समिति के अध्यक्ष जवाहरलाल नेहरू तथा प्रांतीय संविधान समिति के अध्यक्ष सरदार वल्लभभाई पटेल थे। मौलिक अधिकार समिति के अध्यक्ष सरदार पटेल थे, जबकि डॉ. भीमराव आंबेडकर प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे।

**13. [b]**

**व्याख्या:-**

- संविधान सभा का अंतिम अधिवेशन 24 जनवरी 1950 को आयोजित हुआ था। इसी अधिवेशन में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति के रूप में विधिवत निर्वाचित घोषित किया गया।

**14. [a]**

**व्याख्या:-**

- संविधान सभा का गठन वयस्क मताधिकार के आधार पर नहीं हुआ था तथा इसके सदस्य अप्रत्यक्ष रूप से चुने गए थे। सभा ने विभिन्न विषयों पर कार्य हेतु अनेक समितियों का गठन किया था।

**15. [a]**

**व्याख्या:-**

- प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. भीमराव आंबेडकर थे, न कि जे.बी. कृपलानी। संघ संविधान समिति के अध्यक्ष जवाहरलाल नेहरू तथा प्रान्तीय संविधान समिति के अध्यक्ष वल्लभभाई पटेल थे।

**16. [c]**

**व्याख्या:-**

- संविधान दिवस प्रत्येक वर्ष 26 नवंबर को संवैधानिक मूल्यों के प्रसार हेतु मनाया जाता है। जबकि प्रारूप समिति का गठन 29 अगस्त 1947 को डॉ. भीमराव आंबेडकर की अध्यक्षता में हुआ था, न कि 26 नवंबर 1949 को।

**17. [b]**

**व्याख्या:-**

- संविधान सभा का गठन कैबिनेट मिशन योजना 1946 के अंतर्गत हुआ था। इसके सदस्य अप्रत्यक्ष निर्वाचन से चुने गए, जबकि देशी रियासतों के प्रतिनिधियों का चयन प्रायः नामांकन द्वारा किया गया।

**18. [c]**

**व्याख्या:-**

- हाउस कमेटी के अध्यक्ष बी. पट्टाभि सीतारमैया थे, न कि राजेंद्र प्रसाद। साथ ही पश्चिम बंगाल का प्रतिनिधित्व 27 सदस्यों ने किया था, 29 ने नहीं।

**19. [c]**

**व्याख्या:-**

- भारत का संविधान देश की सामाजिक, राजनीतिक एवं प्रशासनिक आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। परंतु भारतीय संविधान को "गृहीत संविधान" नहीं कहा जाता, क्योंकि इसे संविधान सभा द्वारा निर्मित एवं अंगीकृत किया गया था।

♦♦♦♦

# राजस्थान की राजव्यवस्था

1. **राजस्थान के राज्यपाल से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**(1) उसे भारत का नागरिक होना चाहिए।**
**(2) उसकी आयु कम से कम 35 वर्ष होनी चाहिए।**
**(3) उसमें लोक सभा का सदस्य बनने की योग्यता होनी चाहिए।**
**(4) वह एक से अधिक राज्यों का राज्यपाल हो सकता है।**
**कूट:-**
(a) 3 तथा 4 सही हैं। (b) 1, 2 तथा 4 सही हैं।
(c) 1, 2 तथा 3 सही हैं। (d) 2 तथा 3 सही हैं।

2. **किसी राज्य के राज्यपाल (गवर्नर) के संबंध में सही कथन का चयन करें**
**1. उनको भारत के मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करते हैं।**
**2. वे राष्ट्रपति की इच्छा अनुसार पद पर रहते हैं।**
**3. उनमें राज्य की कार्यकारी शक्तियाँ निहित है।**
**4. सामान्यत: वे पाँच वर्ष के लिए पद पर रहते हैं।**
(a) 1, 2, 3 (b) 1, 2, 4
(c) 2, 3, 4 (d) 1, 2

3. **सही सुमेलित नहीं है?**

| **राज्यपाल का नाम** | **मुख्यमंत्री का नाम** |
|---|---|
| (a) अंशुमन सिंह | वसुन्धरा राजे |
| (b) डॉ.सम्पूर्णानंद | मोहन लाल सुखाड़िया |
| (c) ओ.पी. मेहरा | शिवचरण माथुर |
| (d) निर्मलचन्द जैन | अशोक गहलोत |

4. **राजस्थान के वे राज्यपाल जिनका कार्यकाल के दौरान निधन हुआ-**
**1. एस. के. सिंह** **2. श्रीमती प्रभा राव**
**3. निर्मल चंद जैन** **4. दरबारा सिंह**
(a) केवल 2 (b) 2, 4
(c) 1, 2, 3, 4 (d) केवल 1

5. **निम्नांकित में से कौन पद ग्रहण करने से पूर्व राजस्थान के राज्यपाल के समक्ष पद की शपथ लेता है/लेते हैं?**
**(A) राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग का अध्यक्ष**
**(B) राजस्थान का लोकायुक्त**
**(C) राज्य निर्वाचन आयुक्त**
**(D) राजस्थान का महाधिवक्ता**
**सही उत्तर का चयन कीजिए:**
(a) केवल (A)
(b) केवल (A) और (B)
(c) केवल (A), (B) और (C)
(d) (A), (B), (C) और (D)

6. **राजस्थान के निम्नलिखित में से कौन-से संवैधानिक पदाधिकारी राज्यपाल द्वारा नियुक्त किए जाते हैं, लेकिन उन्हें राज्यपाल द्वारा उनके पद से नहीं हटाया जा सकता है?**
**1. महाधिवक्ता**
**2. राज्य निर्वाचन आयुक्त**
**3. राजस्थान लोक सेवा आयोग के सदस्य**
(a) 1 और 2
(b) 2 और 3
(b) 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

7. **राजस्थान में अंतिम राष्ट्रपति शासन की अवधि क्या थी?**
(a) 15 दिसम्बर, 1992 से 03 दिसम्बर, 1993
(b) 1 दिसम्बर, 1998 से 04 जनवरी, 1999
(c) 30 अप्रैल, 1977 से 21 जून, 1977
(d) 13 मार्च, 1967 से 26 अप्रैल, 1967

8. **राजस्थान में अनुसूचित क्षेत्र में राज्यपाल की शक्ति के बारे में निम्न में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**
**1. राज्यपाल को अनुसूचियाँ के प्रशासन के संबंध में राष्ट्रपति को वार्षिक रूप से या जब भी राष्ट्रपति की आवश्यकता होती है, एक रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होती है।**
**2. राज्यपाल जनजाति सलाहकार परिषद् के संबंध में कोई नियम नहीं बनाते है।**
**3. राज्यपाल जनजाति सलाहकार परिषद् के अध्यक्ष की नियुक्ति के तरीकों के लिए नियम बनाता है।**
**4. राज्य का राज्यपाल विनियमन बना सकता है जो ऐसे क्षेत्रों में एस.टी. के सदस्यों द्वारा या उनके बीच भूमि के हस्तांतरण को प्रतिबंधित और प्रतिबंधित कर सकता है।**
(a) केवल 1 सही है। (b) 1, 2 और 4 सही है।
(c) 1, 3 और 4 सही हैं। (d) 2 और 4 सही हैं।

9. **भारतीय राज्य के राज्यपाल के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य नहीं है?**
(a) उनकी नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।
(b) वह एक से अधिक राज्यों का राज्यपाल हो सकता है।
(c) वह पाँच साल की अवधि के लिए पद पर रहता है।
(d) यदि संबंधित राज्य की विधानमंडल उसे हटाने के लिए प्रस्ताव पारित करती है तो उसे पहले भी हटाया जा सकता है।

10. **निम्नांकित कथनों में से कौन-सा कथन राजस्थान के राज्यपाल की शक्तियों के बारे में सही है?**
(a) यह विधानसभा भंग नहीं कर सकता।
(b) यह अध्यादेश जारी नहीं कर सकता।
(c) यह विधानसभा में सदस्यों को मनोनीत नहीं कर सकता।
(d) यह राज्य लोक सेवा आयोग को बर्खास्त नहीं कर सकता।

11. **कौन-कौन-से कार्य राज्यपाल द्वारा किए जाते है?**
**1. विधानसभा का सत्रावसान करना**
**2. विधानसभा भंग करना**
**3. विधानसभा की बैठक स्थगित करना**
**4. विधानसभा का अधिवेशन आहूत करना**
**सही उत्तर का चयन कीजिए**
(a) केवल 1, 2 और 3 (b) केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 2, 3 और 4 (d) केवल 1, 2 और 4

12. **नवीन प्रोटोकॉल के अन्तर्गत अब राजस्थान के राज्यपाल को निम्नलिखित अभिवादन से सम्बोधित किया जाता है–**
(a) "Honourable" अंग्रेजी में तथा "माननीय राज्यपाल" अथवा राज्यपाल महोदय" हिन्दी में
(b) "The most honourable" अंग्रेजी में तथा “अति सम्माननीय" हिन्दी में
(c) "His/Her Excellency" अंग्रेजी में तथा “महामहिम" हिन्दी में
(d) "His/Her Royal Highness" अंग्रेजी तथा “महाराजाधिराज/महारानीधिराज" हिन्दी में

**13. निम्न में से कौन-सा कथन राजस्थान के राज्यपाल के संबंध में असत्य है?**
(a) राज्यपाल की स्वविवेकीय शक्तियों के लिए निर्णयों को न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती।
(b) राज्यपाल को मृत्युदण्ड के दण्डादेश के विरुद्ध क्षमादान की शक्ति प्राप्त नहीं है।
(c) राज्यपाल को प्रशासनिक सहायता प्रदान करने के लिये राज्यपाल सचिवालय कार्यरत है।
(d) राज्यपाल सचिवालय का प्रमुख राज्यपाल का सचिव होता है जो कि राजस्थान प्रशासनिक सेवा का अधिकारी होता है।

**14. सुमेलित नहीं है?**
(a) कुछ मामलों में दण्डादेश के निलंबन, परिहार या लघुकरण की राज्यपाल की शक्ति - अनुच्छेद 161
(b) राज्यपाल राज्य के महाधिवक्ता की नियुक्ति करें - अनुच्छेद 165
(c) राज्यपाल राज्य-विधानमण्डल के सदन को आहूत करेंगे - अनुच्छेद - 174
(d) विधानमण्डल विश्रांतिकाल में अध्यादेश प्रख्यापित करने की राज्यपाल की शक्ति- अनुच्छेद 123

**15. कौन-सा विकल्प सही हैं?**
**1. राज्यपाल यह घोषित करेगा कि वह विधेयक को राष्ट्रपति के विचार के लिए आरक्षित रखता है। (अनुच्छेद 200)**
**2. राष्ट्रपति, राज्यपाल को यह निर्देश दे सकेगा कि वह विधेयक को सदन को लौटा दे। (अनुच्छेद-201)**
(a) कथन 1 सही है। (b) कथन 2 सही है।
(c) 1 एवं 2 दोनों सही हैं। (d) 1 एवं 2 दोनों गलत हैं।

**16. राजस्थान के राज्यपाल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**A. वह राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलाधिपति हैं।**
**B. वह राज्य के किसी भी लाभ के पद को धारण कर सकते हैं।**
**C. वह इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी, राजस्थान राज्य शाखा के अध्यक्ष हैं ।**
**D. उन्हें संविधान के अन्तर्गत कोई स्व-विवेकीय शक्ति प्राप्त नहीं है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**
(a) A, B, C और D (b) B, C और D
(c) केवल C (d) B और C दोनों

**17. किसी विधेयक पर संवैधानिक उपबन्ध के तहत राज्यपाल की सिफारिश अपेक्षित थी, किन्तु बिना राज्यपाल की सिफारिश उसे राजस्थान विधानसभा में पुन: स्थापित किया गया और उसने पारित करके राज्यपाल को भेज दिया; अब-**
(a) जहाँ राज्यपाल अनुमति देता है तो वह अधिनियम अविधिमान्य नहीं होगा।
(b) यदि राज्यपाल या राष्ट्रपति अनुमति दे तो न्यायालय संवैधानिक उपबन्धों के आधार पर उसे असंवैधानिक घोषित कर देगा।
(c) राज्यपाल ऐसे विधेयक को राष्ट्रपति की अनुमति के लिए भेज देगा।
(d) राज्यपाल संवैधानिक प्रावधानों के अतिक्रमण के आधार पर अनुमति देने से इंकार कर सकता है।

**18. नीचे दो कथन दिए गए हैं:**
**कथन I: राज्यपाल केवल उन्हीं व्यक्तियों को मंत्री नियुक्त करता है जिनकी सिफारिश मुख्यमंत्री द्वारा की जाती है।**
**कथन II: मुख्यमंत्री मंत्रियों के बीच विभागों का आवंटन और फेरबदल करते हैं।**
**उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(a) कथन I और कथन II दोनों सही हैं
(b) कथन I और कथन II दोनों गलत हैं
(c) कथन I सही है लेकिन कथन II गलत है
(d) कथन I गलत है लेकिन कथन II सही है

**19. निम्नलिखित में से कौन राजस्थान के राज्यपाल नहीं रहे हैं?**
(a) सरदार जोगेन्द्र सिंह
(b) सरदार हुकुम सिंह
(c) फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ
(d) एयर चीफ मार्शल ओ.पी. मेहरा

**20. राजभव, राजस्थान में 'इन्फॉर्मास' पोर्टल किस राज्यपाल के कार्यकाल के दौरान प्रारंभ किया गया?**
(a) अंशुमन सिंह (b) प्रतिभा देवी सिंह पाटिल
(c) कलराज मिश्र (d) कल्याण सिंह

**21. निम्न कथनों पर विचार कीजिए –**
**1. गवर्नर रिलीफ फण्ड का गठन 14 मार्च 1973 को किया गया।**
**2. यह कोष केवल प्राकृतिक आपदाओं के लिए सीमित है।**
**3. इस कोष से व्यय राज्यपाल की अनुमति से किया जाता है।**
**4. इस कोष का उपयोग महामारी के समय भी किया जा सकता है।**
**कूट:-**
(a) 1, 3 और 4 सही (b) केवल 1 और 2 सही
(c) 1 और 4 सही (d) 1, 2, 3 और 4 सही

**22. निम्न कथनों पर विचार कीजिए –**
**1. हरिभाऊ किसनराव बागडे का जन्म एक कृषक परिवार में हुआ।**
**2. वे प्रारंभ से ही सहकारिता आंदोलन से जुड़े रहे।**
**3. उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत छात्र राजनीति से की।**
**4. वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से बचपन से जुड़े रहे।**
**कूट:--**
(a) 1, 2 और 4 सही
(b) 1 और 3 सही
(c) 2 और 3 सही
(d) 1, 2, 3 और 4 सही

**23. निम्न में से कौनसा कथन सत्य है ?**
**1. राज्यपाल की नियुक्ति प्रक्रिया कनाडा से ली गई है।**
**2. राज्यपाल को राष्ट्रपति अपने हस्ताक्षर और मुद्रा सहित अधिपत्र द्वारा निर्वाचित करता है।**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 व 2 दोनों (d) न तो 1 वन ही 2

**24. राज्यपाल को, राज्य विधानमण्डल द्वारा महाभियोग प्रक्रिया से हटाया जाना चाहिए, यह सुझाव किसने दिया?**
(a) प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग
(b) राजमन्नार समिति
(c) सरकारिया आयोग
(d) पुंछी आयोग

**25. राज्यपाल की उपलब्धियों, भत्तों में उनकी पदावधि के दौरान अलाभकारी परिवर्तन नहीं किया जाएगा, इसका उल्लेख किस अनुच्छेद में है ?**
(a) अनुच्छेद - 158 (1)
(b) अनुच्छेद - 158 (2)
(c) अनुच्छेद - 158 (3)
(d) अनुच्छेद - 158 (4)

## उत्तर सहित व्याख्या

**1. [b]**

**व्याख्या:-**

**राज्यपाल हेतु अर्हताएं/योग्यताएँ-**

- संविधान के अनुच्छेद 157 में राज्यपाल हेतु अर्हताएं निर्धारित दी गई है-
  1. उसे भारत का नागरिक होना चाहिए।
  2. वह 35 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका हो।
- राज्यपाल की नियुक्ति से संबंधित दो परम्पराएं भी जुड़ गई यद्यपि दोनों परम्पराओं का कुछ मामलों में उल्लंघन हुआ है-
  1. वह उस राज्य से संबंधित न हो जिस राज्य में नियुक्त किया जा रहा है।
  2. राष्ट्रपति, राज्यपाल की नियुक्ति के मामले में संबंधित राज्य के मुख्यमंत्री से परामर्श करे।

**2. [c]**

**व्याख्या:-**

**राज्यपाल की पदावधि/कार्यकाल**

- **संविधान के अनुच्छेद 156** में राज्यपाल की **पदावधि/कार्यकाल का उल्लेख** किया गया है।
- राज्यपाल का **कार्यकाल पद ग्रहण से पाँच वर्ष** के लिए होता है लेकिन वास्तव में वह **राष्ट्रपति के प्रसादपर्यन्त पद धारण** करता है।
- राष्ट्रपति एक राज्यपाल को उसके बचे हुए कार्यकाल के लिए किसी दूसरे राज्य में स्थानांतरित कर सकते हैं।
- राष्ट्रपति, एक राज्यपाल को जिसका कार्यकाल पूरा हो चुका है, को उसी राज्य या अन्य राज्य में दुबारा नियुक्त कर सकता है।
- एक राज्यपाल पाँच वर्ष के बाद भी पद पर बना रहता है जब तक की उसका उत्तराधिकारी पद ग्रहण न कर ले, ताकि रिक्तता की स्थिति न पैदा हो।
- राज्यपाल अपना त्याग-पत्र राष्ट्रपति को सम्बोधित करके देता है।
- अनुच्छेद 160 के तहत राष्ट्रपति को जब लगे की कोई अकस्मात् घटना हो रही है तब वह राज्यपाल के कार्यों के निर्वहन के लिए उपबंध बना सकता है।
- वर्तमान राज्यपाल के अकस्मात् निधन पर संबंधित राज्य के उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को अस्थायी तौर पर राज्यपाल का कार्यभार सौंपा जाता है।

**3. [a]**

**व्याख्या:-**

- अंशुमन सिंह ने राजस्थान के राज्यपाल के रूप में वर्ष 1999 से 2003 तक सेवा दी थी, जबकि वसुंधरा राजे ने पहली बार वर्ष 2003 में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इस कारण दोनों के कार्यकाल एक साथ नहीं आए, इसलिए यह सुमेलित तथ्यों के अनुरूप नहीं है।
- अंशुमन सिंह मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के प्रथम कार्यकाल में राज्यपाल थे।

**4. [c]**

**व्याख्या:-**

- राजस्थान के वे राज्यपाल जिनका कार्यकाल के दौरान निधन हुआ-

**दरबारा सिंह**

- श्री दरबारा सिंह (कार्यकाल के दौरान निधन)
- 01 मई, 1998 से 23 मई, 1998 तक

**निर्मल चंद जैन**

- श्री निर्मलचन्द जैन (कार्यकाल के दौरान निधन)
- 14 मई, 2003 से 22 सितंबर, 2003 तक

**शैलेन्द्र कुमार सिंह**

- श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह (कार्यकाल के दौरान निधन) (कार्यवाहक)
- 06 सितंबर, 2007 से 09 जुलाई, 2009 तक
- 23 जुलाई, 2009 से 01 दिसंबर, 2009 तक

**श्रीमति प्रभा राव**

- 3-12-2009 से 24-01-2010 तक (अतिरिक्त प्रभार),
- 25-01-2010 से 26-04-2010 तक (कार्यवाहक)
- पद पर रहते हुये मृत्यु (26-04-2010) हुई थीं।
- यह तत्कालीन हिमाचल प्रदेश की राज्यपाल थीं इन्हें राजस्थान के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था।

**5. [b]**

**व्याख्या:-**

**राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष-**

- मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 के अनुसार, आयोग का अध्यक्ष अपना पद ग्रहण करने से पूर्व राज्यपाल के समक्ष शपथ लेता है।

**राजस्थान के लोकायुक्त-**

- राजस्थान लोकायुक्त एवं उप-लोकायुक्त अधिनियम, 1973 के तहत, लोकायुक्त को भी राज्यपाल के समक्ष पद की शपथ दिलाई जाती है।

**राज्य निर्वाचन आयुक्त-**

- यद्यपि इनकी नियुक्ति राज्यपाल द्वारा की जाती है, परंतु राज्यपाल के समक्ष शपथ लेने का कोई स्पष्ट संवैधानिक प्रावधान नहीं है।

**राजस्थान के महाधिवक्ता-**

- राज्य के महाधिवक्ता की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा की जाती है, लेकिन पद ग्रहण से पूर्व शपथ लेने का कोई विधिक उल्लेख नहीं मिलता।

**6. [b]**

**व्याख्या:-**

**महाधिवक्ता (Advocate General)-:**

- नियुक्ति - राज्यपाल द्वारा की जाती है।
- पद से हटाना - राज्यपाल इस पदाधिकारी को किसी भी समय पद से हटा सकता है या यह स्वयं पदत्याग (राज्यपाल को त्यागपत्र) भी कर सकता है, इसलिए महाधिवक्ता को राज्यपाल द्वारा हटाया जा सकता है।
- राज्य निर्वाचन आयुक्त:-
- नियुक्ति - राज्यपाल द्वारा की जाती है।
- पद से हटाना - इसे सिर्फ राष्ट्रपति ही हटा सकता है और वह भी सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जैसी प्रक्रिया अपनाकर।

**राजस्थान लोक सेवा आयोग के सदस्य (RPSC Members):**

- नियुक्ति-: राज्यपाल द्वारा की जाती है।
- पद से हटाना - इन्हें भी राष्ट्रपति ही विशेष प्रक्रिया के तहत पद से हटा सकता है (जैसे गलत आचरण, अक्षमता आदि)।

**7. [a]**

**व्याख्या:-**

- राजस्थान में अब तक कुल चार बार राष्ट्रपति शासन लागू किया गया है-

**13 मार्च से 26 अप्रैल, 1967 (45 दिन)**

- यह पहला राष्ट्रपति शासन था।
- अब तक का सबसे छोटा राष्ट्रपति शासन था।
- इससे पहले सरकार गिरने के कारण लगाया गया।
- मुख्यमंत्री – मोहनलाल सुखाड़िया

**30 अप्रैल से 21 जून, 1977 (52 दिन)**

- यह दूसरा राष्ट्रपति शासन था।
- इससे पहले हरीदेव जोशी की सरकार थी।
- राजनीतिक अस्थिरता के कारण लागू किया गया।
- मुख्यमंत्री – हरिदेव जोशी

**17 फरवरी से 5 जून, 1980**
- ◈ यह तीसरा राष्ट्रपति शासन था।
- ◈ इससे पहले भैरोसिंह शेखावत की सरकार बर्खास्त की गई।

**15 दिसंबर 1992 से 3 दिसंबर, 1993**
- ◈ यह चौथा और अंतिम राष्ट्रपति शासन था।
- ◈ इससे पहले भैरोसिंह शेखावत की सरकार थी।
- ◈ करीब एक वर्ष तक चला। (सबसे लंबा)

**8. [c]**

**व्याख्या:-**

**राजस्थान के अनुसूचित क्षेत्र में राज्यपाल की शक्तियाँ-**
- ◈ अनुसूचित क्षेत्रों में जनजातीय सलाहकार परिषद्
- ◈ भारतीय संविधान की अनुसूची 5 के अंतर्गत अनुच्छेद 244(a) के अनुसार, जिन राज्यों में अनुसूचित क्षेत्र मौजूद हैं, वहाँ राष्ट्रपति द्वारा जनजातीय सलाहकार परिषद् (Tribal Advisory Council) का गठन किया जाता है।
- ◈ यह परिषद् राज्यपाल की सलाह से गठित होती है।
- ◈ इसमें कुल 20 सदस्य होते हैं।
- ◈ इन 20 में से तीन-चौथाई (¾) सदस्य वे होते हैं, जो जनजातीय क्षेत्रों से विधायक होते हैं।
- ◈ यह परिषद् राज्यपाल को अनुसूचित क्षेत्रों से संबंधित मामलों में सुझाव देने का कार्य करती है।
- ◈ राज्यपाल, अनुसूचित क्षेत्रों से जुड़ी वार्षिक रिपोर्ट राष्ट्रपति को भेजता है।
- ◈ अनुसूचित क्षेत्रों के प्रशासन से संबंधित नियम राज्यपाल द्वारा राष्ट्रपति की सहमति से बनाए, रद्द या संशोधित किए जा सकते हैं।
- ◈ राज्यपाल, अनुसूचित क्षेत्रों में ST समुदाय के हितों की रक्षा के लिए यह नियम बना सकता है कि ST सदस्यों या उनके बीच भूमि के लेन-देन या हस्तांतरण पर रोक लगाई जा सके। किस क्षेत्र को अनुसूचित क्षेत्र घोषित करना है, इसका निर्णय राष्ट्रपति द्वारा लिया जाता है।

**9. [d]**

**व्याख्या:-**
- ◈ राज्यपाल को हटाने के कारणों या प्रक्रिया का उल्लेख संविधान में नहीं है।
- ◈ उनकी नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।
- ◈ वह एक से अधिक राज्यों का राज्यपाल हो सकता है।
- ◈ वह पाँच साल की अवधि के लिए पद पर रहता है।

**10. [d]**

**व्याख्या:-**
- ◈ राज्यपाल, राज्य विधानसभा के सत्र को आहूत या सत्रावसान और विघटित कर सकता है।
- ◈ अध्यादेश राज्यपाल के द्वारा निर्मित विधि होती है। इसका उल्लेख भारतीय संविधान के **अनुच्छेद 213** में किया गया है।
- ◈ राज्य **विधानपरिषद् के कुल सदस्यों के छठे भाग को वह नामित** कर सकता है, जिन्हें साहित्य, विज्ञान, कला, समाज सेवा का ज्ञान व व्यवहारिक अनुभव हो।
- ◈ राज्यपाल राज्य लोकसेवा आयोग के अध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति करता है, लेकिन हटाने का अधिकार केवल राष्ट्रपति को है।

**11. [d]**

**व्याख्या:-**
- ◈ **अनुच्छेद- 174** - राज्यपाल राज्य विधानमंडल का सत्रावसान, सत्राहूत तथा विधानसभा को भंग/ विघटित कर सकता है।
- ◈ विधानसभा का सत्रावसान (सत्र समाप्त) राज्यपाल करता है लेकिन विधानसभा की बैठक स्थगित विधानसभा का अध्यक्ष करता है।

**राज्यपाल की विधायी शक्तियां-**
- ◈ राज्यपाल, राज्य विधानसभा का अभिन्न अंग होता है, इसे निम्नलिखित विधायी शक्तियां प्राप्त होती हैं-
- ◈ वह राज्य विधानसभा के सत्र को आहूत या सत्रावसान और विघटित कर सकता है।
- ◈ वह विधानमंडल के प्रत्येक चुनाव के पश्चात् पहले एवं प्रतिवर्ष पहले सत्र को सम्बोधित कर सकता है।
- ◈ वह विधानमण्डल के सदनों को विचाराधीन विधेयकों या अन्य मसले पर सन्देश भेज सकता है।
- ◈ जब विधानसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का पद खाली हो तो वह विधानसभा के किसी सदस्य को सदन की अध्यक्षता सौंप सकता है।
- ◈ राज्य विधानपरिषद् के कुल सदस्यों के छठे भाग को वह नामित कर सकता है, जिन्हें साहित्य, विज्ञान, कला, समाज सेवा का ज्ञान व व्यवहारिक अनुभव हो।
- ◈ विधानसभा सदस्य की निरर्हता के पर निर्वाचन आयोग से विमर्श करने के बाद इसका निर्णय करता है।
- ◈ जब राज्य विधानमंडल का सत्र न चल रहा हो तो वह औपचारिक रूप से अध्यादेश की घोषणा कर सकता है एवं वह किसी भी समय अध्यादेश को समाप्त भी कर सकता है।
- ◈ वह राज्य के लेखों से संबंधित राज्य वित्त आयोग, राज्य लोकसेवा आयोग, नियंत्रक महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट को राज्य विधानसभा के सम्मुख प्रस्तुत करता है।

**नोट -** राज्य विधानसभा को स्थगित करने की शक्ति विधानसभा अध्यक्ष के पास होती है।

**12. [a]**

**व्याख्या:-**
- ◈ नवीन प्रोटोकॉल के अनुसार अब राज्यपाल को "Honourable" कहकर संबोधित किया जाता है, जबकि हिंदी में उन्हें "माननीय राज्यपाल" अथवा "राज्यपाल महोदय" के रूप में अभिवादन किया जाता है।

**13. [d]**

**व्याख्या:-**
- ◈ राज्यपाल सचिवालय का प्रमुख राज्यपाल का सचिव होता है जो कि भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) रैंक का अधिकारी होता है।
- ◈ मृत्युदण्ड पर क्षमादान की शक्ति केवल राष्ट्रपति के पास होती है (अनुच्छेद 72), राज्यपाल को यह शक्ति प्राप्त नहीं होती है।
- ◈ राज्यपाल की स्वविवेकाधीन शक्तियों (Discretionary Powers) को अक्सर न्यायिक समीक्षा से छूट प्राप्त होती है, विशेषतः यदि वे संविधान के अनुरूप हों।

**14. [d]**

**व्याख्या:-**

**राज्यपाल से संबंधित प्रमुख अनुच्छेद -**

| अनुच्छेद | विवरण |
|---|---|
| 153 | राज्यों के राज्यपाल |
| 154 | राज्य की कार्यकारी शक्ति |
| 155 | राज्यपाल की नियुक्ति |
| 156 | राज्यपाल के पद की पदावधि |
| 157 | राज्यपाल के रूप में नियुक्ति के लिए योग्यताएँ |
| 158 | राज्यपाल कार्यालय की शर्तें |
| 159 | राज्यपाल द्वारा शपथ या प्रतिज्ञान |
| 160 | कतिपय आकस्मिकताओं में राज्यपाल के कार्यों का निर्वहन |
| 161 | क्षमा आदि देने की राज्यपाल की शक्ति |
| 162 | राज्य की कार्यकारी शक्ति का विस्तार |
| 163 | राज्यपाल को सहायता और सलाह देने के लिए मंत्रिपरिषद् |
| 164 | मंत्रियों से संबंधित अन्य प्रावधान जैसे नियुक्तियाँ, कार्यकाल, वेतन और अन्य |
| 165 | राज्य के महाधिवक्ता |
| 166 | किसी राज्य की सरकार के कामकाज का संचालन |
| 167 | राज्यपाल को सूचना प्रस्तुत करने आदि के संबंध में मुख्यमंत्री के कर्तव्य |
| 174 | राज्य विधानमंडल के सत्र, सत्रावसान और विघटन |

| | |
|---|---|
| 175 | राज्य विधानमण्डल के सदनों को सम्बोधित करने और संदेश भेजने के राज्यपाल के अधिकार। |
| 176 | राज्य विधानमण्डल के सदनों में राज्यपाल व विशेष अभिभाषण। |
| 200 | विधेयकों पर सहमति (अर्थात् राज्य विधानमंडल द्वारा पारित विधेयकों पर राज्यपाल की सहमति) |
| 201 | राज्यपाल द्वारा राष्ट्रपति के विचार हेतु आरक्षित विधेयक |
| 213 | अध्यादेश प्रख्यापित करने की राज्यपाल की शक्ति |
| 217 | उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की नियुक्ति के मामले में राष्ट्रपति द्वारा राज्यपाल से परामर्श किया जाना। |
| 233 | राज्यपाल द्वारा जिला न्यायाधीशों की नियुक्ति |
| 234 | राज्यपाल द्वारा राज्य की न्यायिक सेवा में व्यक्तियों (जिला न्यायाधीशों के अलावा) की नियुक्ति। |

**15. [c]**

**व्याख्या:-**

◈ राज्यपाल यह घोषित करेगा कि वह विधेयक को राष्ट्रपति के विचार के लिए आरक्षित रखता है। (अनुच्छेद 200) यह कथन सही है।

◈ जब राज्यपाल द्वारा कोई विधेयक राष्ट्रपति के समक्ष आरक्षित रखा जाता है, तो राष्ट्रपति यह कर सकता है-
1. विधेयक को स्वीकृति दे सकता है।
2. स्वीकृति देने से मना कर सकता है, या
3. राज्यपाल को निर्देश दे सकता है की वह विधेयक को सदन को वापस लौटा दे। (अनुच्छेद-2001)

**16. [c]**

**व्याख्या:-**

◈ भारत में केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति का पद राष्ट्रपति को प्राप्त होता है।

◈ **राज्यपाल-** (i) राज्य सैनिक बोर्ड का अध्यक्ष
(ii) पश्चिमी क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र का अध्यक्ष
(iii) स्काउट & गाइड का संरक्षक
(iv) भूतपूर्व सैनिको के हित-लाभो के लिए बनाई गई समेकित निधी कि प्रबन्धन समिति का अध्यक्ष
(v) राजस्थान रेडक्रोस सोसाइटी ब्रांच का अध्यक्ष
(vi) राजस्थान के विश्वविद्यालयों का कुलाधिपती

**17. [a]**

**व्याख्या:-**

◈ किसी विधेयक पर संवैधानिक उपबन्ध के तहत राज्यपाल की सिफारिश अपेक्षित थी, किन्तु बिना राज्यपाल की सिफारिश उसे राजस्थान विधानसभा में पुन:स्थापित किया गया और उसने पारित करके राज्यपाल को भेज दिया; अब राज्यपाल अनुमति देता है तो वह अधिनियम अविधिमान्य नहीं होगा।

**18. [a]**

**व्याख्या:-**

◈ राज्यपाल मंत्रियों की नियुक्ति करता है, लेकिन यह नियुक्ति मुख्यमंत्री की सिफारिश पर की जाती है। मुख्यमंत्री अपनी पसंद के अनुसार मंत्रियों का चयन करता है और राज्यपाल को उनके नामों की अनुशंसा करता है।

◈ मुख्यमंत्री मंत्रियों को विभिन्न विभागों का प्रभार सौंपता है। वह किसी भी समय विभागों के कार्यभार में फेरबदल कर सकता है और मंत्रियों को उनके दायित्वों में परिवर्तन करने का अधिकार रखता है।

**19. [c]**

**व्याख्या:-**

◈ फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ राजस्थान के राज्यपाल नहीं रहे हैं।

◈ सरदार जोगेन्द्र सिंह (त्यागपत्र) – 1972 से 1977

◈ सरदार हुकुम सिंह – 1970 से 1972

◈ एयर चीफ मार्शल ओ.पी. मेहरा – 1982 से 1985

**20. [c]**

**व्याख्या:-**

◈ राजस्थान राजभवन में 'इन्फॉर्मास' पोर्टल की शुरुआत राज्यपाल कलराज मिश्र के कार्यकाल में की गई थी। इस पोर्टल का उद्देश्य राजभवन की कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी और सूचना तकनीक पर आधारित बनाना है।

**21. [a]**

**व्याख्या:-**

◈ गवर्नर रिलीफ फण्ड विनियम 1973

◈ समस्त वैधानिक/प्रशासनिक प्रयोजनार्थ इस कोष का गठन 14 मार्च 1973 को किया गया।

**फण्ड का उद्देश्य**

1. अकाल एवं अभावग्रस्त क्षेत्रों में सहायता
2. प्राकृतिक आपदाओं यथा अग्निकांड बाढ़ एवं दुर्घटना में सहायता
3. प्रदेश में महामारी, अतिवृष्टि, टिड्डी, ओलावृष्टि तथा अन्य आपदा क्षेत्रों में फसल नुकसान, औषधि एवं उपकरणों हेतु सहायता
4. माननीय राज्यपाल महोदय द्वारा अन्य जो भी कारण उचित समझे, जहां तात्कालिक आवश्यकता हो

**22. [a]**

**व्याख्या:-**

◈ माननीय राज्यपाल श्री हरिभाऊ किसनराव बागडे जी का जन्म कृषक परिवार में हुआ। समाज सेवाए कृषि एवं डेयरी क्षेत्र में आपका गहन अध्ययन ही नहीं है बल्कि आपने इन क्षेत्रों के विकास के लिए निरंतर कार्य किया है।

◈ माननीय राज्यपाल महोदय की ग्रामीण विकास में गहरी रुचि है। कमजोर और पिछड़े वर्गों के कल्याण महिला सशक्तिकरण के लिए निरंतर आपने कार्य किया है।

◈ महाराष्ट्र में आपकी पहल पर एक बड़ी पहल यह भी हुई है कि वहां सहकारिता आंदोलन को आपने गति दी। किसानों को दूध से संबंधित व्यापार शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करके दूध विपणन को आपने निरंतर बढ़ावा दिया है। गन्ना किसानों के लिए आपने बहुत महती कार्य करते हुए उन्हें उनकी फसल का उचित लाभ प्रदान करने के लिए बाकायदा गत्ता कारखाने स्थापित किए।

◈ औरंगाबाद छत्रपती संभाजीनगर और जालना जिलोंमें अकाल उन्मूलन के उद्देश्य से गठित आरएसएस समिति के कार्यकारी अध्यक्ष आप रहे। आपका राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से बचपन से ही जुड़ाव हो गया था। पत्रकारिता के अंतर्गत साप्ताहिक पत्रिका विवेकश के प्रतिनिधि के रूप में भी आपने कार्य किया।

**23. [a]**

**व्याख्या:-**

◈ राज्यपाल की नियुक्ति प्रक्रिया कनाडा से ली गई है।

◈ राज्यपाल को राष्ट्रपति अपने हस्ताक्षर और मुद्रा सहित अधिपत्र द्वारा नियुक्त करता है। ना कि निर्वाचित.

**24. [d]**

**व्याख्या:-**

◈ पुंछी आयोग जिसने केंद्र-राज्य संबंधों की समीक्षा की, ने सुझाव दिया था कि राज्यपाल को हटाने के लिए "राष्ट्रपति की इच्छा के सिद्धांत" को समाप्त किया जाना चाहिए. आयोग ने सिफारिश की कि राज्यपालों को भी राष्ट्रपति के समान ही राज्य विधानमंडल द्वारा महाभियोग की प्रक्रिया के माध्यम से हटाया जाना चाहिए

**25. [d]**

**व्याख्या:-**

◈ राज्यपाल की उपलब्धियों और भत्तों में उनकी पदावधि के दौरान अलाभकारी परिवर्तन नहीं किया जाएगा, इसका उल्लेख भारतीय संविधान के अनुच्छेद 158 (4) में किया गया है।

♦ ♦ ♦ ♦

# विगत वर्षों के प्रश्न-पत्र

1. **निम्न में से कौनसा/से मन्दिर आमेर में स्थित है/हैं?**
**(अ) जगत शिरोमणि मन्दिर**
**(ब) अम्बिकेश्वर महादेव मन्दिर**
**(स) रक्तदंतिका माता मन्दिर**
**कूट**
(a) (अ), (ब) और (स) (b) (अ) और (ब)
(c) केवल (ब) (d) केवल (अ)
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

2. **निम्न में से किस किसान आन्दोलन से 'कांगड़ काण्ड' का सम्बन्ध था?**
(a) शेखावाटी (b) मारवाड़
(c) बीकानेर (d) बेगूं
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

3. **सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये और नीचे दिए गए कूट का उपयोग करते हुए सही उत्त का चयन कीजिए -**

| सूची-I (शासक) | सूची-II (वंश) |
|---|---|
| (अ) बाउक | (i) प्रतिहार |
| (ब) राव सीहा | (ii) राठौड़ |
| (स) बप्पा | (iii) गुहिल |
| (द) वासुदेव | (iv) चौहान |

(a) (अ)-(ii), (ब)-(i), (स)-(iii), (द)-(iv)
(b) (अ)-(i), (ब)-(ii), (स)-(iii), (द)-(iv)
(c) (अ)-(iv), (ब)-(iii), (स)-(ii), (द)-(i)
(d) (अ)-(iii), (ब)-(i), (स)-(iv), (द)-(ii)
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

4. **निम्नलिखित में से किस ब्रिटिश अधिकारी ने बूंदी के शासक राव राजा बिशन सिंह पर दबाव डालकर सती प्रथा के विरुद्ध वातावरणं तैयार करने में सफलता प्राप्त की?**
(a) रॉबिन्सन (b) सी.ई. बर्टन
(c) जेम्स टॉड (d) जॉन, लुङ्गलो
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

5. **रानी रंग देवी का ऐतिहासिक जौहर सम्बन्धित था -**
(a) चित्तौड़गढ़ से (b) सिवांणा से
(c) रणथम्भौर से (d) जालौर से
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

6. **प्रजामण्डल आन्दोलन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए एवं निम्नांकित में से सही विकल्प चुनिए -**
**(अ) भूपेन्द्रनाथ त्रिवेदी के अथक प्रयासों से बांसवाड़ा प्रजामण्डल की स्थापना हुई।**
**(ब) कृष्ण दत्त पालीवाल की अध्यक्षता में धौलपुर प्रजामण्डलं की स्थापना हुई।**
(a) केवल (अ) सत्य है (b) केवल (ब) सत्य है
(c) (अ) और (ब) दोनों सत्य हैं (d) (अ) और (ब) दोनों असत्य हैं
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

7. **निम्नलिखित में से कौनसा / से राजस्थानी लोक संगीत का/के सुषिर वाद्य यंत्र है / हैं?**
**(अ) अंलगोजा** **(ब) भपंग**
**(स) सतारा** **(द) नड़**
**कूट**
(a) (अ), (ब) और (स) (b) केवल (अ)
(c) (अ) और. (ब) (d) (अ), (स) और (द)
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

8. **"लोक देवता कल्लाजी राठौड़ की समाधि" कहां स्थित है?**
(a) चित्तौड़गढ़ (b) गागरोण दुर्ग
(c) मेहरानगढ़ (d) कुंभलगढ़
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

9. **नाना साहब का झालरा एवं इब्राहीम का झालरा नामक जलाशय अवस्थित हैं -**
(a) गागरोण (झालावाड़) में (b) तारागढ़ (अजमेर) में
(c) बयाना दुर्ग (भरतपुर) में (d) जयगढ़ (जयपुर) में
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

10. **निम्न में से कौन वृहद राजस्थान के एकीकरण के लिए गठित "राजस्थान आन्दोलन समिति" का अध्यक्ष था?**
(a) जय नारायण व्यास (b) सरदारं वल्लभभाई पटेल
(c) 'हीरालाल शास्त्री (d) राम मनोहर लोहिया
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

11. **लाडली दास निम्त में से किंस चित्रकला शैली का चित्रकार था?**
(a) किशनगढ़ (b) जैसलमेर
(c) बूंदी (d) अलवर
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

12. **'अभेड़ा महल' कहां स्थित है?**
(a) डूंगरपुर (b) बूंदी
(c) बीकानेर (d) कोटा
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

13. **निम्नलिखित में से कौनसा/से पुरुषों का/के वस्त्र नहीं है/हैं?**
**(अ) जामा** **(ब) चोगा**
**(स) अंगरखी** **(द) लप्पा**
**कूट -**
(a) केवल (अ) (b) (अ) और (द)
(c) केवल (द) (d) (अ) और (ब)
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

14. **निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही नहीं है?**
(a) मालव संवत् का प्रारम्भ 78 ई. से हुआ था।
(b) मालवों ने वैदिक यज्ञ परम्परा को समर्थन देना जारी रखा था।
(c) मालव सिक्कों पर सूर्य एवं बोधि वृक्ष अंकित हैं।
(d) मालव सिक्कों पर सेनापतियों के नाम अंकित हैं।
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

15. **निम्नलिखित में से किस मुगल सेनानायक को दिवेर के युद्ध में महाराणा प्रताप ने परास्त किया था?**
(a) शाहबाज खान (b) सुल्तान खां
(c) रहीम (d) जलाल खां
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

16. **निम्नलिखित में से कौनसा / से युग्म सही' सुमेलित है/हैं?**

| समाचार पत्र का नाम | संपादक |
|---|---|
| (अ) त्याग भूमि | हीरालाल शास्त्री |
| (ब) अखण्ड भारत | जय नारायण व्यास |
| (स) आर्य मार्तण्ड | राम सहाय शर्मा |

**कूट**

(a) (ब) और (स)
(b) (अ), (ब) और (स)
(c) केवल (ब)
(d) (अ) और (ब)
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**17. मध्यकालीन राजस्थान के भूमि एवं राजस्व व्यवस्था के संबंध में निम्न में से कौनसा / से कथन सत्य है/हैं?**
**(अ) उपजाऊ भूमि 'माल' व पहाड़ी भूमि 'मगरा' कहलाती थी।**
**(ब) सर्दी में पैदा फसल 'सियालू' व गर्मियों में पैदा होने वाली फसल 'उनाल' कहलाती थीं।**
**(स) उपज पर करं का निर्धारण 'लाटा एवं कूंता' प्रणाली से होता था।**
(a) केवल (अ)
(b) (अ), (ब) एवं (स)
(c) (अ) एवं (ब)
(d) (अ) एवं (स)
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**18. निम्नलिखित में से कौनसा / कौनसे युग्म सही सुमेलित है/हैं?**

| ग्रंथ | लेखक |
|---|---|
| (अ) राजरूपक | कवि वीरभाण |
| (ब) सूरज प्रकाश | करणीदान |
| (स) रामरंजाट | सूर्यमल्ल मिश्रण |

**कूट -**
(a) केवल (अ)
(b) (अ), (ब) और (स)
(c) केवल (ब)
(d) (अ) और (ब)
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**19. राजस्थान के आहड़ पुरातात्विक स्थलों के विषय में निम्न में से कौनसा कथन असत्य है?**
(a) यहां से चावल और जंगली जानवर एवं मवेशियों के साक्ष्य प्राप्त हुए हैं।
(b) ताम्र उपकरण कुल्हाड़ी, अंगूठी, चूड़ियां इत्यादि यहां पर पाए गए।
(c) आहड़ अपने कांस्य के प्रचुर भण्डार के लिए प्रसिद्ध है।
(d) आहड़ सभ्यता बनास एवं उसकी सहायक नदियों पर स्थित थी।
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**20. जहूर खां मेवाती किस लोक वाद्य के पारंगत कलाकार हैं?**
(a) रावण हत्था
(b) अलगोजा
(c) पुंगी
(d) भपंग
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**21. राजस्थान में नॉन-कैल्साइट ब्राउन (भूरी) मृदा किन जिलों में पाई जाती है?**
(a) जालौर, पाली तथा बालोतरा
(b) प्रतापगढ़, डूंगरपुर तथा बांसवाड़ा
(c) गंगानगर, चूरू तथा बीकानेर
(d) जयपुर, सीकर तथा झुन्झुनूँ
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**22. जयपुर, दौसा तथा टोंक किस पर्यटक परिपथ में सम्मिलित हैं?**
(a) वागड़
(b) ढूँढार
(c) गोडवार
(d) मेरवाड़ा
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**23. निम्नलिखित में से कौनसे सही सुमेलित है?**

| झील | जिला |
|---|---|
| (A) कालीसोत | बारां |
| (B) भीमताल | झालावाड़ |
| (C) आनन्द सागर | बांसवाड़ा |
| (D) छापरवाड़ा | टोंक |

**सही उत्तर का चयन नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर कीजिए-**
(a) (B), (C) और (D)
(b) (A) और (C)
(c) (A), (B), (C) और (D)
(d) (B) और (D)
(e) 'अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**24. वीरनार और वरलक्ष्मी उन्नत किस्में हैं -**
(a) जौ
(b) गेहूँ
(c) गन्ना
(d) कपास
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**25. निम्नलिखित में से कौनसा राजस्थान में घिया पत्थर खनन क्षेत्र नहीं है?**
(a) देवपुरा
(b) बालूपुरा
(c) दागोटा-झरना
(d) घेवरिया-चाँदपुर
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**26. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा सही उत्तर का चयन नीचे दिये गये कूट से कीजिए -**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (A) बंध बारेठा | (i) बूंदी |
| (B) रामसागर वन विहार- | (ii) भरतपुर |
| (C) शेरगढ़ | (iii) बारां |
| (D) रामगढ़ विषधारी | (iv) धौलपुर |

(a) (A)-(i), (B)-(iv), (C)-(ii), (D)-(iii)
(b) (A)-(ii), (B)-(iv), (C)-(iii), (D)-(i)
(c) (A)-(iii), (B)-(ii), (C)-(iv), (D)-(i)
(d) (A)-(ii), (B)-(iii), (C)-(i), (D)-(iv)
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**27. राजस्थान में RRECL द्वारा प्रथम एवं द्वितीय व्यावसायिक पवन फार्म कहाँ स्थापित किए गए थे?**
(a) जैसलमेर तथा आकल
(b) देवगढ़ तथा नोख
(c) फलोदी तथा हर्षनाथ
(d) खोडल तथा देवगढ़
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**28. निम्नलिखित में से कौनसा जैसलमेर में प्राकृतिक गैस भण्डार क्षेत्र नहीं है?**
(a) घोटारू
(b) जोगसरिया
(c) चिन्नेवाला
(d) मनिहारी टिब्बा
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**29. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा सही उत्तर का चयन नीचे दिये गये कूट से कीजिये -**

| सूची-I (पर्यटन स्थल) | सूची-II (अवस्थिति) |
|---|---|
| (A) बाला किला | (i) मांउन्ट आबू |
| (B) देलवाड़ा मंदिर | (ii) टोंक |
| (C) स्वर्ण कोठी | (iii) बूंदी |
| (D) चौरासी खम्बों की छतरी | (iv) अलवर |

**कूट**
(a) (A)-(iii), (B)-(iv), (C)-(i), (D)-(ii)
(b) (A)-(iv), (B)-(iii), (C)-(ii), (D)-(i)
(c) (A)-(iv), (B)-(i), (C)-(ii), (D)-(iii)
(d) (A)-(ii), (B)-(i), (C)-(iv), (D)-(iii)
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**30. निम्नलिखित में से कौनसे स्थान सिद्धमुख परियोजना से सिंचित हैं?**
(a) सुमेरपुर एवं एरिनपुरा
(b) धरियावाड़ एवं सलूम्बर
(c) राजगढ़ एवं तारानगर
(d) केकड़ी एवं सरवर
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**31. निम्नलिखित में से अरावली की उस चोटी का चयन कीजिए, जो कमलनाथं से ऊँची तथा अचलगढ़ से नीची है –**
(a) सिरावास (b) लीलागढ़
(c) रघुनाथंगढ़ (d) सज्जनगढ़
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**32. भारत - वंन स्थिति रिपोर्ट-2021 के अनुसार, वर्ष 2019-2021 के आंकलन में निम्नलिखित में से किस जिले के समूह के वनावरण में ऋणात्मक परिवर्तन हुआ?**
(a) जालौर तथा अजमेर (b) करौली तथा जालौर
(c) करौली तथा बीकानेर (d) जालौर तथा नागौर
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**33. 2011 में राजस्थान में ग्रामीण एवं नगरीय पुरुष साक्षरता दर क्रमशः थी -**
(a) 76.2% और 87.9% (b) 87.9% और 77.7%
(c) 77.9% और 85.2% (d) 75.1% और 79.7%
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**34. 'डामोर' जनजाति मुख्यतः निवास करती है -**
(a) पिण्डवाड़ा तहसील में
(b) किशनगंज तहसील में
(c) शाहबाद पंचायत समिति में,
(d) सीमलवाड़ों पंचायत समिति में
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**35. निम्नलिखित में से कौनसा (उद्योग स्थान) सही सुमेलित नहीं है?**
(a) स्टेट' वूलन मिल्स - बीकानेर
(b) सल्फ्यूरिक एसिड. प्लान्ट - अलवर
(c) सीमेन्ट लाखेरी
(d) काँच भीलवाड़ा
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**36. निम्नांकित में से कौनसा एक राजस्थान के दक्षिणी-पूर्वी पठार प्रदेश का भाग नहीं है?**
(a) अर्द्ध-चन्द्राकार पर्वत श्रेणियाँ (b) देवगढ़ का पीडमाण्ट मैदान
(c) शाहबाद का उच्च स्थल (d) डग-गंगधार के उच्च क्षेत्र
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**37. निम्नलिखित में से कौनसी राजस्थान में परम्परागत जल संरक्षण तकनीक नहीं है?**
(a) झालरा (b) पैंडा
(c) टोबा (d) नाडी
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**38. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा सही उत्तर का चयन नीचे दिये कूट से कीजिये -**

| सूची-I (खनिज) | सूची-II (खनन क्षेत्र) |
|---|---|
| (A) लौह अयस्क | (i) रेवत पहाड़ियाँ |
| (B) मैंगनीज | (ii) काली पहाड़ी |
| (C) टंगस्टन | (iii) सागवाड़ा |
| (D) बेरिलियम | (iv) काला खूंटा |

**कूट -**
(a) (A)-(iii), (B)-(i), (C)-(ii), (D)-(iv)
(b) (A)-(ii), (B)-(iii), (C)-(iv), (D)-(i)
(c) (A)-(iv), (B)-(ii), (C)-(iii), (D)-(i)
(d) (A)-(ii), (B)-(iv), (C)-(i), (D)-(iii)
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**39. राजस्थान की एक नदी के सन्दर्भ में निम्नलिखित तथ्यों को सावधानीपूर्वक पढ़िए -**
**(A) यह ऋषभदेव के निकट बीछामेंड़ा से उद्गमित होती है।**
**(B) गोमती तथा सारनी इसकी सहायक नदियाँ हैं।**
(a) सोम (b) साबरमती
(c) जाखम (d) पश्चिमी बनास
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**40. दक्षिण-पश्चिम मानसून के मौसम में प्राप्त औसत वर्षा की मात्रा के अनुसार राजस्थान के निम्नलिखित जिलों में से कौनसा सही ढंग से अवरोही क्रम में व्यवस्थित है?**
(a) धौलपुर, अलवर, झुन्झुनूँ (b) धौलपुर, झुन्झुनूँ, अलवर
(c) कोटा, झालावाड़, उंदयपुर (d) अलवर, धौलपुर, झुन्झुनूँ
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**41. लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम, राजस्थान के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए :**
**(a) यह अधिनियम वर्ष 2011 का 50वां था।**
**(b) इस अधिनियम को राज्यपाल की स्वीकृति 30 सितम्बर, 2011 को प्राप्त हुई।**
**(c) इस अधिनियम को राज्य विधान सभा द्वारा भारत के गणतंत्र के 62वें वर्ष में पारित किया गया।**
(a) केवल (c) सही है (b) केवल (a) सही है
(c) केवल (b) और (c) सही हैं (d) केवल (b) सही है
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**42. सूचना प्रौद्योगिकी नवाचार के रूप में, आर.पी.एस.सी. द्वारा 2011 और सितम्बर 2017 के बीच कितनी ऑनलाइन परीक्षाएं आयोजित की हैं?**
(a) 154 (b) 150
(c) 145 (d) 158
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**43. राज्य सभा के संबंध में निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही नहीं है?**
(a) राष्ट्रपति द्वारा राज्य सभा के लिए मनोनीत सदस्य साहित्य, विज्ञान, कला और सामाजिक सेवा जैसे मामलों के संबंध में विशेष ज्ञान या व्यावहारिक अनुभव रखने वाले व्यक्ति होते हैं।
(b) राज्य सभा एक स्थायी सदन है और इसका विघटन नहीं होता है। राज्य सभा के एक तिहाई सदस्य प्रत्येक दूसरे वर्ष के पश्चात् सेवानिवृत्त हो जाते हैं।
(c) ओडिशा और राजस्थान समान संख्या में प्रतिनिधि राज्य सभा में भेजते हैं।
(d) 1970 में, इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्रित्व काल में राज्य सभा में महिला सदस्यों की संख्या सबसे अधिक थी।
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**44. राजस्थान राज्य चुनाव आयोग के संबंध में निम्नलिखित में से कौनसा कथन गलत है?**
(a) राज्य चुनाव आयुक्त को राजस्थान सरकार या भारत सरकार के शासन सचिव या समान वेतन श्रृंखला के समकक्ष, पद का न्यूनतम पांच साल का अनुभव होना चाहिए।
(b) यह मतदाता सूची तैयार करता है और पंचायती राज संस्थाओं के साथ-साथ नगर निकायों के लिए भी चुनाव कराता है।
(c) भारत के संविधान के अनुच्छेद 243-K के तहत एकल सदस्यीय निकाय के रूप में राज्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा की जाती है।
(d) राजस्थान राज्य चुनाव आयोग का गठन जुलाई 1995 में किया गया था।
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**45. नेशनल सर्विस वॉलंटियर स्कीम (एन.एस.वी.एस.) एवं राष्ट्रीय सद्भावना योजना (आर.एस.वाई.) को मिलाकर किस योजना की क्रियान्विति की गई है?**
(a) नेशनल यूथ कॉर्म्स (b) नेशनल यूथ वॉलंटियर स्कीम
(c) नेशनल यूथ एडवाइसरी काउंसिल
(d) नेहरू युवां केन्द्र (e) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**46. 1958 में, राजस्थान उच्च न्यायालय की जयपुर पीठ भारत सरकार द्वारा गठित एक समिति की सिफारिश पर समाप्त कर दी गई। इस समिति में निम्नांकित में से कौन सदस्य नहीं था?**
(a) वी. विश्वनाथन (b) इंद्रनाथ मोदी
(c) बी. के. गुप्ता (d) पी. सत्यनारायण राव'
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**47. मौलिक अधिकारों के बारे में कौनसे कथन सही हैं? नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर कां चयन कीजिए -**
**(i) कुछ मौलिक अधिकार केवल 'नागरिकों को दिये गये हैं।**
**(ii) कुछ मौलिक अधिकार कार्यपालिका के विरुद्ध संबोधित हैं लेकिन विधायिका पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाते हैं।**
**(iii) कुछ मौलिक अधिकारों का उद्देश्य विधायी शक्ति पर निरपेक्ष प्रतिबंध है।**
**(iv) सभी मौलिक अधिकार राज्य के विरुद्ध व साथ ही साथ निजी व्यक्तियों द्वारा अधिकारों के हनन के विरुद्ध भी हैं।**
(a) केवल (i), (iii) और (iv) सही हैं
(b) केवल (i), (ii) और (iii) सही हैं
(c) केवल (i) और (iii) सही हैं
(d) केवल (i), (ii) और (iv) सही हैं
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**48. निम्नांकित में से राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 38 के बारे में क्या सही नहीं है?**
(a) राजस्थान पंचायती राज़ अधिनियम, 1994 की धारा 38 के अन्तर्गत राज्य सरकार पंचायती राज संस्था के अध्यक्ष को उसके पद से हटा सकती है।
(b) इस तरह हटायां गया अध्यक्ष राजस्थान पंचायती राज अधिनियम' के अधीन दो वर्षों तक चुनाव के योग्य नहीं होगा।
(c) ऐसा निष्कासन राज्य सरकार द्वारा केवल आवश्यक जाँच के बाद ही किया जा सकता है।
(d) ऐसे हटाए गए अध्यक्ष को संबंधित पंचायती राज संस्था की सदस्यता से भी हटाया जा सकता है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**49. लोकायुक्त, राजस्थान निम्नलिखित में से किनके विरुद्ध शिकायतें नहीं सुन सकते?**
(a) जिला कलेक्टर
(b) जिला प्रमुख
(c) राजस्थान के कैबिनेट मंत्री
(d) 'राजस्थान विधान सभा सचिवालय के अधिकारी एवं कर्मचारी
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**50. राजस्थान एम.एस.एम.ई. पॉलिसी-2024 की मुख्य दृष्टि क्या है?**
(a) विदेशी निवेश को मजबूत करना
(b) अन्तर्राज्यीय एम.एस.एम.ई. को जोड़कर बाजारी 4 कड़ियों को मजबूत करना
(c) एम.एस.एम.ई. क्षेत्र के सरकारी बजट को बढ़ाना
(d) राजस्थान में वैश्विक प्रतियोगी और स्थानिक प्रासंगिक एम.एस.एम.ई. क्षेत्र को सृजित करना
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**51. संविधान सभा के संबंध में निम्नलिखित में से कौनसे कथन गलत हैं?**
**(A) संविधान सभा की पहली बैठक नई दिल्ली में 9 दिसंबर, 1946 को कॉन्स्टिट्यूशन हॉल में हुई, जिसे अब संसद भवन के सेंट्रल हॉल के रूप में जाना जाता है।**
**(B) स्वतंत्र भारत के लिए संविधान का मसौदा तैयार करने के अपने ऐतिहासिक कार्य को पूरा करने में संविधान सभा को ग्यारह सत्रों के साथ लगभग तीन साल लग गए।**
**(C) हाउस कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद थे।**
**(D) पश्चिम बंगाल का प्रतिनिधित्व 29 सदस्यों ने किया।**
(a) (A) और (D) दोनों गलत हैं (b) (B) और (C) दोनों गलत हैं
(c) (C) और (D) दोनों गलत हैं (d) (A), (C) और (D) गलत हैं
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**52. मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की 'विकसित भारत-विकसित राजस्थान' दृष्टि के अंतर्गत अगले 5 वर्षों में राजस्थान की अर्थव्यवस्था हो जाएगी -**
(a) 350 अरब डॉलर अर्थव्यवस्था (b) 550 अरब डॉलर अर्थव्यवस्था
(c) 450 अरब डॉलर अर्थव्यवस्था (d) 250 अरब डॉलर अर्थव्यवस्था
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**53. अभिकथन (A): संसद का प्रथम दायित्व मंत्रीमंडल प्रदान करना और इसे उत्तरदायी बनाये रखना है।**
**कारण (R) : मंत्रीमंडल की जिम्मेदारी लोकप्रिय सदन के प्रति है; इसकी सदस्यता अनिवार्य रूप से उस सदन तक सीमित नहीं है।**
**उपरोक्त कथनों के आधार पर नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए -**
(a) 'A' सही है लेकिन 'R' गलत है
(b) 'R' सही है लेकिन 'A' गलत है
(c) व्यक्तिगत रूप से 'A' और 'R' दोनों सही हैं और 'R', 'A' की उचित व्याख्या है
(d) व्यक्तिगत रूप से 'A' और 'R' दोनों सही हैं लेकिन 'R', 'A' की उचित व्याख्या नहीं है
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**54. राजस्थान के राज्यपाल की अध्यादेश निर्माण की शक्ति के संबंध में निम्नलिखित में से कौनसा कथन गलत है?**
(a) वर्ष 2021 से 2023 के बीच, राजस्थान के राज्यपाल द्वारा पारित किए गए अध्यादेश का केवल एक उदाहरण है।
(b) ऐसे अध्यादेश को राज्य की विधान सभा के समक्ष रखा जाएगा, और विधानमंडल की पुनः बैठक के छह सप्ताह की समाप्ति पर यह प्रवर्तन में नहीं रहेगा।
(c) भारत के संविधान के अनुच्छेद 213 के तहत राजस्थान के राज्यपाल को विधानमंडल के अवकाश के दौरान अध्यादेश जारी करने की शक्ति प्राप्त है।
(d) अध्यादेश राज्यपाल द्वारा किसी भी समय वापस लिया जा सकता है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[*]**

**55. किस संविधान संशोधन के परिणामस्वरूप भारत का निर्वाचन आयोग, संसद और राज्यों की विधानमंडलों के निर्वाचनों से उद्भूत या संसक्तं संदेहों और विवाद के निर्णय के लिए निर्वाचन न्यायाधिकरण की नियुक्ति नहीं कर सकता?**
(a) 19वां संविधान संशोधन अधिनियम
(b) 44वां संविधान संशोधन अधिनियम
(c) 76वां संविधान संशोधन अधिनियम
(d) 42वां संविधान संशोधन अधिनियम
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**56. भारतीय संविधान के बारे में निम्न में से कौनसे कथन सही हैं? निम्न कूट में से सही उत्तर चुनिये**
**(i) भारत का संविधान 'न्यायिक सर्वोच्चता' की अमेरिकी व्यवस्था एवं 'संसदीय सर्वोच्चता: के ब्रिटिश सिद्धान्त के बीच का रास्ता अपनाता है।**
**(ii) भारतीय संविधान 'संसदीय सर्वोच्चता' के ब्रिटिश सिद्धान्त के स्थान पर 'सीमित सरकार' के अमेरिकी सिंद्धान्त को प्राथमिकता देता है।**
**(iii) भारतीय संविधान 'कानून की उचित प्रक्रिया' के सिद्धान्त के स्थान पर "कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया के सिद्धान्त का अनुसरण करता है।**
(a) (i), (ii) और (iii) सही हैं (b) (ii) और (iii) सही हैं
(c) (i) और (iii) सही हैं (d) (i) और (ii) सही हैं
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**57. प्रस्तावना से संबंधित निम्नलिखित में से कौनसे कथन गलत हैं? नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए-**
**(A) सज्जन सिंह मामले में, सुप्रीम कोर्ट ने मांना कि प्रस्तावना संविधान निर्माताओं के दिमाग की कुंजी थी।**
**(B) बेरुबारी मामले में, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि प्रस्तावना में "गहन विचार-विमर्श" की छाप थी, "सटीकता से चिन्हित" थी और संविधान के निर्माताओं ने इसे महत्त्व दिया था।**
**(C) गोलक नाथ मामले में, यह देखा गया कि प्रस्तावना "संविधान की आत्मा शाश्वत और अपरिवर्तनीय" थी।**
**(D) केशवानंद भारती मामले में, न्यायालय ने कहा कि प्रस्तावना न केवल संविधान का बहुत बड़ा हिस्सा है, बल्कि "अत्यंत महत्त्वपूर्ण है और संविधान को प्रस्तावना में व्यक्त भव्य और महान दृष्टि के प्रकाश में पढ़ा और व्याख्या किया जाना चाहिए"।**
**कूट -**
(a) (C) और (D) दोनों गलत हैं (b) (B) और (C) दोनों गलत हैं
(c) (A), (B) और (D) गलत हैं (d) (A) और (B) दोनों गलत हैं
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**58. भारत के संविधान के अनुसार, अफीम की खेती, उसके विनिर्माण और निर्यात के लिए विक्रय संबंधी कानून बनाने का अधिकार किसको है?**
(a) राज्य विधायिका
(b) संघीय संसद तथा राज्य विधायिका दोनों
(c) संघीय संसद
(d) स्थानीय स्व-शासन की संस्थाएँ
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**59. राजस्थान सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 2001 के अनुसार, एक सोसाइटी पंजीकृत कराने के लिये न्यूनतम कितने व्यक्तियों की आवश्यकता होती है?**
(a) 05 (b) 15
(c) 20 (d) 10
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**60. निम्नलिखित में से कौन नीति आंयोग का एक संलग्न कार्यालय है जो कठोर, डेटा संचालित, नागरिक-केंद्रित और परिणाम-संचालित कार्यक्रम प्रबंधन और नीतिः निर्माण का समर्थन करता है?**
(a) नैंटमो (b) डीएमईओ
(c) रजिस्ट्रार जनरल का कार्यालय (d) सर्वे ऑफ इंडिया
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**61. आई.बी.एस.एफ. विश्व बिलियर्ड्स (150-up) चैम्पियनशिप 2024 के लिए निम्न कथनों पर विचार कीजिए तथा सही कथन चुनिए -**
**कथन (A)- यह चैम्पियनशिप दोहा में आयोजित की गई।**
**कथन (B) - भारत के पंकज अडवाणी ने फाइनल में सिंगापुर के पीटर गिलक्रिस्ट को हराया।**
**कथन (C) - भारत के सौरव कोठारी ने चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीता।**
(a) केवल कथन (B) तथा (C) सही हैं
(b) (A), (B) तथा (C) तीनों कथन सही हैं
(c) केवल कथन (A) तथा (B) सही हैं
(d) केवल कथन (A) तथा (C) सही हैं
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**62. नवंबर 2024 में, बोत्सवाना का राष्ट्रपति कौन निर्वाचित हुआ?**
(a) डुमेलांग सेल्सहांडो (b) टेरेंस रेनोवाने
(c) ड्यूमा बोको (d) मेफाटो रीटाइल
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**63. निम्नांकित में से कौन बी.बी.सी. यंग स्पोर्ट्स पर्सनेलिटी ऑफ दी ईयर-2024 के टॉपं श्री में सम्मिलित नहीं है?**
(a) विलियम एलार्ड (b) एलेक्स स्कॉट
(c) स्काई ब्राउन (d) ल्यूक लिटलर
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**64. निम्न में से कौनसा देश राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेन्ट समिट-2024 का साझेदार (पार्टनर) देश नहीं था?**
(a) मोरक्को (b) कोस्टा रिका
(c) जापान (d) तुर्किये
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**65. निम्नलिखित में से किस जिले में, जनवरी 2025 में राजस्थान सरकार द्वारा घोषित अभावग्रस्त गाँवों की संख्या न्यूनतम है?**
(a) बीकानेर (b) बारां
(c) धौलपुर (d) नागौर
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**66. नवम्बर 2024 में, सी-डॉट ने एक संस्थान के साथ . "5जी ग्रामीण कनेक्टिविटी के लिए पॉलीमर आधारित कंम लागत वाले मिलीमीटर वेव ट्रांसीवर के निर्माण" के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। नीचे दिए गये विकंल्पों में से सही संस्थान चुनें -**
(a) आई.आई.टी., रुड़की (b) आई.आई.टी., जोधपुर
(c) आई.आई.टी., गुवाहाटी (d) आई.आई.टी., दिल्ली
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**67. वर्ष 2024 के लिए राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार 26 नवंबर 2024 को दिए गए। "सर्वश्रेष्ठ कृत्रिम गर्भाधान तकनीशियन" श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले व्यक्ति हैं -**
(a) राजेन्द्र कुमार, प्रतापपुरा (b) अभिनव सिंह, नसीराबाद
(c) अब्दुल रहीम, भीलवाड़ा (d) वीरेंद्र कुमार सैनी, हनुमानगढ़
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**68. 6 दिसम्बर 2024 को भारत सरकार की केबिनेट के निर्णय अनुसार राजस्थान में कितने नए केन्द्रीय विद्यालय खोले जाएंगे?**
(a) 15 (b) 9
(c) 12 (d) 6
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**69. राज्यों की अक्षय ऊर्जा क्षमता के लिए कॉलम-I तथा कॉलम-II को सुमेलित कीजिए (10 अंक्टूबर 2024 तक) -**

| कॉलम-I (राज्य) | कॉलम-II (गीगावाट में क्षमता) |
|---|---|
| (A) राजस्थान | (i) 22.37 |
| (B) तमिलनाडु | (ii) 23.70 |
| (C) कर्नाटक | (iii) 29.98 |

(a) (A)-(iii), (B)-(i), (C)-(ii) (b) (A)-(iii), (B)-(ii), (C)-(i)
(c) (A)-(ii), (B)-(iii), (C)-(i) (d) (A)-(i), (B)-(ii), (C)-(iii)
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**70. 38वें राष्ट्रीय खेल 2025 में, भारोत्तोलन स्पर्धा की 109 किलोग्राम श्रेणी के संदर्भ में निम्न कथनों पर विचार कीजिए एवं सही विकल्प चुनिए -**
**कथन (A) - राजस्थान के हरचरण सिंह ने कुल 387 कि.ग्रा. वजन उठाकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया।**
**कथन (B) - हरियाणा के मनीष ने कुल 347 कि.ग्रा. वजन उठाकर रजत पदक प्राप्त किया।**
(a) (A) और (B) दोनों कथन असत्य हैं
(b) केवल कथन (A)' सत्य है
(c) केवल कथन (B) सत्य है
(d) (A) और (B) दोनों कथन सत्य हैं
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**71. आई.सी.सी. अंडर-19 महिला टी-20 विश्वकप 2025 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए एवं सही विकल्प चुनिए**
**(A) इसका आयोजन सिंगापुर में किया गया। इस टूर्नामेंट में भारत ने अपने सभी. मैच जीते।**
**(B) इस टूर्नामेंट के फाइनल मैच में गोंगाडी त्रिशा को 'प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।**
**(C) इस टूर्नामेंट की 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' वैष्णवी शर्मा को चुना गया।**
**(D) इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मैच में भारत ने इंग्लैण्ड को हराया।**
(a) केंवल (B) तथा (D) सही हैं
(b) केवल (A) तथा (C) सही हैं
(c) केवल (A), (B) तथा (C) सही हैं
(d) सभी (A), (B), (C), (D) सही हैं
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**72. भारतीय वायु सेना की पश्चिमी वायु कमान के कमांडरों का दो दिवसीय सम्मेलन 6 एवं 7 दिसम्बर 2024 को निम्नांकित में से किस स्थान पर आयोजित किया गया?**
(a) जोधपुर (b) अंबाला
(c) चंडीगढ़ (d) नई दिल्ली
(e) अनुत्तरित' प्रश्न **[d]**

**73. अक्टूबर 2024 में, भारत के प्रधानमंत्री ने बंजारा विरासत संग्रहालय का उद्घाटन किस राज्य में किया है?**
(a) गुजरात (b) महाराष्ट्र
(c) राजस्थान (d) मध्य प्रदेश
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**74. नई दिल्ली में 25 नवम्बर 2024 को संपन्न 'जी.आई. एंड' बियॉन्ड-2024' शिखर सम्मेलन का आयोजन भारत सरकार के किस मंत्रालय द्वारा किया गया?**
(a) वित्त मंत्रालय (b) ग्रामीण विकास मंत्रालय
(c) सहकारिता मंत्रालय (d) वस्त्र मंत्रालय
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**75. डब्ल्यू.एच.ओ. द्वारा प्रथम वैश्विक मुख (ओरल) स्वास्थ्य बैठक कहाँ आयोजित की गई?**
(a) भारत (b) चीन
(c) थाइलैंड (d) जापान
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**76. किस फिल्म ने 55 वें भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में 'गोल्डन पीकॉक' पुरस्कार जीता है?**
(a) इनटू द डार्कनेस (b) एंडलेस बॉर्डर्स
(c) टॉक्सिक (d) आई. हैव इलेक्ट्रिक ड्रीम्स्
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**77. निम्नलिखित में से कौनसा (पुस्तक का नाम लेखिका / लेंखक का नाम) युग्म सही सुमेलित नहीं है?**
(a) नैक्सस : ए ब्रीफ हिस्ट्री ऑफ इन्फॉरमेशन नेटवर्क्स फ्रॉम दी स्टोन एज टू ए.आई. युवाल नोह हरारी
(b) सिटीजन: माई लाइफ आफ्टर दी व्हाइट हाउस - जॉर्ज डब्ल्यू, बुश
(c) पनिशिंग पुतिन : इनसाइड दी ग्लोबल इकॉनोमिक वॉर टू ब्रिंग डाउन रशिया स्टीफ़नी बेकर
(d) दी ब्रूटिश एम्पायर फॉर सेन्चुरीज़ ऑफ कॉलोनियल एट्रोसिटीज़ - डेस एकिन
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**78. एडोल्फो उर्सो ने द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने हेतु दिसम्बर 2024 में भारत की आधिकारिक यात्रा की है, यह निम्नांकित में से किस देश के वरिष्ठ मंत्री हैं?**
(a) इटली (b) आइसलैंड
(c) जर्मनी (d) नॉर्वे
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**79. 'अस्मिता महिला लीग' के संबंध में निम्न कथनों पर विचार कीजिए एवं सही विकल्प चुनिए-**
**(A) भारतीय खेलं प्राधिकरण (एस.ए.आई.), राष्ट्रीय खेल महासंघों (एन.एस.एफ.) के सहयोग से खेलो इंडिया अस्मिता महिला, लीग आयोजित करता है।**
**(B) वर्ष 2024 में कुल 127 अस्मिता महिला लीग आयोजित की गई।**
**(C) अस्मिता योगासन लीग (राष्ट्रीय) 2024-25 का आयोजन 5 से 7 जनवरी 2025 तक नई दिल्ली में किया गया।**
(a) सभी कथन (A), (B) तथा (C) सही हैं
(b) केवल कथन (B) तथा (C) सही हैं
(c) केवल कथन (A) तथा (C) सही हैं
(d) केवल कथन (A) तथा (B) सही हैं
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**80. निम्नलिखित में से किसको दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने में सम्मिलित संस्थानों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार-2024 को "दिव्यांगजनों के 'लिए सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता" श्रेणी में पुरस्कार दिया गया है?**
(a) ज़ोमैटो (b) ओलां
(c) पेटीएम (d) जियो
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**81. राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 245 (19) के अन्तर्गत नगरपालिका की ओर से दाखिल प्रथम सूचना रिपोर्ट की तिथि से ....... कालावधि के भीतर अन्वेषण पूर्ण किया जाएगा।**
(a) चार माह की (b) छः माह की
(c) तीन माह कीं (d) दो माह की
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

82. **राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 के अन्तर्गत नगरपालिक कर निर्धारण के लिए कर निर्धारकों की नियुक्ति की जाएगी -**
(a) अध्यक्ष द्वारा (b) मुख्य नगरपालिक अधिकारी द्वारा
(c) राज्य सरकार द्वारा (d) उपाध्यक्ष द्वारा
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

83. **राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 115 (a) के द्वारा अपेक्षित सूचना देने में विफल रहने पर नगरपालिका किसी व्यक्ति पर ......... की शास्ति आरोपित कर सकेगी।**
(a) संदेय कर की राशि का पाँच गुना
(b) पचास हजार रुपए से अनधिक
(c) दस हजार रुपए से अनधिक
(d) पाँच सौ रुपए से अनधिक या उक्त भवन या परिवर्तन पर तीन मास की कालावधि के लिए संदेय कर की रकम का दस गुना, जो भी अधिक हो
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

84. **राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 के अन्तर्गत नगरपालिका चुनावों में कोई व्यक्ति चुनाव लड़ सकता है -**
(a) चार वार्डों से (b) दो वार्डों से
(c) केवल एक वार्ड से (d) तीन वार्डों से
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

85. **राजस्थान नगरपालिका (कार्य संचालन) नियम, 2009 के अंतर्गत पीठासीन अधिकारी, सरकार के तकनीकी, विधिक या अन्य विशेषज्ञों और स्थानीय अधिकारियों को बैठक में उपस्थित होने और उनकी सलाह लेने के लिए बुला सकेगा -**
(a) नियम 20 के अंतर्गत (b) नियम 21 के अंतर्गत
(c) नियम 18 के अंतर्गत (d) नियम 19 के अंतर्गत
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

86. **राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 के अन्तर्गतं धारा 31 के अधीन दायर निर्वाचन याचिका में पारित आदेश के विरुद्ध अपील की जायेगी -**
(a) उच्च न्यायालय को (b) जिला न्यायाधीश को
(c) संभागीय आयुक्त को (d) निदेशक, स्थानीय निकाय को
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

87. **एक नग्रपालिका के अध्यक्ष के विरुद्ध, उसके पदग्रहण 1 करने के 20 माह पश्चात्, अविश्वास प्रस्ताव लाया गया एवं पारित किया गया। इससे वह -**
(a) प्रभावित नहीं होगा। (b) शक्तिहीन हो गया।
(c) प्रभावहीन हो गया। (d) अंयोग्य हो गया।
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

88. **राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 के अंतर्गत किसी भी रेलवे लाइन के आर-पार क़ोई पाइप या नाली ले जानें या जल आपूर्ति से संबंधित कार्य किए जाने के लिए रेलवे प्रशासन को सूचित किए जाने का प्रावधान है -**
(a) धारा 217 में (b) धारा 219 में
(c) धारा 220. में (d) धारा 221 में
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

89. **राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 के अध्याय XIII के अन्तर्गत लोक उपताप के लिए अभियोजन का निदेश कौन दे सकेगा?**
(a) मुख्य नगरपालिक अधिकारी (b) नगर पार्षद
(c) जिला कलेक्टर (d) अध्यक्ष
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

90. **नगरपालिका के अध्यक्ष ने तृतीय बच्चे के जन्म के तथ्य की सूचना दिये बिना, साधारण सभा की अध्यक्षता की।**
**बैठक की कार्यवाही मानी जायेगी -**
(a) अनियमित (b) धारा 62(1) के अन्तर्गत संरक्षित
(c) दूषित (d) वैधानिक
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

91. **राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 के प्रावधानों के अन्तर्गत किसी नगरपालिका में वार्डों की न्यूनतम संख्या है -**
(a) 11 (b) 15
(c) 13 (d) 10
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

92. **सम्पत्ति के विरूपण का अपराध ............ है।**
(a) अजमानतीय (b) संज्ञेय एवं जमानतीय
(c) अजमानतीय तथा संज्ञेय (d) असंज्ञेय
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

93. **राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 के अंतर्गत यदि एक नगरपालिका आवासन परियोजना के लिए भूमि विक्रय करती है, तो उसे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग व निम्न आय समूह के लोगों को रियायती दरों पर, अनिवार्य रूप से, कम से कम कितने प्रतिशत भूखंड आवंटित करने होंगे?**
(a) भूखण्डों का दस प्रतिशत (b) भूखण्डों का चालीस प्रतिशत
(c) भूखण्डों का बीस प्रतिशत (d) भूखण्डों का तीस प्रतिशत
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

94. **राजस्थान नगरपालिका (सामग्री का क्रय. और अनुबंध) नियम, 1974 के अंतर्गत क्रय अधिकारी प्रदाय को स्वीकार या अस्वीकार करने के बारे में अपना निर्णय प्रदाय की प्राप्ति के ....... भीतर करेगा।**
(a) चार सप्ताह के (b) तीन सप्ताह के
(c) दो सप्ताह के (d) एक सप्ताह के
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

95. **राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 के अन्तर्गत मुख्य नगरपालिक अधिकारी प्रत्येक वर्ष में आगामी वित्तीय वर्ष के बजट प्राक्कलन और साथ ही नगरपालिका की स्थापन अनुसूची तैयार करेगा -P**
(a) पन्द्रह फरवरी से पूर्व (b) अठाईस फरवरी से पूर्व
(c) इकतीस जनवरी से' पूर्व (d) पन्द्रह जनवरी से पूर्व
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

96. **राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 के अंतर्गत कतिपय पशुओं या पक्षियों का अभिग्रहण किए जाने के पश्चात् ऐसे पशु या पक्षी का दावा करने वाला व्यक्ति नगरपालिका द्वारा उपगत व्यय का भुगतान कर ऐसे पशु या पक्षियों को छुड़ा सकेगा -**
(a) चौदह दिवस के भीतर
(b) तीस दिवस के भीतर
(c) सात दिवस के भीतर
(d) दस दिवस के भीतर
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

97. **राजस्थान नगरपालिका (समितियों की शक्तियाँ, कर्त्तव्य और कृत्य) नियम, 2009, के नियम में निरसन और व्यावृत्ति का प्रावधान है**
(a) नियम 5 में (b) नियम 8 में
(c) नियम 7 में (d) नियम 6 में
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**98. राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 के अन्तर्गत किसी नगरपालिका का परिसीमन निर्धारित करने का अधिकार निहित है-**
(a) जिला कलेक्टर में (b) राज्य सरकार में
(c) केन्द्र सरकार में (d) जिला परिषद में
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**99. राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 के अन्तर्गत कोई सदस्य लिखित नोटिस द्वारा अपनी सदस्यता से त्यागपत्र दे सकेगा -**
(a) अध्यक्ष को (b) आयुक्त को
(c) उपाध्यक्ष को (d) जिला कलेक्टर को
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**100. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए -**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (A) अनुसूची प्रथम | (i) धारा 117 |
| (B) अनुसूची द्वितीय | (ii) धारा 133(4) |
| (C) अनुसूची चतुर्थ | (iii) धारा 108 (ख) |
| (D) अनुसूची षष्ठम् | (iv) धारा 130 |

**कूट -**
(a) (A)-(i), (B) - (iii), (C) - (ii), (D) - (iv)
(b) (A)-(iii), (B) - (i), (C) – (iv), (D) - (ii)
(c) (A)-(iv), (B) - (ii), (C) - (iii), (D) - (i)
(d) (A)-(ii), (B) - (iv), (C) - (i), (D) - (iii)
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**101. राज़स्थांन नगरपालिका अधिनियम, 2009 के अंतर्गत सार्वजनिक मार्ग की नियमित लाइन के संबंध में नगरपालिका द्वारा पारित आदेश से व्यथित व्यक्ति अपील कर सकेगा -**
(a) निदेशक, स्थानीय निकाय को (b) जिला न्यायाधीश को
(c) संभागीय आयुक्त को (d) कलेक्टर को
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**102. राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 के अन्तर्गत नगरपालिका 'द्वारा पट्टे का प्रतिसंहरण और पट्टा विलेख कां रद्दकरणं करने से पूर्व पट्टांधारी को कारण बताओ नोटिस दिया जाएगा जिसकी अवधि -**
(a) इक्कीस दिन से कम न हो (b) तीस दिन से कम न हो
(c) पंद्रह दिन से कम न हो (d) सात दिन से कम न हो
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**103. राजस्थान नगरपालिका (सामग्री का क्रय और अनुबंध) नियम, 1974 के अंतर्गत असफल निविदात्ताओं के अग्रिम रकम का प्रतिदाय निविदाओं के अंतिम निपटारे के .......... भीतर किया जाएगा।**
(a) बीस दिवस (b) सात दिवस
(c) दस दिवस (d) चौदह दिवस
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**104. राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 के अन्तर्गत राज्य वित्त आयोग नगरपालिकाओं की वित्तीय, स्थिति का पुनर्विलोकन करेगा और सिफारिश करेगा -**
(a) राज्यपाल को
(b) केन्द्रीय वित्त' आयोग को
(c) 'राज्य संरकार को
(d) राज्य, के वित्त मंत्री को
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**105. राजस्थानं नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 174 की उपधारा (2) के अधीन, परियोजना या स्कीम बनाने की घोषणा के प्रकाशन की तारीख से कितने समय में नगरपालिका, प्रारूप के रूप में ऐसी परियोजना या स्कीम तैयार करेगी?**
(a) तीन वर्ष के अपश्चात् (b) दो वर्ष के अपश्चात्
(c) एक वर्ष के अपश्चात् (d) चार वर्ष के अपश्चात्
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**106. नगरपालिका बोर्ड की कार्यपालक समिति का सचिव * किसे नियुक्त किया जावेगा?**
(a) विपक्ष के नेता को (b) मुख्य नगरपालिक अधिकारी को
(c) बोर्ड के उपाध्यक्ष को (d) वरिष्ठतम बोर्ड सदस्य को
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**107. राजस्थान नगरपालिका (कार्य संचालन) नियम, 2009 के अंतर्गत नगरपालिका के एक तिहाई से अन्यून सदस्यों द्वारा लिखित अनुरोध प्राप्त होने की तारीख से अध्यक्ष को विशेष बैठक बुलानी होगी -**
(a) बीस दिनों के भीतर (b) चौदह दिनों के भीतर
(c) दस दिनों के भीतर (d) सात दिनों के भीतर
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**108. राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 के अन्तर्गत सम्पत्ति की कुर्की, विक्रय हेतु जारी किए जाने वाले वारन्ट पर हस्ताक्षर किए जाएंगे -**
(a) सिविल न्यायाधीश द्वारा
(b) उपनिदेशक, स्थानीय निकाय द्वारा
(c) मुख्य नगरपालिक अधिकारी द्वारा
(d) निदेशक, स्थानीय निकाय द्वारा
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**109. राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 245 की उपधारा (7) या उपधारा (9) के अधीन पारित आदेश की अपील की जायेगी -**
(a) संबंधित कलेक्टर को (b) संबंधित संभागीय आयुक्त को
(c) निदेशक, स्थानीय निकाय को (d) संबंधित जिला न्यायाधीश को
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**110. राजस्थान नगरपालिका (समितियों की शक्तियाँ, कर्त्तव्य और कृत्य) नियम, 2009 के अंतर्गत नगरपालिका की समितियों का गठन किया जाता है -**
(a) साधारण सामान्य बैठक में
(b) असाधारण वार्षिक सामान्य बैठक में (c) सामान्य बैठक में
(d) विशेष सामान्य बैठक में (e) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**111. राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और सहीं विकल्प चुनें -**
**कथन (A) -स्वर्ण जयंती शहरी रोजगार योजना (SJSRY) को दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविकां -मिशन (DAY-NULM) के रूप में पुनर्निर्मित किया गया।**
**कथन (B) - इस मिशन को शहरों के विकास हेतु स्वच्छ व सुस्थिर पर्यावरण देने के उद्देश्य. से शुरू किया गया।**
(a) (A) व (B) दोनों कथन असत्य हैं
(b) कथन (A) सत्य है लेकिन कथन (B) असत्य है
(c) कथन (A) असत्य है और कथन (B) सत्य है
(d) दोनों कथन (A) और (B) सत्य हैं
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**112. अमृत 2.0 योजना के तहत, एक लाख से अधिक किन्तु 10 लाख से कम जनसंख्या वाले शहरों में केन्द्र सरकार। का हिस्सा कितना है?**

(a) 33.33% (b) 50%
(c) 25% (d) 66.67%
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**113. स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के अन्तर्गत निम्नलिखित में से. शहर की स्वच्छता व्यवस्था के लिए 'कौनसे प्राथमिक प्राचल है?**

**(A) सौन्दर्गीकरण**
**(B) अपशिष्ट निस्तारण की पद्धति**
**(C) शौचालयों की व्यवस्था**
**(D) नागरिकों के मध्य स्वच्छता के लिए जागरुकता**

(a) केवल A, B तथा C (b) सभी चार A, B, C तथा D
(c) केवल A तथा B (d) केवल C तथा D
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**114. राजस्थान में हृदय (HRIDAY) योजना के अन्तर्गत विकास के लिए कितने शहर या शहरों की पहचान की गई थी?**

(a) 1 (b) 4
(c) 12 (d) 13
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**115. प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के तहत राजस्थान में लाभार्थी आधारित निर्माण (बी.एल.सी.) श्रेणी में केंद्र सरकार द्वारा दी जाने वाली सहायता सशि है -**

(a) 1.0 लाख ₹ प्रति आवास (b) 1.5 लाख ₹ प्रति आवास
(c) 2.5 लाख र प्रति आवास (d) 2.25 लाख र प्रति आवास
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**116. राजस्थान में अमृत 2.0 योजना के तहत सभी शहरी निकायों में जल आपूर्ति योजनाओं के द्वारा पेयजल उपलब्ध कराने का निम्नलिखित में से क्या लक्ष्य है?**

(a) वर्ष 2027-2028 तक सभी घरों में पेयजल उपलब्ध कराना।
(b) वर्ष 2026-2027 तक सभी घरों में पेयजल उपलब्ध कराना।
(c) वर्ष 2028-2029 तक सभी घरों में पेयजल उपलब्ध कराना।
(d) वर्ष 2025-2026 तक सभी घरों में पेयजल उपलब्ध कराना।
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**117. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर का चुनाव कीजिए**

| सूची-I योजना का नाम | सूची-II प्रारम्भ करने की दिनांक |
|---|---|
| (A) स्वच्छ भारत मिशन-शहरी | (i) 25 जून 2015 |
| (B) हृदय योजना | (ii) 23 सितम्बर 2013 |
| (C) राष्ट्रीय शहरीं आजीविका मिशन | (iii) 21 जनवरी 2015 |
| (D) प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी | (iv) 2 अक्टूबर 2014 |

**कूट-**

(a) (A)-(iv), (B)-(iii), (C)-(ii), (D)-(i)
(b) (A)-(ii), (B)-(iii), (C)-(iv), (D)-(i)
(c) (A)-(i), (B)-(iv), (C)-(iii), (D)-(ii)
(d) (A)-(iii), (B)-(ii), (C)-(i), (D)-(iv)
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**118. थीम क्षेत्रों की एक सूची नीचे दी गई है-**

**(A) भौतिक अवसंरचना**
**(B) संस्थागत अवसंरचना**
**(C) आर्थिक बुनियादी ढांचा**
**(D) सामाजिक बुनियादी ढांचा**

**हृदय (HRIDAY) योजना <u>मोटे तौर पर</u> उपरोक्त में से किन थीम क्षेत्रों पर केन्द्रित है?**

(a) केवल (B), (C) और (D)
(b) केवल (A), (C) और (D)
(c) सभी चार (A), (B), (C) और (D)
(d) केवल (A), (B) और (C)
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**119. राजस्थान में दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) गरीब शहरी महिलाओं को आत्मनिर्भरता प्राप्त करने में किस प्रकार सहायता करती है?**

(a) निःशुल्क भूमि प्रदान करके
(b) ब्याज मुक्त ऋण प्रदान करके
(c) स्वयं सहायता समूह बनाने और क्रेडिट तक पहुँच को आसान बनाकर
(d) रोजगार में आरक्षण प्रदान करके
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**120. स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के 9वें संस्करण के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए -**

**(A) एक विशेष श्रेणी स्वच्छं लीग को प्रारम्भ किया गया है।**
**(B) शहरों को अत्यन्त लघु, लघु, मध्यम, वृहद तथा मिलियन प्लस श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है।**
**(C) स्वच्छंतम शहरों के मध्य प्रतिस्पर्द्धा की एक नयी अवधारणा शुरू की गई है।**

**'उपरोक्त दिए गए कथनों में से कौनसे सत्य हैं?**

(a) (A) तथा (C) (b) (B) तथा (C)
(c) (A) तथा (B) (d) (A), (B) तथा (C)
(e) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

♦♦♦♦

तैयारी मज़बूत करनी है तो शुरुआत अभी से करनी होगी।


विज्ञापन

लक्ष्य क्लासेज उदयपुर

COURSE

# EO & RO

**REVENUE OFFICER AND EO STANDS FOR EXECUTIVE OFFICER**




- ✔ High Quality Video
- ✔ Practice MCQ
- ✔ Topic Wise Test Series
- ✔ Previous Year Paper
- ✔ Smart Panel PDF
- ✔ Model Paper

**LIVE FROM CLASSROOM AND RECORDED BATCH**

**OFFLINE नए बैच प्रारंभ**

Scan to Download Lakshya App Now

GET IT ON Google play

व्याख्यात्मक हल
**लक्ष्य क्लासेज़, उदयपुर**
के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध

MRP : ₹ 480

## राजस्थान की अनुभवी टीम, अब एक ही प्लेटफार्म पर

- Irfan Mansuri Sir (RAS) – Economic Survey
- Dr. Manish Shrimali Sir – Indian History
- Dr. Naveen Sir – INDIAN POLITY
- Dr. Dharmendra Sir – WORLD GEOGRAPHY
- S.K. Sir – Rajasthan Geography
- Anil Sir – Math And Reasoning
- Manoj Kothari Sir – ART & CULTURE
- Rakesh Sir – ECONOMICS
- Ratan Sir – RAJASTHAN HISTORY
- Nagvendra Sir – RAJASTHAN POLITY
- Dr. Naresh Sir – Science
- Rahul Sir – Science

S.No.AP0145 CODE : APDO(35) NRT

सफलता के पथ पर सबसे तेज उभरता हुआ संस्थान

**लक्ष्य क्लासेज** TM

M. 7850960198
Plot No 1104, Shiksha Mandir, Sec 4, Circle, Main Road, Udaipur